✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

✷ पटना संस्करण

अपना प्रदेश, अपनी बात

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 36 ✷ अंक : 235 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, बुधवार, 21 जनवरी 2026 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com




गोपालगंज में समृद्धि यात्रा के क्रम में विभागीय योजनाओं के स्टॉल का निरीक्षण करते सीएम नीतीश कुमार

# मैं कार्यकर्ता, नितिन नबीन मेरे बॉस : प्रधानमंत्री

## लोगों की भावनाओं से जुड़ने वाला ही बन सकता है बड़ा : नितिन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नयी दिल्ली।** भाजपा नेता नेता नितिन नबीन को पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष बना दिया गया है। भाजपा मुख्यालय के मंच से पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के तौर पर नितिन नवीन के नाम का आधिकारिक एलान किया गया। नितिन नवीन के नाम का एलान पीएम मोदी की मौजूदगी में किया गया। पीएम मोदी ने नितिन नवीन को भाजपा अध्यक्ष के तौर पर पदभार संभालने के लिए शुभकामनाएं दी और उन्हें पुष्पमाला पहनाई। इस मौके पर पूर्व भाजपा अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह आदि मौजूद रहे। पीएम समेत तमाम वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी में नितिन नवीन ने अपना पदभार संभाल लिया है। भाजपा मुख्यालय में नितिन नवीन की ताजपोशी देखने को मिली। नितिन नवीन के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने के मौके पर पीएम नरेंद्र मोदी ने उन्हें बधाई दी और दिल्ली स्थित पार्टी मुख्यालय में सभी को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि इस नए दौर की शुरुआत में नितिन नवीन भाजपा की विरासत को आगे बढ़ाएंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा प्रक्रिया से चलती है। उन्होंने कहा कि आज से नितिन नवीन ही हमारे अध्यक्ष हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि हमारे यहां मेंबरशिप से ज्यादा रिलेशनशिप चलती है। उन्होंने कहा कि हम पश्चिम बंगाल और तेलंगाना जैसे राज्यों में भी बड़ी आवाज बनकर उभरे हैं। उन्होंनेकहा कि हमारे लिए हमेशा सेवा ही सर्वोपरि है, सत्ता तो उसके लिए एक माध्यम ही है। इसीलिए हमारा स्ट्राइक रेट बहुत अधिक है। पीएम मोदी ने कहा कि अब तो हम नगर निगम में भी पहली पसंद हैं। भाजपा महाराष्ट्र के स्थानीय निकायों में सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है। प्रधानमंत्री मोदी ने पार्टी के सभी नेताओं को संदेश देते हुए कहा कि आज से नितिन नवीन मेरे बॉस हैं। इस तरह उन्होंने पूरी भाजपा को संदेश दे दिया कि नितिन नवीन ही पार्टी के नए मुखिया हैं और इसके नाते हर नेता को उन्हें सम्मान देना ही होगा। उन्होंने कहा कि नए नेताओं के लिए भाजपा एक मंच है। हमारे अध्यक्ष सबसे युवा हैं और



ऊर्ज़ा से भरे हुए हैं। उन्होंने कहा कि मैं आज कल के युवाओं की भाषा में बात करूं तो नितिन जी खुद भी एक तरह से मिलेनियल हैं। वह उस पीढ़ी से हैं, जिसने भारत में बड़े आर्थिक, सामाजिक और तकनीकी बदलाव होते देखे हैं। भाजपा के नवनिर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने भारत माता की जय के साथ अपने संबोधन की शुरुआत की। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ भाजपा के सभी पूर्व अध्यक्षों का अभिनंदन किया। उन्होंने कहा कि भाजपा के विस्तार में योगदान देने वाले हमारे शीर्ष नेतृत्व ने मुझ जैसे साधारण कार्यकर्ता को पार्टी के सर्वोच्च पद तक पहुंचाने का अवसर दिया है, इसके लिए मैं आप सभी को प्रणाम करता हूं। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता आधारित राजनीति भाजपा की सोच है। भाजपा की सोच सर्वव्यापी और सर्वग्राही है। पार्टी के नवनिर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने अपने पहले संबोधन में साफ कर दिया कि भाजपा की ताकत उसका कार्यकर्ता है और आगे की राजनीति भी इसी आधार पर चलेगी। एक सामान्य कार्यकर्ता को इतनी बड़ी जिम्मेदारी सौंपना भाजपा की कार्यकर्ता-आधारित राजनीति का प्रमाण है। नितिन नवीन ने कहा कि हमने कार्यकर्ता के तौर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के देशसेवा के काम करते हुए देखा। उन्होंने कहा कि आपको देख कर ही सीखा है कि जो व्यक्ति खुद को लोगों की भावनाओं से जुड़ने वाला बना सकता है, वही बड़ा शख्स बनता है। उन्होंने पीएम मोदी के साथ एक कार्यक्रम में बातचीत का जिक्र करते हुए कहा कि मुझे याद है कि जब मैंने पहली बार गुजरात के आनंद में आपके साथ एक कार्यक्रम में भाग लिया था। उस वक्त मैं राष्ट्रीय महासचिव था और मैंने सद्भावना मिशन कार्यक्रम के दौरान आपको प्रत्येक व्यक्ति की बात ध्यान से सुनते हुए देखा था। कार्यक्रम खत्म होने के बाद, जब आपने अपने ग्रीन रूम में हमसे बात की तो आपने बड़ी भावुकता से समझाया कि गुजरात से इतने सारे लोग क्यों आए थे। उस दिन मुझे समझ आया कि एक व्यक्ति तभी महान बनता है, जब वह जनता की भावनाओं से जुड़ता है। उन्होंने कहा कि हम राष्ट्र प्रथम के नारे से आगे चलते हैं। हम ऐसे राजनीतिक दल से जुड़े हैं, जहां राजनीति सत्ता नहीं, साधना है। राजनीति भोग नहीं, त्याग है। राजनीति ऐशो-आराम नहीं, तपस्या है। राजनीति कोई पदभार नहीं, उत्तरदायित्व है। भाजपा अगर आज विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बनी है तो प्रेरणादायी नेतृत्व, विचारधारा और कार्यकर्ता हैं। इसके पूर्व भाजपा के नवनिर्वाचित अध्यक्ष नितिन नबीन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का स्वागत किया।

## संक्षिप्त समाचार

### बजट सत्र को लेकर सर्वदलीय बैठक 29 को

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** विधानमंडल के बजट सत्र को लेकर बिहार विधान परिषद ने 29 जनवरी को सर्वदलीय बैठक बुलाई है। इस बैठक में सत्र के सुगम एवं सफल संचालन के संबंध में विचार-विमर्श होगा। बैठक का आयोजन 29 जनवरी को विधान परिषद के मुख्य भवन स्थित कार्यालय में दोपहर तीन बजे से किया जाएगा।

### मरीज देखकर लौट रहे डॉक्टर की हत्या

**समस्तीपुर(नबिटा ब्यूरो)।** जिले में सोमवार देर रात अपराधियों ने एक ग्रामीण डॉक्टर की गोली मारकर हत्या कर दी। सिर में करीब से तीन गोलियां मारी गईं जिससे घटनास्थल पर ही उनकी मौत हो गई। वारदात बिथान थाना क्षेत्र के सोहमा गांव की है, जहां से पुलिस ने सात खोखा भी बरामद किए हैं। मृतक की पहचान 40 वर्षीय ललित कुमार साहू के रूप में हुई है। वे गांव-गांव जाकर मरीजों का इलाज करते थे और रोज की तरह काम निपटाकर घर लौट रहे थे। इसी दौरान पहले से घात लगाए अपराधियों ने उन्हें घेर लिया और नजदीक से सिर में गोली मार दी।

### सीयूईटी पीजी आवेदन के लिए अब 23 तक मौका

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट (सीयूईटी) पीजी 2026 के लिए आवेदन करने वाले छात्रों को राहत मिली है। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ाकर 23 जनवरी 2026 तक कर दी है। इससे पहले आवेदन की अंतिम तिथि 20 जनवरी थी, जिसे बढ़ाकर 23 जनवरी तक कर दिया गया है। फीस जमा करने की अंतिम तिथि 25 जनवरी निर्धारित की गयी है। उम्मीदवारों को 28 से 30 जनवरी तक फॉर्म में सुधार का समय दिया गया है। अभ्यर्थी सीयूइटी पीजी 2026 के लिए वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

### राज्यस्तरीय विज्ञान दिवस 28 फरवरी को

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** राज्य शिक्षा शोध एवं प्रशिक्षण परिषद (एससीईआरटी), श्रीकृष्ण विज्ञान केंद्र और साइंस फॉर सोसाइटी, बिहार के सहयोग से राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर राज्य स्तरीय विज्ञान दिवस 2025-26 का आयोजन होगा। कार्यक्रम 28 फरवरी को श्रीकृष्ण विज्ञान केंद्र, पटना में डॉ. सीवी रमन की रमन प्रभाव की खोज की याद में होगा। इसमें बच्चे पर्यावरण संरक्षण पर निबंध और वक्तृत्व प्रतियोगिता के माध्यम से विचार रखेंगे। कार्यक्रम मानवीय गतिविधियों का हमारे पर्यावरण पर प्रभाव विषय पर आधारित होगा।

### स्कूल वैन से गिरकर बच्चे की मौत

**दरभंगा (नबिटा ब्यूरो)।** सदर थाना क्षेत्र के लोआम गांव स्कूल की वैन से गिरकर तीसरी कक्षा के छात्र मो समर की मौत हो गई। घटना के बाद इलाके में आक्रोश फैल गया। ग्रामीणों ने स्कूल प्रबंधन पर घोर लापरवाही का आरोप लगाया और जमकर हंगामा किया।

# 31 जनवरी तक हर हाल में हो जाएगा जमीन से जुड़ा काम : नीतीश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बड़ी घोषणा की है। उन्होंने समृद्धि यात्रा पर गोपालगंज रवाना होने से पहले जमीन विवाद के मामले को कम करने की दिशा में बड़ा फैसला लिया है। सीएम नीतीश कुमार ने सोशल मीडिया पर लिखा है कि 20 नवंबर 2025 को राज्य में नई सरकार के गठन के कुछ ही दिनों बाद हमलोगों ने बिहार को देश के सर्वाधिक विकसित राज्यों की श्रेणी में शामिल करने हेतु सात निश्चय-3 के कार्यक्रमों को लागू किया है। सात निश्चय-3 (2025-30) के सातवें निश्चय 'सबका सम्मान-जीवन आसान' का मुख्य मकसद राज्य के सभी नागरिकों के दैनिक जीवन में आने वाली कठिनाइयों को कम कर उनके जीवन को और भी आसान बनाना है।



इसे लेकर हमलोग लगातार महत्वपूर्ण निर्णय ले रहे हैं। सीएम नीतीश कुमार ने कहा कि कई बार ऐसा देखा गया है कि राज्य में जमीन मापी कराने के इच्छुक लोगों द्वारा आवेदन देने के पश्चात जमीन मापी की प्रक्रिया संपन्न होने में काफी वक्त लग जाता है। इस कारण लोगों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। जमीन की समय पर मापी नहीं होने के कारण अनावश्यक भूमि विवाद उत्पन्न होते हैं। ऐसे में 'सबका सम्मान-जीवन आसान' के लक्ष्य को प्राप्त करने हेतु भूमि मापी की प्रक्रिया को अधिक सरल, पारदर्शी, समयबद्ध एवं नागरिक अनुकूल बनाने के लिए कई निर्णय लिए गए हैं। लिए गये निर्णय के अनुसार 31 जनवरी 2026 तक जमीन मापी के लिए लंबित आवेदनों का निपटारा विशेष भूमि मापी अभियान चलाकर कर दिया जाएगा। एक अप्रैल 2026 से अविवादित जमीन की मापी के लिए आवेदक द्वारा मापी शुल्क जमा किए जाने के अधिकतम 7 कार्य दिवस में जमीन की मापी सुनिश्चित की जाएगी तथा विवादित जमीन की मापी के लिए आवेदक द्वारा मापी शुल्क जमा किए जाने के अधिकतम 11 कार्य दिवस में जमीन की मापी सुनिश्चित की जाएगी। अविवादित तथा विवादित जमीन की निर्धारित कार्य दिवस में मापी की प्रक्रिया पूर्ण कर अमीन द्वारा मापी का प्रतिवेदन मापी के पश्चात आवेदक के आवेदन की तिथि के 14वें दिन निर्धारित पोर्टल पर अपलोड करना अनिवार्य होगा। निर्धारित समय सीमा के अंदर जमीन मापी सुनिश्चित करने के लिए राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग द्वारा आवश्यक कर्मचारियों एवं संसाधनों की व्यवस्था के साथ-साथ पूरी प्रक्रिया के गहन पर्यवेक्षण की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने विश्वास जताया कि जमीन मापी प्रक्रिया को सरल बनाने से संबंधित यह पहल समस्त प्रदेशवासियों के लिए काफी उपयोगी साबित होगी और उनका दैनिक जीवन और भी आसान हो सकेगा।

# दो सगे भाइयों की चाकूबाजी में मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मुंगेर।** जिले के टेटिया बंबर थाना क्षेत्र के खपरा गांव में भूमि विवाद ने भयावह रूप ले लिया। इसमें दो सगे भाइयों शैलेश कुमार और मुकेश कुमार की जान चली गई। विवाद रास्ते के लिए जमीन छोड़ने को लेकर लंबे समय से चल रहा था, जो मंगलवार को चाकूबाजी में बदल गया। घटना में छोटे भाई शैलेश कुमार की मौके पर ही मौत हो गई जबकि बड़े भाई मुकेश कुमार अस्पताल जाने के क्रम में रास्ते में दम तोड़ दिया। दोहरे हत्याकांड से गांव में सनसनी फैल गई है और दोनों परिवार वालों का रो-रोकर बुरा हाल है। सूचना मिलते ही खड़गपुर एसडीपीओ अनिल कुमार मौके पर पहुंचे। एफएसएल टीम ने घटनास्थल पर पहुंचकर साक्ष्य एकत्र किए और पुलिस ने इलाके को घेर लिया। खपरा गांव में चार भाइयों में शैलेश सबसे छोटे और मुकेश सबसे बड़े थे। बताया गया कि चारों भाइयों के बीच कई वर्ष पहले बंटवारा हो चुका था लेकिन शैलेश और मुकेश के बीच रास्ते के लिए भूमि छोड़ने को लेकर लगातार विवाद चल रहा था। मंगलवार को भी इसी बात को लेकर दोनों के बीच तीखी बहस हुई, जो देखते ही देखते हिंसक झड़प में बदल गई। आरोप है कि दोनों ने एक-दूसरे पर चाकू से हमला किया। शैलेश के पेट और चेहरे पर कई वार किए गए, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। गंभीर रूप से घायल मुकेश को परिजन संग्रामपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे मुंगेर सदर अस्पताल रेफर किया गया लेकिन रास्ते में ही उसने भी दम तोड़ दिया। एसडीपीओ ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है और स्वजन के बयान के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। इस दर्दनाक घटना के बाद खपरा गांव में शोक और दहशत का माहौल है।

# सड़क परियोजनाओं को समय पर करें पूरा : सचिव

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** पथ निर्माण विभाग के सचिव पंकज कुमार पाल ने मंगलवार को विभागीय परियोजनाओं की प्रगति को लेकर अभियंताओं समेत पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। इस दौरान उन्होंने कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं के क्रियान्वयन, उनकी प्रगति और इनमें आ रही अड़चनों को लेकर अधिकारियों से जानकारी ली। उन्होंने अधिकारी और अभियंताओं को निर्देशित किया कि सभी कार्य निर्धारित समय के भीतर गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूर्ण करें। विभागीय सचिव ने एनएच-19 के छपरा सेक्शन पथ का चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण को लेकर अभियताओं से जानकारी ली। उन्होंने सड़क की मार्किंग, लंबाई, निर्माण की गति पर विस्तृत ब्योरा लिया। साथ ही एकमा-मशरक, खैरा-बिन टोलिया, एकमा-डुमाईगढ़ पथ का चौड़ीकरण, सोनपुर डिवीजन के गरखा बाइपास, सुतीहार-कटसा रोड, मानपुर-गरखा आदि सड़कों के निर्माण कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि छपरा में विभाग की परियोजनाओं और उसकी प्रगति को लेकर अभियंता जल्द से जल्द जानकारी दें। मुख्यमंत्री की प्रगति यात्रा के दौरान घोषणा की गई चार प्रमुख महत्वपूर्ण परियोजनाओं के क्रियान्वयन की वस्तुस्थिति से भी रू-ब-रू हुए। सुपौल में बनने वाली सड़क की टेंडर प्रक्रिया की भी जानकारी ली।

## कैथी लिपि विशेषज्ञों का पैनल तैयार कर रहा राजस्व विभाग

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि राज्य के बड़ी संख्या में रैयतों के भूमि संबंधी पुराने दस्तावेज कैथी लिपि में है। इस कारण उन्हें परेशानी हो रही है। रैयतों की इस समस्या के समाधान के लिए राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग कैथी लिपि विशेषज्ञों का पैनल तैयार कर रहा है। इन विशेषज्ञों को प्रशिक्षण देकर कम दर पर अनुवाद की सुविधा दी जाएगी। इससे आम जनता को राहत मिलेगी और भूमि सर्वेक्षण सहित राजस्व सेसंबंधित अन्य कार्यअधिक सरल, पारदर्शी और समयबद्ध हो सकेगा। कैथी लिपि विशेषज्ञों के लिए पांच दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरुआत मंगलवार को पटना के शास्त्रीनगर स्थित राजस्व (सर्वे) प्रशिक्षण संस्थान में हुई।

# सीएम नीतीश ने दी 325 करोड़ की विकास योजनाओं की सौगात

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गोपालगंज।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार अपनी प्रदेशव्यापी 'समृद्धि यात्रा' के तहत मंगलवार को गोपालगंज पहुंचे। इस दौरान उन्होंने जनसभा को संबोधित किया और जिले में चल रहे तथा प्रस्तावित विकास कार्यों को लेकर सरकार की प्राथमिकताओं को जनता के सामने रखा। मुख्यमंत्री ने गोपालगंज जिले के लिए कुल 325 करोड़ रुपये की विभिन्न विकास योजनाओं का रिमोट दबाकर उद्घाटन और शिलान्यास किया। इन योजनाओं में ग्रामीण क्षेत्रों को मुख्य सड़कों से जोड़ने के लिए नए पथों का निर्माण, प्रखंड स्तर पर नए अस्पताल भवनों का




निर्माण, स्कूलों के अपग्रेडेशन की परियोजनाएं और किसानों की सुविधा के लिए जल संचयन व नहरों के सुदृढ़ीकरण से जुड़ी योजनाएं शामिल हैं। अपने संबोधन में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि समृद्धि यात्रा का मुख्य उद्देश्य विकास कार्यों की धरातल पर स्थिति की समीक्षा करना और जनता की समस्याओं को सीधे सुनना है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि जो योजनाएं लंबित हैं, उन्हें तय समय सीमा के भीतर पूरा किया जाए ताकि आम लोगों को समय पर उनका लाभ मिल सके। मुख्यमंत्री के दौरे को लेकर प्रशासन ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए थे। कार्यक्रम के दौरान 2000 से अधिक पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई थी। सभा स्थल, हेलीपैड और मुख्य मार्गों पर बिहार पुलिस के साथ विशेष सुरक्षा दल मौजूद रहे। पूरे इलाके में निगरानी के लिए आधुनिक तकनीक और कैमरों का भी इस्तेमाल किया गया। जनसभा के दौरान मुख्यमंत्री ने राज्य सरकार द्वारा किए गए विकास कार्यों और योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि सरकार का लक्ष्य सभी जिलों में समान रूप से विकास पहुंचाना है। उन्होंने जनता से फीडबैक लेकर आगे की योजनाओं को और प्रभावी बनाने की बात भी कही।


बिहार सरकार

बिहार सरकार
परिवहन विभाग
हर सफर का हमसफर

मोबाइल से दूरी, सुरक्षा है जरुरी

वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग न करें।

वाहन चलाते समय मोबाइल फोन पर बात करना, मैसेज करना या किसी भी प्रकार से उपयोग करना दंडनीय अपराध है।

इसे खतरनाक ड्राइविंग की श्रेणी में माना गया है क्योंकि इससे चालक का ध्यान भटकता है और दुर्घटना की आशंका बढ़ती है।

जुर्माना

सड़क सुरक्षा माह 2026

पहली बार उल्लंघन पर 1,000 रुपये।

पुनरावृति (दोबारा) पर 10,000 रुपये।

PR No.- 022297 (Transport)D. 2025-26




BiharTransportDept बिहार सड़क सुरक्षा परिषद

# नितिन नवीन का नेतृत्व संगठन के स्वर्णिम अध्याय की शुरुआत : संजय सरावगी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** भाजपा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नवीन के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने पर बिहार भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। दिल्ली में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने राष्ट्रीय अध्यक्ष का पदभार ग्रहण करने के बाद उन्हें सम्मान स्वरूप बिहार की पहचान मखाने का माला पहनाकर उनका अभिनंदन किया। इस दौरान सम्मान स्वरूप प्रदेश अध्यक्ष ने उन्हें राम दरबार की आकृति वाला मोमेंटों भी भेंट किया। बिहार भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सरावगी ने पार्टी के नवनिर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन का विधिवत रूप से पदभार ग्रहण करने को एक ऐतिहासिक क्षण बताते हुए कहा कि यह पल केवल संगठन के लिए ही नहीं, बल्कि समूचे बिहार और देशभर के करोड़ों कार्यकर्ताओं के लिए गर्व, उत्साह और प्रेरणा से परिपूर्ण है। उन्होंने कहा कि यह दायित्व करोड़ों कार्यकर्ताओं की आशाओं, अपेक्षाओं और संकल्पों का सशक्त प्रतीक है। उन्होंने कहा दूरदर्शी सोच, सुदृढ़ संगठन क्षमता और समर्पित नेतृत्व में नितिन नवीन के नेतृत्व में संगठन निश्चित ही सेवा, समर्पण और सशक्तिकरण की नई ऊंचाइयों को स्पर्श करेगा। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने पटना के बांकीपुर के विधायक नितिन नवीन के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने पर विश्वास के साथ कहा कि उनका युवा नेतृत्व, विनम्र मिलनसार स्वभाव, उनकी सकारात्मक ऊर्जा, अनुभव, प्रभावी प्रशासनिक क्षमता, स्वच्छ छवि और कार्यकर्ताओं के प्रति उनका पारिवारिक व्यवहार पार्टी को सदैव मजबूत करेगा। उन्होंने कहा कि उनका नेतृत्व संगठन को नई ऊर्जा और नया विस्तार देगा।

# भारत के सुपर फाउंडर्स में फीचर हुआ बिहार का स्टार्टअप डिजिटल लेबर चौक

## 1.65 करोड़ की फंडिंग प्राप्त

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार के स्टार्टअप डिजिटल लेबर चौक को राष्ट्रीय उद्यमिता आधारित टेलीविजन कार्यक्रम भारत के सुपर फाउंडर्स में फीचर किया गया है। इस कार्यक्रम का प्रसारण अमेजन एमएक्स प्लेयर पर किया जा रहा है। यह पहचान दैनिक मजदूरी करने वाले श्रमिकों को तकनीक के माध्यम से सशक्त बनाने और विशेष रूप से निर्माण क्षेत्र में भारत की असंगठित श्रम व्यवस्था को मजबूत करने के लिए किए जा रहे नवाचारी प्रयासों के लिए मिली है। कार्यक्रम के दौरान डिजिटल लेबर चौक को कुल 1.65 करोड़ रुपये की फंडिंग प्रतिबद्धता प्राप्त हुई है। इसमें 65 लाख रुपये की इक्विटी और 1 करोड़ रुपये का अनुदान शामिल है। यह निवेश असंगठित श्रम बाजार को औपचारिक स्वरूप देने और दैनिक श्रमिकों के लिए सम्मानजनक आजीविका सुनिश्चित करने के मिशन पर निवेशकों के भरोसे को दर्शाता है। इस फंडिंग को शो के टायकून्स का समर्थन मिला जिसमें थायरोकेयर के संस्थापक वेलुमणि द्वारा दिया गया 1 करोड़ रुपये का अनुदान भी शामिल है। यह अनुदान स्टार्टअप के व्यापक और विस्तार योग्य सामाजिक प्रभाव को मान्यता देता है। डिजिटल लेबर चौक की विकास यात्रा में बिहार सरकार की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। राज्य के प्रगतिशील स्टार्टअप इकोसिस्टम के तहत बिहार सरकार की स्टार्टअप पहलों से इस उद्यम को सीड फंडिंग और मैचिंग लोन सहायता प्रदान की गई। इससे प्रारंभिक स्तर पर स्टार्टअप के सत्यापन और संचालन विस्तार में अहम योगदान मिला। इसके साथ ही उद्योग विभाग द्वारा उपलब्ध कराई गई इनक्यूबेशन सुविधाएं, संरचित मेंटरशिप और रणनीतिक नेटवर्क ने कंपनी के व्यवसाय मॉडल और कार्यान्वयन क्षमता को सुदृढ़ किया। डिजिटल लेबर चौक एक तकनीक आधारित रोजगार मंच है जो दैनिक मजदूरी करने वाले श्रमिकों को नजदीकी रोजगार अवसर खोजने, सत्यापित डिजिटल प्रोफाइल बनाने और पारदर्शी व निष्पक्ष रोजगार तक पहुंच प्रदान करता है। डिजिटल उपकरणों के माध्यम से यह मंच उस वर्ग में संरचना, कार्यकुशलता और गरिमा स्थापित करता है जो परंपरागत रूप से औपचारिक रोजगार व्यवस्था से बाहर रहा है। इस स्टार्टअप की स्थापना चंद्रशेखर मंडल ने की है जो इसके संस्थापक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी हैं। वे बिहार के दरभंगा जिले के एक छोटे गांव से आते हैं। अपने जमीनी अनुभवों से प्रेरित होकर उन्होंने ऐसा मंच विकसित करने की परिकल्पना की, जो देशभर के दैनिक श्रमिकों के लिए रोजगार के साथ सम्मान सुनिश्चित कर सके। डिजिटल लेबर चौक की अवधारणा कोविड उन्नीस महामारी के दौरान विकसित हुई जब देशभर में बड़ी संख्या में दैनिक श्रमिकों की नौकरी और आय के स्रोत समाप्त हो गए थे। इस संकट को करीब से देखते हुए संस्थापक ने श्रमिकों को ठेकेदारों और नियोक्ताओं से सीधे जोड़ने के लिए एक डिजिटल समाधान की शुरुआत की। स्थापना के बाद से अब तक यह मंच दो लाख से अधिक दैनिक श्रमिकों, हजारों ठेकेदारों और कई बड़े प्रोजेक्ट्स को देश के विभिन्न राज्यों में जोड़ चुका है। इस स्टार्टअप को कई राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार भी मिल चुके हैं और इससे पहले यह अंतरराष्ट्रीय निवेशकों से भी फंडिंग जुटा चुका है।

# राष्ट्रसेवा के 'नवीन' अध्याय का आरम्भ : ऋतुराज सिन्हा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय मंत्री ऋतुराज सिन्हा ने नितिन नवीन के भारतीय जनता पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष निर्वाचित होने पर शुभकामनाएं दी हैं। इस अवसर पर ऋतुराज सिन्हा ने कहा कि नितिन नवीन का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनना महत्वपूर्ण तथ्यों को रेखांकित करता है। यह बिहार के बदलते स्वरूप और उसकी बढ़ती नेतृत्व क्षमता का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि जिस बिहार को कभी पिछड़ेपन से जोड़ा जाता था, आज वही बिहार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश की अगुवाई करने में सक्षम बनकर उभरा है। यह पूरे बिहार के लिए गर्व का विषय है। ऋतुराज सिन्हा ने कहा कि ऐसे समय में जब विश्व स्तर पर युवा पीढ़ी और जेन जेड को लेकर कई तरह की भ्रांतियां फैली हुई हैं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इक्कीसवीं सदी के भारत के नेतृत्व की जिम्मेदारी 45 वर्षीय युवा को सौंपकर यह स्पष्ट संदेश दिया है कि भारतीय जनता पार्टी को देश के युवाओं की क्षमता, प्रतिभा और दूरदृष्टि पर पूरा विश्वास है। उन्होंने इसे भारतीय जनता पार्टी की संगठनात्मक शक्ति और कार्यप्रणाली का उदाहरण बताया। ऋतुराज सिन्हा ने कहा कि भाजपा एक ऐसा संगठन है जो कार्यकर्ताओं को गढ़ता है और उन्हें संस्कार, विचारधारा तथा संगठनात्मक प्रशिक्षण के माध्यम से नेतृत्व के लिए तैयार करता है। नितिन नवीन इसका उदाहरण हैं जिन्होंने कम उम्र से संगठन में कार्य करते हुए इस महत्वपूर्ण दायित्व तक का सफर तय किया है। अंत में ऋतुराज सिन्हा ने विश्वास जताया कि नितिन नवीन के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी संगठनात्मक रूप से और अधिक मजबूत होगी तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प को साकार करने की दिशा में नए आयाम स्थापित करेगी।

# राज्य में उर्वरकों की किसी जिले में कमी नहीं

## सीमावर्ती जिलों में उर्वरक तस्करी पर कड़ी निगरानी : राम कृपाल यादव

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** कृषि मंत्री राम कृपाल यादव ने कहा कि वर्तमान में राज्य के किसी भी जिले में उर्वरकों की कोई कमी नहीं है। उन्होंने बताया कि किसानों की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए राज्य में पर्याप्त मात्रा में उर्वरकों की उपलब्धता सुनिश्चित की गई है। राज्य में कुल 1.84 लाख मीट्रिक टन यूरिया, 1.52 लाख मीट्रिक टन डीएपी, 2.16 लाख मीट्रिक टन एनपीके, 0.41 लाख मीट्रिक टन एमओपी एवं 1.07 लाख मीट्रिक टन एसएसपी का स्टॉक उपलब्ध है। कृषि मंत्री ने कहा कि उर्वरकों की कालाबाजारी, जमाखोरी एवं अधिक मूल्य पर बिक्री पर प्रभावी नियंत्रण हेतु कृषि विभाग द्वारा लगातार छापेमारी की जा रही है। उन्होंने बताया कि रबी फसल मौसम 2025-26 के दौरान 20 जनवरी 2026 तक अनियमितताओं के विरुद्ध 42 उर्वरक प्रतिष्ठानों पर प्राथमिकी दर्ज की गई है तथा 115 उर्वरक प्रतिष्ठानों के उर्वरक प्राधिकार पत्र रद्द किए गए हैं। यह कार्रवाई राज्य सरकार की सख्त निगरानी एवं जीरो टॉलरेंस नीति को दर्शाती है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का स्पष्ट और दृढ़ संकल्प है कि प्रत्येक किसान को समय पर तथा निर्धारित मूल्य पर उर्वरक उपलब्ध कराया जाए। इसी उद्देश्य से राज्य में उर्वरक आपूर्ति व्यवस्था को अधिक पारदर्शी, सुदृढ़ एवं पूर्णतः किसान-केन्द्रित बनाया जा रहा है। मंत्री ने बताया कि उर्वरक प्रतिष्ठानों पर छापामारी हेतु मुख्यालय स्तर पर उड़नदस्ता दल का गठन किया गया है। उड़नदस्ता दल को प्राप्त शिकायतों के आधार पर निरंतर छापामारी एवं जांच की जा रही है। राज्य में उर्वरकों की कालाबाजारी या जमाखोरी से संबंधित किसी भी प्रकार की शिकायत मिलने पर संबंधित प्रतिष्ठान के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्रखंडवार उर्वरक का उप-आवंटन आच्छादन एवं वास्तविक आवश्यकता के आलोक में किया जाए। साथ ही उर्वरक प्रतिष्ठानों पर प्रदर्शित स्टॉक एवं भौतिक रूप से उपलब्ध उर्वरकों की मात्रा का नियमित सत्यापन किया जाए। किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर जीरो टॉलरेंस नीति के तहत तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि जिलों में उर्वरकों की कालाबाजारी रोकने एवं अधिक मूल्य पर बिक्री पर प्रभावी नियंत्रण हेतु कृषि विभाग के पदाधिकारियों का जांच दल गठित कर नियमित रूप से उर्वरक प्रतिष्ठानों का निरीक्षण एवं छापामारी कराई जाए। विशेष रूप से अंतर्राष्ट्रीय सीमा से सटे जिलों में छापामारी दल गठित कर निरंतर कार्रवाई करने तथा सशस्त्र सीमा बल के साथ समन्वय स्थापित कर उर्वरकों की तस्करी पर प्रभावी रोक लगाने का निर्देश दिया गया है।

# मोटोरोला फोन पर गणतंत्र दिवस के लिए विशेष ऑफर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** मोबाइल फोन निर्माण में अग्रणी मोटोरोला ने गणतंत्र दिवस के अवसर पर पटना और गया के ग्राहकों के लिए विशेष ऑफर की घोषणा की है। इस अवसर पर मोटोरोला एज 60 प्रो, एज 60 फ्यूजन, जी96 5जी, जी67 पावर और जी57 पावर विशेष कीमतों पर उपलब्ध होंगे। एज 60 प्रो में 50 मेगापिक्सल का कृत्रिम बुद्धिमत्ता संचालित कैमरा, 1.5के क्वाड-कर्व्ड प्रदर्शन, 6000 एमएएच बैटरी और तेज चार्जिंग की सुविधा है।

# 27 जनवरी से बुटिक्स ऑफ इंडिया प्रदर्शनी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** यहां होटल मौर्या में 27 और 28 जनवरी, 2026 को दो दिवसीय बुटिक्स ऑफ इंडिया प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा। इस प्रदर्शनी में प्रसिद्ध डिजाइनर, बुटीक हाउस और उद्यमी अपने उत्पादों का प्रदर्शन करेंगे। पारंपरिक परिधानों से लेकर आधुनिक फैशन ट्रेंड तक की झलक इस प्रदर्शनी में देखने को मिलेगी। साथ ही हैंडमेड ज्वेलरी, होम डेकोर, गिफ्ट आइटम्स और लाइफस्टाइल प्रोडक्ट्स की विशेष रेंज भी उपलब्ध रहेगी। बुटिक्स ऑफ इंडिया के संस्थापक संजय अग्रवाल ने बताया कि इस प्रदर्शनी का उद्देश्य स्थानीय डिजाइनरों और महिला उद्यमियों को एक साझा मंच प्रदान करना है जहां वे अपने उत्पादों को व्यापक दर्शकों तक पहुंचा सकें।

# स्वास्थ्य मंत्री के नेतृत्व में डिजिटल हेल्थ में बिहार की ऐतिहासिक छलांग : शशांक शेखर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** डिजिटल स्वास्थ्य के क्षेत्र में बिहार ने राष्ट्रीय मंच पर एक नई मिसाल कायम की है। आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के प्रभावी, व्यापक और अनुकरणीय क्रियान्वयन के लिए बिहार को राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण (एनएचए) द्वारा सम्मानित किया गया है। यह सम्मान 19 एवं 20 जनवरी 2026 को भुवनेश्वर में आयोजित आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (एबी-पीएमजेएवाई) एवं एबीडीएम की राष्ट्रीय समीक्षा बैठक के दौरान प्रदान किया गया। इस अवसर पर आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन, बिहार के राज्य मिशन निदेशक शशांक शेखर सिन्हा को यह प्रतिष्ठित राष्ट्रीय सम्मान उड़ीसा की मुख्य सचिव अनु गर्ग एवं राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी डॉ. सुनील कुमार बरनवाल द्वारा प्रदान किया गया। यह सम्मान बिहार में डिजिटल नवाचारों के माध्यम से स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक सुलभ, पारदर्शी और नागरिक-केंद्रित बनाने की दिशा में किए गए सशक्त नेतृत्व और सतत प्रयासों की राष्ट्रीय मान्यता है। सम्मान प्राप्त करने के बाद शशांक शेखर सिन्हा ने कहा कि यह उपलब्धि बिहार सरकार की मजबूत नीतिगत सोच, स्वास्थ्य विभाग के समन्वित प्रयासों और जमीनी स्तर पर कार्यरत स्वास्थ्यकर्मियों की मेहनत का परिणाम है। उन्होंने इस सफलता का श्रेय स्वास्थ्य मंत्री मंगल पाण्डेय के दूरदर्शी नेतृत्व एवं निरंतर मार्गदर्शन को देते हुए कहा कि मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत, स्वास्थ्य विभाग के सचिव लोकेश कुमार सिंह तथा राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार के प्रशासनिक सहयोग, सतत निगरानी और टीमवर्क से ही एबीडीएम को राज्य में प्रभावी रूप से लागू किया जा सका।

# टी-हब हैदराबाद से गूंजा नूतन पाण्डेय का नाम, मिला 'गार्गी उत्कृष्ट सम्मान'

## बिहार डेवलपमेंट समिट 2026 शिक्षा, सेवा और समर्पण की मिसाल बनकर उभरा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**हैदराबाद (तेलंगाना)।** हैदराबाद के अत्याधुनिक नवाचार केंद्र टी-हब में आयोजित लेट्स इंस्पायर बिहार के अंतर्गत बिहार डेवलपमेंट समिट 2026 शिक्षा, सेवा और समर्पण की मिसाल बनकर उभरा। यह सम्मेलन न केवल बिहार के विकास पर मंथन का मंच रहा, बल्कि समाज के अंतिम पंक्ति तक शिक्षा पहुंचाने वाली शिक्षिका नूतन पाण्डेय के संघर्ष, संकल्प और सामाजिक योगदान को राष्ट्रीय पहचान देने का सशक्त अवसर भी सिद्ध हुआ। सम्मेलन का उद्घाटन तेलंगाना के मलकाजगिरी से सांसद एतेला राजेंद्र ने किया। बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने वीडियो संदेश से सबको शुभकामनाएं प्रेषित किया। इस अवसर पर गार्गी पाठशाला की संचालिका एवं लेट्स इंस्पायर बिहार के अंतर्गत 'गार्गी अध्याय' की जिला मुख्य समन्वयक नूतन पाण्डेय को 'गार्गी उत्कृष्ट सम्मान' से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें 200 से अधिक वंचित बच्चों को निःशुल्क, नियमित और संस्कारयुक्त शिक्षा देने तथा महिला सशक्तिकरण की मिसाल कायम करने के लिए प्रदान किया गया।सम्मेलन में उपस्थित बैकुंठपुर विधायक मिथिलेश तिवारी ने नूतन पाण्डेय की प्रशंसा करते हुए कहा कि 'नूतन कुमारी आज सिर्फ एक शिक्षिका नहीं, बल्कि एक आंदोलन हैं। डिहरी ऑन-सोन के विधायक राजीव रंजन उर्फ सोनू सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि नूतन पाण्डेय के इस सहयोग से सामाजिक परिवर्तन संभव है। साथ ही साथ लेट्स इंस्पायर बिहार अभियान के मुख्य संरक्षक आई.पी.एस अधिकारी विकास वैभव ने कहा कि नूतन पाण्डेय का निःशुल्क पाठशाला चलाना समाज के लिए प्रेरणा है और उनका कार्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक बदलाव पहुंचाने वाला है। सम्मेलन में पटना साहेब के विधायक रत्नेश कुशवाहा और पूर्व विधायक ललन कुंवर ने भी नूतन कुमारी के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे सामाजिक कार्यकर्ता ही बिहार की सकारात्मक पहचान को राष्ट्रीय मंचों तक पहुंचाते हैं।

# धानुक महासंघ ने की नीतीश कुमार को भारत रत्न देने की मांग

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** अखिल भारतीय धानुका महासंघ की प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक प्रदेश अध्यक्ष शंकर प्रसाद की अध्यक्षता में अशोकनगर स्थित प्रदेश कार्यालय में हुई जहां महासंघ के सदस्यों ने अपनी मांगों पर सर्वसम्मति से सहमति दी। इस मौके पर बैठक के बारे में प्रदेश अध्यक्ष शंकर प्रसाद ने बताया कि कार्यकारिणी के सदस्यों ने सर्वसम्मति से बिहार के विकास पुरुष मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को भारत रत्न देने के लिए प्रधानमंत्री एवं भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष को पत्र लिखने पर अपनी सहमति दी। साथ ही समाज के झाझा से विधायक दामोदर रावत को मंत्री बनने के लिए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से आग्रह किया गया। उन्होंने बताया कि आगामी फरवरी माह में समाज की ओर से छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती मिलर स्कूल मैदान में मनाया जाएगा। राज्य सरकार से आग्रह किया कि कि शाहिद रामफल मंडल की प्रतिमा राजधानी के पहाड़ी मोड़ पर लगाया जाए। कार्यक्रम का संचालन जितेंद्र पटेल एवं धन्यवाद ज्ञापन सीमा पटेल ने किया। इस मौके पर विजय कुमार राय, किशोरी महतो, जलेसर महतो, अनिल कुमार राय, देवेंद्र महतो, भूषण महतो, राधिका पटेल सहित समाज के कहीं सदस्यों ने अपने विचार व्यक्त किया।

# 14 जनवरी से 14 जुलाई 2026 तक विशेष सुविधा

## रेलवन ऐप से बुक करें अनारक्षित टिकट, डिजिटल पेमेंट पर मिलेगा 3% डिस्काउंट

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हाजीपुर।** रेल प्रशासन द्वारा यात्रियों की सुविधा और डिजिटल टिकटिंग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से रेलवन मोबाइल एप के माध्यम से अनारक्षित टिकटों की बुकिंग पर 3% की छूट देने का निर्णय लिया है। यह विशेष सुविधा 14 जनवरी, 2026 से प्रारंभ की गयी है और 4 जुलाई 2026 तक लागू रहेगी। आर-वालेट को छोड़कर रेलवन एप पर उपलब्ध सभी डिजिटल भुगतान माध्यमों जैसे यूपीआई, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड और नेट बैंकिंग से अनारक्षित टिकट बुक करने पर यात्रियों को इस छूट का लाभ मिलेगा। रेलवन एप के आर-वॉलेट से अनारक्षित टिकट बुक करने पर पहले से ही 3% कैशबैक बोनस मिल रहा है। यानी यात्रियों को डिजिटल भुगतान करने पर सीधी 3% छूट और आर-वालेट से भुगतान करने पर 3% कैशबैक। इस प्रकार रेलवन ऐप पर डिजिटल भुगतान द्वारा अनारक्षित टिकट बुक करने पर यात्रियों को लाभ सुनिश्चित होगा। इस कदम का उद्देश्य यात्रियों को डिजिटल माध्यम से टिकट खरीदने के लिए प्रोत्साहित करना और नकद लेन-देन को कम करना है। इस योजना से डिजिटल टिकटिंग को व्यापक बढ़ावा मिलेगा और यात्रियों को अधिक सुविधा प्राप्त होगी। रेलवन एप एक ही मंच पर आरक्षित, अनारक्षित एवं प्लेटफॉर्म टिकट की बुकिंग, ट्रेन की लाइव लोकेशन, पीएनआर स्टेटस, कोच पोजिशन, भोजन बुकिंग, शिकायत/सुझाव, पार्सल ट्रैकिंग जैसी सुविधाएं प्रदान करता है।

# विशेष टिकट जांच अभियान में पकड़े गए 1009 यात्री

## जुर्माने के रूप में अर्जित किया 2,90,800 रुपए रेल राजस्व

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** पूर्व मध्य रेल का दानापुर मंडल उचित टिकट/प्राधिकार के साथ यात्रा करने वाले रेल यात्रियों की सुविधा को लेकर निरंतर सजग व कार्यरत रहता है। इस संबंध में बिना टिकट/उचित प्राधिकार के रेल यात्रा करने वालों के विरुद्ध दानापुर मंडल में निरंतर टिकट चेकिंग का कार्य सघनतापूर्वक कराया जाता रहता है। इसी क्रम में 19 एवं 20 जनवरी 2026 को वरीय मंडल वाणिज्य प्रबंधक, दानापुर अभिनव सिद्धार्थ के निर्देशानुसार मंडल वाणिज्य प्रबंधक अभिषेक कुमार तिवारी एवं सहायक वाणिज्य प्रबंधक/टिकट जांच एवं खान-पान प्रदीप कुमार के नेतृत्व में विभिन्न ट्रेनों का अतिरिक्त ठहराव लेकर सघन टिकट जांच अभियान चलाया गया। दानापुर मंडल के पटना-गया रेलखंड के जटडुमरी स्टेशन पर वाणिज्य विभाग एवं आरपीएफ की एक विशेष टिकट चेकिंग टीम बनाकर एक विशेष टिकट चेकिंग स्पेशल ट्रेन (लाल गाड़ी) के साथ एक सघन टिकट जांच अभियान चलाया गया। इस विशेष लाल गाड़ी टिकट चेकिंग अभियान में 1009 बिना टिकट/अनियमित टिकट वाले यात्रियों से जुर्माने के रूप में 2,90,800/- रुपए रेल राजस्व अर्जित किया गया। इस विशेष टिकट चेकिंग अभियान के परिणामस्वरूप पटना-गया रेलखंड के सभी स्टेशनों जैसे परसा बाजार, पुनपुन घाट, जटडुमरी, तारेगना, जहानाबाद आदि टिकट काउंटरों पर यात्रियों की बढ़ी हुई भीड़ देखी गई एवं प्रत्येक स्टेशन पर टिकट बिक्री लगभग 35-40 प्रतिशत अधिक दर्ज की गई।

# सर्वार्थ अमृत सिद्धि योग में गुप्त नवरात्र की शुरूआत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** उत्तराषाढ़ा नक्षत्र और सर्वार्थ अमृत सिद्धि योग में गुप्त नवरात्र शुरू हो रहा है। यह नवरात्र कलश स्थापना से शुरू होकर 28 जनवरी बुधवार को विजयादशमी से साथ संपन्न होगा। घरों और मंदिरों में कलश की स्थापना के साथ शक्ति की उपासना होगी। श्रद्धालु निराहार या फलाहार रह कर माता की आराधना करेंगे। इस मौके पर राजधानी के गर्दनीबाग ठाकुरबाड़ी, राजवंशीनगर पचरूपी हनुमान मंदिर, नवलखा दुर्गा मंदिर, महाबीर मंदिर सेहित कई जगहों पर कलश स्थापन के साथ मां दुर्गा की अराधना की गयी। ज्योतिषाचार्य पंडित ओम तिवारी ने बताया कि गुप्त नवरात्र में तंत्र साधना की प्रधानता होती है। इस नवरात्र में श्रद्धालु अपनी आध्यात्मिक और मानसिक शक्तियों में वृद्धि करने के लिए उपवास, संयम, नियम, भजन, पूजन योग साधना आदि करते हैं। तंत्र और शक्ति मतावलंबी साधना के दृष्टि से गुप्त नवरात्रों के कालखंड को बहुत सिद्धिदायी मानते हैं। मां वैष्णो देवी, पराम्बा देवी, हिंगलाज देवी और कामाख्या देवी का अहम पर्व माना जाता है। माघ मास के इस गुप्त नवरात्र में दस महाविद्याओं मां काली, तारा देवी, त्रिपुर सुंदरी, भुवनेश्वरी, माता छिन्नमस्ता, त्रिपुर भैरवी, मां धूमावती, माता बगलामुखी, मातंगी और कमला देवी की साधना की जाती है।

# नुक्कड़ नाटक से रेलवे स्टेशन पर बच्चों की सुरक्षा की प्रस्तुति

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**पटना।** रेलवे चिल्ड्रेन इंडिया के सौजन्य से अहसास कलाकृति, पटना द्वारा बाल संरक्षण पर आधारित कुमार मानव लिखित एवं निर्देशित नुक्कड़ नाटक रेलवे स्टेशन पर बच्चों की सुरक्षा राजेंद्र नगर टर्मिनलपर स्टेशन पर की गई। नाटक में दिखाया गया कि रेलवे स्टेशन पर एक बच्ची अपने मां से बिछड़ जाती है और एक संदिग्ध के चंगुल में फंसकर बाल तस्करी का शिकार होने वाली थी, लेकिन स्टेशन पर कार्य करने वाले सफाईकर्मी की वजह से बच जाती है। वह तुरंत चाइल्ड हेल्प लाइन 1098 पर कॉल कर उसे सहायता पहुंचाता है। नाटक में यह दर्शाया गया कि कोई भी बालक या बालिका जिसकी उम्र 18 वर्ष से कम है अगर वह अकेले किसी परेशानी में दिखे तो हर सभ्य नागरिक का कर्तव्य है कि तत्काल उनकी सहायता करें जिससे कि वे गलत हाथों में जाने से बच जाएं। इसके लिए चाइल्ड हेल्प लाइन के 1098, टॉल फ्री नंबर 112 या रेलवे स्टेशन के हेल्प लाइन नम्बर 139 पर कॉल कर सकते हैं या जी आर पी, आर पी एफ से संपर्क कर ऐसे बच्चों की जरूर सहायता करें। नुक्कड़ नाटक में भाग लेने वाले कलाकार थे अर्चना कुमारी, विजय कुमार, भूनेश्वर कुमार, हिमांशु कुमार, देव कुमार, हेमा कुमारी बलराम कुमार। गायक थे कृष्णा तूफानी और नाल पर राजकिशोर पासवान। इस अवसर पर रेलवे चिल्ड्रेन इंडिया के कार्यकर्ता भी उपस्थित थे।

# एचडीएफसी बैंक सोशल इम्पैक्ट स्टार्टअप्स को देगा 20 करोड़

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** भारत के प्रमुख प्राइवेट सेक्टर बैंक एचडीएफसी बैंक ने अपने फ्लैगशिप 'परिवर्तन स्टार्टअप ग्रांट्स प्रोग्राम' के वित्त वर्ष 2026 एडिशन की घोषणा की है। इस एडिशन के तहत बैंक सोशल इम्पैक्ट स्टार्टअप्स को नॉन-डाइल्यूटिव ग्रांट्स के रूप में 20 करोड़ रुपये प्रदान करेगा। प्रोग्राम के अंतर्गत क्लाइमेट इनोवेशन, एग्रीकल्चर व सस्टेनेबल आजीविका, मैन्युफैक्चरिंग व एमएसएमई इनोवेशन, फाइनेंशियल इन्क्लूजन, जेंडर डाइवर्सिटी सहित उभरते क्षेत्रों जैसे एआई और डीप-टेक में 10 स्ट्रेटेजिक पहलों को सपोर्ट किया जाएगा। डिप्टी मैनेजिंग डायरेक्टर कैजाद भरूचा ने कहा कि परिवर्तन स्टार्टअप ग्रांट्स सामाजिक और पर्यावरणीय चुनौतियों के समाधान के लिए इनोवेशन को संस्थागत सहयोग के साथ आगे बढ़ाने का सशक्त मंच है।

# पॉश अधिनियम 2013 के प्रभावी क्रियान्वयन एवं जागरुकता हेतु जिलास्तरीय कार्यशाला का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**सासाराम।** महिला एवं बाल विकास निगम, रोहतास के तत्वावधान में कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न के निवारण, प्रतिषेध एवं प्रतितोष अधिनियम, 2013 के प्रभावी क्रियान्वयन एवं जागरूकता हेतु मंगलवार को जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन सभी प्राइवेट संस्था, उद्यमी, प्राइवेट स्कूल, गैर सरकारी संस्था एवं चैंबर ऑफ कॉमर्स के साथ बहुउद्देशीय हॉल फजलगंज, सासाराम में किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व जिला कार्यक्रम प्रबंधक मोहम्मद शमीम अंसारी द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संयुक्त उद्घाटन जिला प्रोग्राम पदाधिकारी, रोहतास, जिला परियोजना प्रबंधक एवं जिला के सामाजिक संस्था द्वारा दीप प्रज्ज्वलित करते हुए किया गया। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता के रूप में जिला परियोजना प्रबंधक द्वारा सभी मुख्य अतिथियों एवं वक्ता को पौधा देकर सम्मानित करते हुए संयुक्त रूप से पॉश अधिनियम पर विस्तृत सत्र लिया गया। कार्यक्रम के प्रारंभिक सत्र में वन स्टॉप सेंटर के केंद्र प्रशासक द्वारा पॉश अधिनियम-2013 पर मार्गदर्शन प्रदान किया गया एवं सभी प्रतिभागियों को कार्यस्थल पर सुरक्षित, सम्मानजनक एवं भयमुक्त वातावरण हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। सत्र के दौरान प्रतिभागियों को बताया गया कि पॉश अधिनियम 2013 का उद्देश्य महिलाओं को कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न से संरक्षण प्रदान करना, शिकायतों के त्वरित एवं निष्पक्ष निपटारे की व्यवस्था करना तथा प्रत्येक कार्यालय में आंतरिक शिकायत समिति का गठन सुनिश्चित करना है। यह अधिनियम महिलाओं के सम्मान, गरिमा एवं सुरक्षित कार्य वातावरण को सुनिश्चित करने की दिशा में एक सशक्त कानूनी व्यवस्था है। इस क्रम में जिला परियोजना प्रबंधक द्वारा यह भी स्पष्ट किया गया कि कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न जैसे विषयों पर खुलकर संवाद करना आवश्यक है तथा यदि कोई महिला किसी भी प्रकार के उत्पीड़न का सामना करती है तो वह निडर होकर शिकायत दर्ज कर सकती है। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों को शी-बॉक्स पोर्टल की जानकारी भी दी गई जिसके माध्यम से कोई भी महिला कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न से संबंधित अपनी शिकायत ऑनलाइन, सीधे केंद्र सरकार के पोर्टल पर दर्ज कर सकती है। इस हेतु एक विस्तृत प्रस्तुति भी साझा की गई। कार्यशाला में जिले के स्वास्थ्य विभाग के पदाधिकारी, कर्मी एवं महिला कार्मिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य सभी विभागों में पॉश अधिनियम के प्रति संवेदनशीलता, जागरूकता एवं उत्तरदायित्व को सुदृढ़ करना रहा। कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु महिला एवं बाल विकास निगम के जिला मिशन समन्वयक, लेखा सहायक, वित्तीय साक्षरता में विशेषज्ञ, केस वर्कर, कार्यालय सहायक, अंशकालिक अधिवक्ता एवं सभी कर्मियों की भागीदारी रही।

# एसएनबी ईंट भट्ठे से बाल श्रमिक को कराया गया विमुक्त

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**भभुआ।** श्रम संसाधन विभाग कैमूर के अंतर्गत श्रम अधीक्षक कैमूर द्वारा गठित बाल श्रम विमुक्ति हेतु धावादल का संचालन रामपुर प्रखण्ड में किया गया जिसमें विभिन्न ईंट भट्ठों का निरीक्षण करते समय कर्मचट थाना क्षेत्र स्थित एसएनबी ईंट भट्ठे से एक बाल श्रमिक को विमुक्त कराया गया। विमुक्त बाल श्रमिक उत्तर प्रदेश के जगम्मनपुर ग्राम, जालौन जिले का रहने वाला है। बाल श्रमिक को विमुक्ति के उपरांत जिला बाल कल्याण समिति कैमूर के सुपुर्द करते हुए दोषी नियोजक पर बाल एवं किशोर श्रम प्रतिषेध एवं विनियमन अधिनियम 1986 की सुसंगत धाराओं में प्राथमिकी दर्ज करने की कार्यवाही की गई है। विदित हो कि विमुक्त बाल श्रमिक को तत्काल सहायता राशि के रूप में 3000 भी दिए जाते हैं। साथ ही उच्चतम न्यायालय के एम सी मेहता बनाम तमिलनाडु राज्य मामले में दिए गए आदेश के आलोक में दोषी नियोजक से प्रति विमुक्त बाल श्रमिक 20000 वसूली की भी कार्रवाई की जाएगी तथा न्यूनतम मजदूरी अधिनियम 1948 के अंतर्गत भी कार्यवाही की जाएगी। विदित हो कि बाल एवं किशोर श्रम प्रतिषेध एवं विनियमन अधिनियम 1986 के अंतर्गत 14 वर्ष से काम के आयु के बच्चों से कार्य करवाना तथा 14 से 18 वर्ष के बीच के बच्चों से खतरनाक नियोजनों में कार्य करवाना एक संज्ञेय अपराध है जिसमें दोषी पाए जाने पर रु. 20000 से 50000 तक के जुर्माने के प्रावधान के साथ-साथ 6 महीने से 2 साल तक के कारावास का भी प्रावधान है। श्रम अधीक्षक के द्वारा बताया गया कि ये धावादल नियमित रूप से जिला में चलाया जाता है और ईंट भट्ठे पर विशेष अभियान चलाया जा रहा है जो कि आगे भी सतत जारी रहेगा। धावादल का नेतृत्व सोनाली चंद्रा श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी रामपुर कर रही थी जबकि धावादल में शामिल अन्य पदाधिकारियों में ऋतिक रंजन श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी चैनपुर में दिनेश कुमार केशरी श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी भभुआ सदर रामराज सोनी श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी चांद धीरज कुमार दूबे श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी अधौरा, चाइल्ड लाइन पर्यवेक्षक विनोद कुमार यादव तथा पुलिस बल भी मौजूद रहे।

# कमल किशोर ने प्रकाशन समूह के माध्यम से पत्रकारिता क्षेत्र में सैकड़ों रोजगार दिए : उपेन्द्र मिश्रा

मदन कुमार / नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

## अवार्ड मिलने पर बधाइयों का लगा तांता




**डिहरी ऑन-सोन।** वरिष्ठ पत्रकार, संपादक एवं उद्यमी कमल किशोर को प्रतिष्ठित संस्था बिजनेस इन बिहार की ओर से पटना के शांगरी-ला पैलेस में रविवार की रात आयोजित भव्य समारोह में भारत विजनरी लीडर अवार्ड 2026 से सम्मानित किए जाने पर जिले भर में बधाइयों का तांता लगा हुआ है। यह सम्मान उन्हें बिहार में उद्यम एवं व्यापार को बढ़ावा देने, रोजगार के अवसर सृजित करने तथा मीडिया क्षेत्र में विशिष्ट योगदान के लिए प्रदान किया गया। वरिष्ठ पत्रकार उपेन्द्र मिश्रा ने बधाई देते हुए कहा कि कमल किशोर ने अपने प्रकाशन समूह के माध्यम से पत्रकारिता के क्षेत्र में सैकड़ों युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराया है। उन्होंने बताया कि हाल ही में कमल किशोर को बिहार विधानसभा की प्रेस सलाहकार समिति का स्थायी सदस्य भी मनोनीत किया गया है, जो उनके पत्रकारिता के प्रति समर्पण और विश्वसनीयता को दर्शाता है। उपेन्द्र मिश्रा ने कहा कि कमल किशोर एक वरिष्ठ पत्रकार होने के साथ-साथ कुशल लेखक भी हैं। वे दूरदर्शन, पीटीआई सहित कई प्रतिष्ठित समाचार पत्रों से जुड़े रहे हैं। पिछले 35 वर्षों से दैनिक समाचार पत्रों के प्रकाशन से जुड़े कमल किशोर ने नक्सल प्रभावित एवं पूर्व में उद्योगविहीन रहे औरंगाबाद जैसे जिले में सकारात्मक एवं रचनात्मक पत्रकारिता के माध्यम से विकास को नई दिशा दी है। पत्रकारिता के साथ-साथ सामाजिक कार्यों में भी उनकी सक्रिय और महत्वपूर्ण भूमिका रही है। उनके योगदान को देखते हुए यह सम्मान पूरे पत्रकारिता जगत के लिए गौरव की बात है। अवार्ड मिलने पर डिहरी अनुमंडल विधिज्ञ संघ के पूर्व अध्यक्ष उमाशंकर पाण्डेय उर्फ मुटुर पाण्डेय, विधायक राजीव रंजन सिंह उर्फ सोनू सिंह, डॉ उदय सिन्हा, जदयू के वरिष्ठ नेता व प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ निर्मल कुशवाहा, पूर्व विधायक सत्यनारायण यादव, आरएसके पब्लिक स्कूल बस्तीपुर के निदेशक आनंद सिंह, भाजपा युवा नेता अमित पटेल, अभिनव कला संगम के सचिव नन्दन कुमार, बंदी अधिकार के संतोष उपाध्याय, वरिष्ठ पत्रकार जगनारायण पाण्डेय, ददन पाण्डेय, राजू दुबे, सुरेन्द्र तिवारी, मुकेश पाण्डेय, मदन कुमार, राजद नेता राजेश्वर सिंह, सम सोसायटी ऑफ इंडिया के संस्थापक, गिरिजाधारी पासवान, अधिवक्ता मिथलेश सिन्हा, कमल सिन्हा, महेंद्र पाण्डेय, पूर्व पार्षद काली बाबू, वरिष्ठ समाजसेवी अख्तर अंसारी (पानी वाले) राजद आति पिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव सह मुख्य पार्षद प्रतिनिधि गुड्डू चंद्रवंशी, सरदार सुरजीत सिंह, अशोक सरावगी, रिंकू सोनी, कामधेनु स्वीट के प्रोपराइटर अरुण गुप्ता, वरिष्ठ पत्रकार शमशेद खान सहित विभिन्न राजनीतिक दलों एवं सामाजिक संगठनों के लोगों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

# अनुमंडल पदाधिकारी ने नो एंट्री के नए निर्देश किए जारी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बिक्रमगंज (रोहतास)।** बिक्रमगंज नगर परिषद् क्षेत्र में नो-इंट्री सुबह 09:00 बजे से शाम 09:00 बजे तक प्रभावी है। इस संबंध में मंगलवार को अनुमंडल पदाधिकारी बिक्रमगंज प्रभात कुमार के द्वारा निर्देश जारी किया गया है। उनके हवाले से बताया गया कि प्रायः प्रशासन के द्वारा क्षेत्र भ्रमण में देखा जा रहा है कि आवश्यक वस्तु जैसे- धान, गेहूं, चावल आदि से संबंधित भारयुक्त वाहन भी 'नो इन्ट्री' में रुका रहता हैं। इन सभी वाहनों को ''नो इन्ट्री'' से मुक्त किया जाता है। इसके आलोक में प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी, थानाध्यक्ष, बिक्रमगंज को निदेश दिया गया है कि धान, गेहूं चावल आदि से संबंधित वाहनों पर 'नो इन्ट्री' के समय परिचालन में चालान नहीं कटेगा। शेष 'नो इन्ट्री' के संबंध में पूर्व से निर्गत आदेश यथावत रहेंगे। बताया गया कि यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू रहेगा। सभी ट्रांसपोर्टर संघ, बिक्रमगंज अनुमण्डल को सूचना देने के साथ ही सभी अंचल अधिकारी, थाना प्रभारी, बिक्रमगंज अनुमण्डल संयुक्त रूप से अंचल गार्ड एवं चौकीदार के माध्यम से अनुपालन करवाने का निर्देश दिया गया है।

# पुलिस प्रशासन एवं आम लोगों ने की शांति समिति की बैठक



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बिक्रमगंज (रोहतास)।** अनुमंडल क्षेत्र के काराकाट प्रखंड में सरस्वती पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक आहूत की गई जहां पूजा समितियों के सदस्य के साथ आम नागरिक भी शामिल हुए और पूजा के दौरान विधि व्यवस्था संधारण पर चर्चा की गई तथा पूजा समितियां को कई प्रकार के निर्देश दिए गए। यह बैठक मंगलवार को थाना परिसर काराकाट में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बिक्रमगंज की अध्यक्षता में आयोजित की गई जिसमें शांतिपूर्ण सरस्वती पूजा मनाने की अपील की गई। पूजा समितियों को निर्देश देते हुए कहा गया कि डीजे पर पूरी तरह प्रतिबंध रहेगा। साथ ही मूर्ति स्थापित हेतू लाइसेंस लेने के लिए कहा गया जिसमें 10 सदस्यों का आधार कार्ड के साथ संबंधित थाना से लाइसेंस अवश्य लेना होगा। मंगलवार को हुए इस बैठक में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बिक्रमगंज सिंधु शेखर सिंह के अलावे प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल निरीक्षक नासरीगंज थानाध्यक्ष काराकाट विवेक कुमार, योगेन्द्र सिंह मुखिया, मुन्ना भारती , नारायण पासवान, उप मुख्य पार्षद रविश रंजन, गोपेश प्रसाद, रजनीश पांडे, राजेन्द्र सिंह, गोरा बाबा, मनोज साह (मोथा मुखिया अभिभावक), लक्ष्मण गुप्ता, अजय साह, जितेंद्र पाल, दिलीप प्रसाद, संतोष यादव, अजय कुमार सिंह, लाली सिंह मुंजी मुखिया-अजय प्रताप सिंह शाहिद प्रखंड भर से आए सामाजिक कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

# शांति समिति की बैठक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**चेनारी।** सरस्वती पूजा एवं शबे बरात को लेकर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में शांति बनाए रखने की बात रखी गई। बैठक में थानाध्यक्ष रंजन कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रियंका कुमारी, कनीय अभियंता राजकुमार सैकड़ों की संख्या में मौजूद रहे। शांति व्यवस्था रखने की बात रखी गई और डीजे पर पूरी तरह प्रतिबंध लगाया गया और हुड़दंगियों पर पैनी नजर रखी जाएगी। बैठक में उपस्थित सरवर खान, अमित यादव, राजकिशोर चौरसिया, मुनेश्वर सिंह कुशवाहा, पिंटू शुक्ला, चंदेश्वर पासवान सैकड़ों की संख्या में लोग मौजूद थे।

# गरीबों की सेवा ही सच्ची सेवा : एसडीओ निलेश कुमार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**डिहरी ऑन-सोन।** कड़ाके की ठंड को देखते हुए अनुमंडल पदाधिकारी निलेश कुमार के नेतृत्व में डिहरी शहर में गरीब, असहाय एवं जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल वितरण किया गया। इस दौरान एसडीओ निलेश कुमार ने कहा कि गरीबों की सेवा ही सच्ची सेवा है और प्रशासन का दायित्व है कि जरूरतमंदों तक हर संभव सहायता पहुंचाई जाए। कंबल वितरण कार्यक्रम के तहत डिहरी शहर के कैनाल रोड सहित अन्य स्थानों पर लगभग दो सौ जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरित किए गए। कंबल पाकर लाभार्थियों के चेहरे पर राहत और खुशी साफ झलक रही थी। एसडीओ निलेश कुमार ने बताया कि ठंड के मौसम में कोई भी गरीब असहाय व्यक्ति परेशानी में न रहे, इसके लिए प्रशासन लगातार ऐसे कार्यक्रम चला रहा है। आगे भी जरूरत के अनुसार कंबल वितरण एवं अन्य राहत कार्य जारी रहेंगे।

# शतरंज प्रतियोगिता हेतु खिलाड़ी चयनित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**सासाराम।** जवाहरलाल नेहरू महाविद्यालय डिहरी ऑन-सोन में वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय अंतर महाविद्यालय शतरंज प्रतियोगिता हेतु महाविद्यालय के खिलाड़ियों का चयन अंग्रेजी विभाग में किया गया। खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हुए जेएलएन कॉलेज के प्राचार्य डॉक्टर शैलेंद्र कुमार ओझा ने कहा कि अनुशासन और टीम भावना के साथ खेलने से सफलता अवश्य मिलेगी। साथ ही साथ उन्होंने कहा कि पढ़ाई हो या खेल योजना वह रणनीति बनाकर करने से कामयाबी अवश्य मिलती है। आर्यन कुमार, अनुपम राज हर्ष, विवेकानंद कुमार आदि का चयन शतरंज प्रतियोगिता हेतु किया गया। कार्यक्रम अंग्रेजी विभाग के विभाग अध्यक्ष डॉ अभिषेक कुमार की देखरेख में हुई। मौके पर मनोविज्ञान विभाग के अध्यक्ष कमलनयन सिंह हिंदी विभाग की अध्यक्ष डॉ नीलम पाल परीक्षा नियंत्रक शशि शेखर विद्यार्थी, आनंद कुमार सिंह, इफ्तिखार अहमद, मधु कुमारी, राधा रमन सिंह उर्फ मुन्ना सिंह ने खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हुए जीत की अग्रिम बधाई दी। उक्त कार्यक्रम की जानकारी खेल प्रभारी कन्हैया सिंह ने दिया।

# 'सड़क सुरक्षा माह' के तहत विशेष अभियान
## कोहरे में हादसों को रोकने के लिए वाहनों पर लगाए जा रहे रिफ्लेक्टर टेप

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**भभुआ।** जिला प्रशासन द्वारा सड़क दुर्घटनाओं और उनमें होने वाली मौतों की संख्या को कम करने के लिए जिले भर में व्यापक 'सड़क सुरक्षा माह' (1-31 जनवरी 2026) अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के अन्तर्गत रिफ्लेक्टर टेप के महत्व को रखा गया है। ताकि खराब दृश्यता और घने कोहरे के दौरान होने वाले हादसों को रोका जा सके। परिवहन विभाग और यातायात पुलिस की टीमें विशेष रूप से वाणिज्यिक वाहनों (ट्रक, बस, पिकअप, ऑटो) की जांच कर रही हैं। सर्दी और कोहरे के दौरान सड़कों पर दृश्यता काफी कम हो जाती है जिससे पीछे से आने वाले वाहनों को सड़क किनारे खड़ी या आगे चल रही गाड़ियां समय पर नहीं दिखतीं। रिफ्लेक्टर टेप हेडलाइट की रोशनी पड़ने पर तेजी से चमकते हैं जो दूर से ही वाहन की मौजूदगी का संकेत दे देते हैं। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि केन्द्रीय मोटर वाहन नियम, 1989 के नियम 104 के तहत सभी कमर्शियल वाहनों पर रिफ्लेक्टिव टेप लगाना कानूनी रूप से अनिवार्य है। इन नियमों के अनुसार वाहनों के आगे, पीछे और दोनों तरफ निर्धारित रंग (सफेद, लाल और पीला) के टेप लगाए जाने चाहिए।

# चलती ट्रेन से गिरकर घायल व्यक्ति की आरपीएफ ने बचाई जान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट निरीक्षक राम विलास राम ने बताया कि गाड़ी संख्या-63558 डाउन (वाराणसी- बरकाकाना पैसेंजर) के डिहरी ऑन-सोन स्टेशन प्लेटफार्म संख्या-04 पर आगमन के समय ही चलती गाड़ी से उतरने के प्रयास में एक व्यक्ति प्लेटफार्म से पश्चिम की तरफ रेलवे लाइन के किनारे गिर गया। ड्यूटी में तैनात उप निरीक्षक शिवराज साह, सहायक उप निरीक्षक उपेंद्र कुमार, आरक्षी पवन कुमार सिंह, आरक्षी विकास कुमार एवं आरक्षी समी कुमार के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए घटनास्थल पर पहुंचे तो देखे कि एक व्यक्ति घायल अवस्था में पड़ा हुआ था जिसके दोनों पैर घुटने से नीचे पूरी तरह क्षतिग्रस्त, दाहिना हाथ टूटा हुआ तथा मुंह से खून का स्राव हो रहा था जिसे तत्काल अनुमंडल अस्पताल डिहरी ले जाया गया जहां डॉक्टर के द्वारा प्राथमिक उपचार के पश्चात बेहतर इलाज हेतु सदर अस्पताल सासाराम रेफर किया गया।

# हिमांशु फाउंडेशन व बाबा वीर कुंवर टूर्नामेंट कमेटी का कार्य सराहनीय : डॉ. निर्मल कुशवाहा
## आखिरी लीग मुकाबले में वार्ड-पांच ने दर्ज की शानदार जीत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**डिहरी ऑन-सोन।** डालमियानगर खेल मैदान में हिमांशु फाउंडेशन एवं बाबा वीर कुंवर टूर्नामेंट कमिटी के तत्वावधान में आयोजित 14वीं नगर चैंपियनशिप के अंतिम प्री-लीग मुकाबले में वार्ड 5 ने वार्ड 6 को 6 विकेट से पराजित कर जीत दर्ज की। मैच से पूर्व कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. निर्मल सिंह कुशवाहा, राजद के वरिष्ठ नेता रामनाथ सिंह तथा मुन्ना जी ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और खेल भावना के साथ बेहतर प्रदर्शन की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर डॉ. निर्मल सिंह कुशवाहा ने कहा कि वे लंबे समय से इस टूर्नामेंट के बारे में सुनते आ रहे थे, लेकिन आज प्रत्यक्ष रूप से आयोजन को देखकर यह स्पष्ट हो गया कि इसकी जितनी प्रशंसा की जाए, कम है। उन्होंने कहा कि सीमित संसाधनों के बावजूद युवाओं द्वारा पिछले 14 वर्षों से इस प्रतियोगिता का सफल आयोजन करना काबिले-तारीफ है। हिमांशु फाउंडेशन व बाबा वीर कुंवर टूर्नामेंट कमिटी के सभी सदस्य प्रशंसा के पात्र हैं। मैच में अंपायर विक्की एवं रितेश द्वारा टॉस कराया गया जिसे वार्ड 5 ने जीतकर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी वार्ड 6 की टीम निर्धारित 15 ओवर भी पूरे नहीं खेल सकी और मात्र 92 रन पर ऑलआउट हो गई। लक्ष्य का पीछा करने उतरी वार्ड 5 की टीम ने सधी हुई बल्लेबाजी करते हुए 6 विकेट से मैच अपने नाम कर लिया। इस मुकाबले में शानदार प्रदर्शन के लिए वार्ड 5 के खिलाड़ी पियूष को 'मैन ऑफ द मैच' चुना गया। पियूष ने 25 रन बनाने के साथ-साथ 3 विकेट भी झटके। उन्हें यह पुरस्कार अदरी देवी मेमोरियल हॉस्पिटल की ओर से हनुमान चालीसा ज्ञान यज्ञ समिति के सचिव केश्वर सिंह द्वारा प्रदान किया गया। कमिटी के सह-संयोजक सोनू पाण्डेय एवं डॉ. ओ.पी. आनंद ने जानकारी दी कि प्रतियोगिता का पहला क्वार्टर फाइनल मुकाबला मंगलवार को वार्ड 29 एवं वार्ड 38 के बीच खेला जाएगा। इस अवसर पर कमिटी के धनजी यादव, छोटू यादव, आकाश, मुन्ना, चंदन लाइट, चंदन वर्मा, राकेश, दीपक सहित बड़ी संख्या में खेल प्रेमी उपस्थित रहे।


**NAME CHANGED**

I, Anurag Chandra S/o Arjun Kumar R/o 00, Vard-02, Non Pharwa, Pachpakari, Patahi, East Champaran, Bihar-845427, have changed my name to Anurag Rajput.

**पूर्व मध्य रेल**

**ई–निविदा सूचना संख्या :–**
**एस एण्ड टी–सी–154**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए मुख्य संकेत एवं दूर संचार अभियंता/निर्माण /पूर्व मध्य रेल / महेंद्रुघाट/पटना निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन ई–निविदा के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित करते है : **ई–निविदा संख्या : एस एण्ड टी–सी–154, कार्य का नाम :** पूर्व मध्य रेल के सोनपुर मंडल में अतिरिक्त माल लाइन के संबंध में प्रत्यक्ष रिसेप्शन/ डिस्पैच सुविधा हेतु कार्य के लिए तिलरथ स्टेशन में इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग सिस्टम (इनडोर और आउटडोर) का डिजाइन, विनिर्माण, आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और कमीशनिंग सहित दूरसंचार कार्य के लिए (सीमेंस मेक ईआई) में परिवर्तन। **अनुमानित लागत : रूपया** 7,08,73,172.80, **अमानत राशि :** रूपया 5,04,400.00, **निविदा प्रपत्र का मूल्य :** शून्य, **कार्य निस्पादित करने का समय :** 12 महीना, **ई–निविदा ऑनलाइन जमा करने का अंतिम दिन एवं समय :** 09.02.2026 को 12.30 बजे तक, विस्तृत निविदा सूचना एवं दस्तावेज भारतीय रेल की वेबसाइट http://www.ireps.gov.in पर देखने के लिए उपलब्ध है।

उप मुख्य संकेत एवं दूर संचार अभियंता/ निर्माण/उत्तर/ महेंद्रुघाट, पटना

पीआर/1650/सीओएन एमएचएक्स/एस एण्ड टी/टी/25-26/36

**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**BUILDING CONSTRUCTION DEPARTMENT**
**BUILDING DIVISION, DALTONGANJ.**

**SHORT NOTICE INVITING TENDER**
**Tender Ref. No.-26/E.E.,BCD/Building Div. Daltonganj/2025-26**

1. Name of Department :- Building Construction Department
2. Name of Advertiser :- Executive Engineer, B.C.D, Building Division, Daltonganj.
3. Date of time of Sale of BOQ :- 07.02.2026 from 10:00 am to 1:00 pm
4. Date and time of Receiving sealed tenders :- 09.02.2026 from 1:00 to 3:00 pm
5. Date and time of Opening of .Sealed tenders :- 09.02.2026 From 3:30 pm
6. Place of Sale of BOQ :- 1. In the Office of Executive Engineer, B.C.D, Building Division, Daltonganj.
   2. In the Office of Superintendent Engineer, B.C.D Circle - No.-02, Ranchi.
7. Place of Opening and Receiving Tender :- As per Place mention in serial No.- 6 (1)
8. Details of Work :-

| Sl.No. | Name of Work | Estimated Cost | Amount of Earnest Money | Cost of Tender Paper | Time Completion of Work |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Construction of Ramp at New OPD Building at Medinirai Medical College & Hospital, Medininagar, Palamu. | 1359500.00 | 28000.00 | 2500.00 | 03 Months |
| 2. | Renovation of Blood Bank Building with a New Room Construction at Sadar Hospital, Medininagar, Palamu. | 1633300.00 | 34000.00 | 5000.00 | 03 Months |
| 3. | Renovation of Boundary Wall in Central Jail, Daltonganj, Palamu. | 1657900.00 | 34000.00 | 5000.00 | 02 Months |
| 4. | Renovation of Kitchen in Campus of Central Jail, Daltonganj, Palamu. | 1090400.00 | 22000.00 | 2500.00 | 02 Months |

निविदा में परिमाण विपत्र क्रय हेतू निम्नांकित शर्तें का पालन करना अनिवार्य होगा।

- परिमाण विपत्र क्रय हेतु सत्यापित निबंधन पत्र, पैन कार्ड, विगत तीन साल का आयकर रिटर्न, GST में निबंधन प्रमाण पत्र एवं फार्म अधतन 3B एवं 1 R, अद्यतन चरित्र प्रमाण पत्र (उपायुक्त द्वारा निर्गत हो) की छायाप्रति इत्यादि स्वअभिप्रमाणित प्रति संलग्न करना आवश्यक होगा।
- परिमाण विपत्र के लिए जमा किया जाने वाला डिमान्ड ड्राफ्ट भारतीय स्टेट बैंक के शाखा जो कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमण्डल, डालटनगंज के नाम से भुगतेय होगा, जो निविदा सूचनापरांत तिथि से निर्गत ही मान्य होगा।
- यदि निबंधित संवेदक के प्राधिकृत व्यक्ति द्वारा परिमाण विपत्र क्रय की जाती है तो इस आशय का शपथ पत्र मूल में संलग्न करना आवश्यक होगा।
- किसी अपरिहार्य कारण से निविदा रद्द या स्थगित की जाती है तो परिमाण विपत्र की राशि (डिमान्ड ड्राफ्ट) के रूप में वापस नहीं की जायेगी।
- निविदा से संबंधित अन्य सूचनाओं एवं NIT के अन्य शर्तों के लिए भवन प्रमण्डल, डालटनगंज के सूचना पट्ट को देखा जा सकता है या कार्यालय अवधि में कार्यालय से सम्पर्क किया जा सकता है तथा परिमाण विपत्र में संलग्न नियम एवं शर्तों का अनुपालन करना अनिवार्य होगा।

Executive Engineer,
Building Division, Daltonganj.

PR.NO.371122 Building(25-26):D

**कार्यालय : अभिहित अधिकारी-सह- अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, पलामू**
**(खाद्य सुरक्षा शाखा)** Email id- dofoodpalamu@gmail.com

पत्रांक– ......../खा0सु0, दिनांक– ..................

**-: प्रेष विज्ञप्ति :-**

**सभी मीट/मुर्गा करोबारकर्त्ताओ के लिए आम सूचना**

खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के तहत् मीट एवं मुर्गा दुकान के संचालन हेतु खाद्य अनुज्ञप्ति या पंजीकरण कराना अनिवार्य है। बिना वैद्य अनुज्ञप्ति या पंजीकरण के व्यवसाय करना दण्डनीय अपराध है।

भारतीय खाद्य संरक्षा एवं मानक प्राधिकरण एवं राज्य जीव जन्तु कल्याण बोर्ड झारखण्ड द्वारा मीट एवं मुर्गा दुकान का संचालन करने हेतु निम्न नियम एवं मानक तय किये गये है जिसका अनुपालन करना अनिवार्य है।

1. खाद्य अनुज्ञप्ति/पंजीकरण करने से पहले स्थानीय निकाय एवं प्रदुशण नियंत्रण बोर्ड से अनापत्ति प्रमाण पत्र लेना होगा।
2. खुले में माँस काटकर एवं लटकाकर बेचना सख्त मना है।
3. मीट की दुकान सब्जी या मछली की दुकान के पास नहीं होगा।
4. मीट की दुकान धार्मिक स्थल से 50 मीटर की दुरी पर होगा। धार्मिक स्थल के मेन गेट के विपरीत होने पर 100 मीटर की दूरी होगा।
5. दुकान का दरवाजा स्वतः बंद होने वाला एवं काला शीशा लगा हुआ होना चाहिए।
6. मीट दुकान की उँचाई 3 मीटर से कम नहीं होगा, अगर वातानुकुलित है तो 2.5 मीटर से कम नहीं होगा।
7. मीट दुकान की दीवाल पर 05 Feet की उँचाई तक Impervious Concrete Material लगा होगा ताकि साफ करने में आसानी हो।
8. मीट दुकान की थ्सववत पक्का तथा Non Slippery Materials का बना होगा साथ ही Slope 05 cm से कम नहीं होगा।
9. मीट काटने के चाकू और दूसरे धारदार हथियार स्टेनलेस स्टील का होना चाहिए।
10. Sign board लगा होगा एवं स्पष्ट अंकित होगा कि किस तरह का मांस (झटका/हलाल) बेचा जाता है।
11. दुकान में Potable Water की उचित व्यवस्था होगी एवं Proper Drainage Facility होगी।
12. यदि मांस 48 घंटो से अधिक समय के लिए भंडारित किया जाना है, तो दुकान में 4 से 8 डिग्री से0 तापमान बनाए रखने के लिए डिस्पले कैबिनेट टाइप का रेफ्जिनरेटर या फिजिंग कैबिनेट होना चाहिए।
13. मांस के दुकान को क्रास वेंटीलेशन की सुविधा के साथ हवादार होनी चाहिए।
14. मीट दुकान में Animal waste disposal के निपटारे के लिए समुचित व्यवस्था होनी चाहिए।
15. अपशिष्ट सामग्री का संग्रहण करने के लिए परिसरों में पदचालित ढक्कन सहित कूड़ेदान का व्यवस्था होनी चाहिए।

अतः सभी मीट/मुर्गा दुकानदारों को निर्देश दिया जाता है कि उपरोक्त नियम एवं मानकों का पालन करते हुए खाद्य अनुज्ञप्ति/पंजीकरण कराने के पश्चात ही खाद्य कारोबार करना सुनिश्चित करेंगे।

विश्वासभाजन
खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी, पलामू

PR 371120 District (25-26)_D

## एक नजर

### शिक्षक के निधन पर शोक सभा

**कौआकोल/नबिटा संवाददाता।** प्रखण्ड के मध्य विद्यालय कौआकोल में मंगलवार को शोक सभा का आयोजन किया गया। इसकी जानकारी देते हुए विद्यालय के प्रधानाध्यापक इंद्रदेव दास ने बताया कि मेसकौर प्रखण्ड में कार्यरत शिक्षक व प्रधानाध्यापक आलोक कुमार का बीते दिनों सड़क दुर्घटना में हुई आकस्मिक निधन की घटना के बाद विद्यालय में शोक सभा आयोजित कर मृत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया। इस दरम्यान विद्यालय के शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने मृत शिक्षक की आत्मा के शांति के लिए प्रार्थना भी किया। मौके पर शिक्षक विजय कुमार सुमन, सूर्यकांत निराला, अभिषेक राज, राजकुमार साव, रामजन्म पासवान, अशोक कुमार, सोनम कुमारी, मेनका कुमारी, मकसूद अंसारी आदि मौजूद थे।

### कौआकोल की बेटी को छतीसगढ़ में मिला सम्मान



**कौआकोल/नबिटा संवाददाता।** कौआकोल बाजार निवासी जयशंकर प्रसाद की पुत्री कुमारी प्रियंका को छतीसगढ़ के राजिम में आयोजित साहित्यिक क्षेत्र में एक पेड़ मां के नाम सम्मान से सम्मानित किया गया है। उनको यह सम्मान शिक्षक साहित्य परिषद छतीसगढ़ द्वारा 19 जनवरी को आयोजित सम्मान समारोह में महामहिम राज्यपाल के द्वारा अंगवस्त्र, मेडल, प्रशस्ति पत्र एवं अन्य उपहार देकर सम्मानित किया गया। प्रियंका वर्तमान में पटना सचिवालय में आशुलिपिक के पद पर कार्यरत हैं। बता दें कि यह आयोजन देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान से प्रेरित होकर 'शिक्षक साहित्य परिषद' छत्तीसगढ़ द्वारा आयोजित किया गया था। जिसमें देशभर से प्राप्त 650 से अधिक कविताओं और 31 श्रेष्ठ साहित्यकारों का चयन किया गया। जिसमें बिहार से एक मात्र कुमारी प्रियंका का भी चयन किया गया। प्रियंका की इस सफलता पर उनके स्वजनों एवं प्रखण्ड के लोगों में काफी खुशी देखी जा रही है।

### जंगली वन्य प्राणी को रेस्क्यू कर जंगल में छोड़ा

**कौआकोल।** वन विभाग की टीम ने मंगलवार को जंगल से भटक कर रिहायशी इलाके में पहुंचे एक जंगली वन्य प्राणी (हिरण) का सुरक्षित रेस्क्यू करके उसे सुरक्षित जंगल में छोड़ दिया है। जानकारी के मुताबिक कौआकोल एवं जोगाचक बाजार में लोगों ने सुबह एक जंगली जानवर को भटकते देखा। जिसके तुरंत बाद ग्रामीणों ने इसकी जानकारी वन विभाग को दी। जिसके बाद रेंजर सौरभ सांडिल्य के निर्देश पर विभागीय टीम मौके पर पहुंचे और कड़ी मशक्कत के बाद जंगली जीव का रेस्क्यू कर उसे सरौनी जंगल में छोड़ दिया। ग्रामीणों ने जंगली जीव का सुरक्षित रेस्क्यू करने के लिए विभागीय कर्मचारियों की प्रशंसा की है। रेस्क्यू टीम में वनपाल पंकज कुमार,रविरंजन कुमार,वन सिपाही कुन्दन कुमार,मंटू कुमार,रविन्द्र कुमार,सुभाष कुमार वर्मा आदि शामिल थे।

### बिचाली में आग लगने से हजारों का नुकसान

**कौआकोल/नबिटा संवाददाता।** कौआकोल थाना क्षेत्र के देवनगढ़ पंचायत अंतर्गत कोल्हुआवर गांव में एक किसान के खलिहान में अचानक आग लग जाने से उसमें रखे बिचाली जलकर राख हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार कोल्हुआवर ग्रामीण व किसान गन्धारी प्रसाद के खलिहान में रखे गए लगभग पन्द्रह हजार बिचाली जलकर राख हो गया। जिससे हजारों रुपये मूल्य का नुकसान हुआ। स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से आग पर किसी तरह काबू पाया गया।

### समारोह आयोजित कर शिक्षक को दी गई विदाई

**पकरीबरावां/नबिटा संवाददाता।** प्राथमिक विद्यालय केशोचक में मंगलवार को समारोह आयोजित कर चंद्रदेव चौधरी को विदाई दी गई। शिक्षकों ने उन्हें उपहार एवं अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। शिक्षकों ने उनके सरल स्वभाव की चर्चा की। उनकी विदाई के समय बच्चे एवं शिक्षक भावुक हो गए। इस अवसर पर प्रधान शिक्षक राजीव कुमार, पूर्व प्रभारी प्रधान शिक्षक उमेश प्रसाद यादव, शिक्षक टिंकू कुमार, उत्क्रमित मध्य विद्यालय पिण्डपड़वा के प्रभारी प्रधानाध्यापक विजय कुमार, नवीन कुमार सहित अन्य उपस्थित थे।

### शिक्षा समिति का तीन दिवसीय प्रशिक्षण शुरू

**पकरीबरावां/नबिटा संवाददाता।** पकरीबरावां प्रखण्ड के संकुल संसाधन केंद्र उच्च माध्यमिक विद्यालय अंजुनार में विद्यालय शिक्षा समिति के सदस्यों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण शुरू हुआ। प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षक ने सदस्यों को विद्यालय शिक्षा समिति के दायित्वों, विद्यालय विकास में विद्यालय शिक्षा समिति की भूमिका आदि की विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर संचालक डॉ. राजेश कुमार प्रभाकर, समन्वयक अरुण कुमार सहित अन्य उपस्थित थे।

### अनुपस्थित रहने वाले पदाधिकारियों से जवाब तलब

**पकरीबरावां/नबिटा संवाददाता।** पकरीबरावां प्रखण्ड कार्यालय में पंचायत समिति की बैठक हुई। बैठक में 2026-27 के लिए 1 करोड़ 14 की योजनाएं पारित की गई। बैठक से अनुपस्थित रहने वाले पदाधिकारियों से जवाब- तलब किए जाने का निर्णय लिया गया। बैठक में विभिन्न विभागों का मुद्दा छाया रहा। बैठक में पीएचईडी विभाग पर जमकर चर्चा हुई। सदस्यों ने कहा कि पूरे प्रखण्ड में कई जगह नल-जल योजना में खराबी है। कहा गया कि मरम्मत के नाम पर विभाग द्वारा राशि उपलब्ध कराई जाती है, पर इससे केवल खानापूर्ति कर दी जाती है। विभाग के कनीय अभियंता एवं सहायक अभियंता पर लापरवाही का आरोप लगाया गया। भवनहीन विद्यालयों एवं जिन विद्यालयों में भवन की कमी है, वहां भवन निर्माण पर जोर दिया गया। कई प्राथमिक विद्यालय को मध्य विद्यालय में अपग्रेड करने की मांग उठी। बैठक में आंगनबाड़ी, पीडीएस के भी मामले आए। बैठक में सदस्यों ने कहा कि स्वास्थ्य उप केंद्रों में डॉक्टर की तैनाती नहीं है। जिससे लोगों को चिकित्सा सुविधा का लाभ नहीं मिल पाता है। बैठक की अध्यक्षता प्रमुख रंजू कुमारी ने की। इस अवसर पर प्रखण्ड विकास पदाधिकारी डॉ. मृत्युंजय कुमार, उप प्रमुख धर्मराज सिंह, ग्रामीण विकास पदाधिकारी नीतीश कुमार, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी नेहा कुमारी, प्रखण्ड आपूर्ति पदाधिकारी अलका कुमारी, प्रखण्ड पंचायती राज पदाधिकारी अमरजीत कुमार शाबरी, बिजली विभाग के कनीय अभियंता अनिल कुमार, पंचायत समिति सदस्य दिनेश सिंह, उपेन्द्र सिंह, रोहित कुमार, मुखिया मनोज चौरसिया सहित अन्य उपस्थित थे।

### झंडोत्तोलन के लिए सरकारी कार्यालय व संस्थानों में समय निर्धारण

नारदीगंज,नवादा। 26 जनवरी 2026 को झंडोत्तोलन के लिए सरकारी कार्यालय व संस्थानों में समय निर्धारण कर दिया गया है। बीडीओ सोनिया ढनढनिया ने कहा प्रखंड कार्यालय परिसर नारदीगंज में नौ बजकर 15 मिनट पूर्वाह्न में,अंचल कार्यालय में नौ बजकर 30 मिनट में,थाना परिसर में नौ बजकर 45 मिनट में, सीएचसी में 10 बजे में, कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय नारदीगंज में 10 बजकर 15 मिनट में, बीआरसी भवन में 10.30 मिनट में, पेंशनर भवन में 10.45 मिनट में, इंटर विद्यालय नारदीगंज में 11 बजे में, राजकीय बुनियादी विद्यालय नारदीगंज में 11.15 मिनट में, सीडीपीओ कार्यालय में 11.25 में के अलावा पंचायत भवन नारदीगंज में 11.40 में झंडोत्तोलन करने का समय निर्धारित किया गया है।

# मेगा जॉब फेयर : युवाओं को रोजगार एवं करियर मार्गदर्शन की नई दिशा





**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय, नवादा के परिसर में मेगा जॉब फेयर–2026 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन जिलाधिकारी रवि प्रकाश द्वारा किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला पदाधिकारी ने उपस्थित छात्र-छात्राओं को करियर मार्गदर्शन प्रदान करते हुए रोजगार के अवसरों का अधिकतम लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में कैरियर के अवसर किसी विशेष संस्थान या वहाँ के फैकल्टी तक सीमित नहीं रह गए हैं। आज के डिजिटल युग में जिन युवाओं के पास लैपटॉप, कंप्यूटर अथवा मोबाइल की सुविधा है, उनके लिए अनेक ऐसे डिजिटल प्लेटफॉर्म उपलब्ध हैं, जिनके माध्यम से बिना किसी खर्च के विश्व के प्रतिष्ठित संस्थानों में कार्यरत अनुभवी फैकल्टी से प्रशिक्षण एवं ज्ञान प्राप्त किया जा सकता है। जिला पदाधिकारी ने हार्ड स्किल के महत्व पर विशेष बल देते हुए कहा कि विद्यार्थियों के लिए औपचारिक शिक्षा के साथ-साथ हार्ड स्किल में दक्षता प्राप्त करना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि यदि कोई विद्यार्थी हार्ड स्किल के साथ-साथ सॉफ्ट स्किल, संचार कौशल एवं व्यवहारिक क्षमता में भी निपुण है, तो उसके लिए रोजगार के अवसर उन विद्यार्थियों की तुलना में अधिक हो सकते हैं, जो केवल उच्च प्रतिशत अंक प्राप्त करते हैं।

छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित करते हुए जिला पदाधिकारी ने कहा कि आज रोजगार के अवसर केवल महानगरों तक सीमित नहीं हैं। डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से अब छोटे शहरों एवं ग्रामीण क्षेत्रों में रहकर भी देश-विदेश की कंपनियों में समान अवसर प्राप्त हो रहे हैं। पहले जहां ऑफलाइन माध्यम से केवल मेट्रोपोलिटन शहरों में ही अवसर उपलब्ध होते थे, वहीं आज ऑनलाइन माध्यम से सभी क्षेत्रों के युवाओं को रोजगार के समान अवसर मिल रहे हैं। अपने संबोधन के अंत में उन्होंने छात्र-छात्राओं को सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाने की सलाह देते हुए कहा कि सकारात्मक प्रयास ही जीवन में सफलता की कुंजी है। उन्होंने कहा कि जिन विद्यार्थियों का चयन होगा, वह उनकी मेहनत का प्रतिफल होगा, जबकि जिनका चयन नहीं हो पाता है, उन्हें निराश होने की आवश्यकता नहीं है। बल्कि उन्हें और अधिक मेहनत, लगन एवं आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ना चाहिए। इस अवसर पर राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय के प्राचार्य विनय कुमार चौधरी ने उपस्थित छात्र-छात्राओं को उनके कैरियर, प्लेसमेंट एवं भविष्य की संभावनाओं के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की। उन्होंने कहा कि प्लेसमेंट में जिन छात्रों का चयन होता है, वह उनकी निरंतर मेहनत, लगन एवं समर्पण का परिणाम होता है। प्राचार्य ने कहा कि जिन विद्यार्थियों का चयन किसी कारणवश नहीं हो पाता है, उन्हें निराश होने की आवश्यकता नहीं है। असफलता को जीवन का अंत नहीं, बल्कि आत्ममंथन का अवसर मानना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि चयन न होने की स्थिति में अपने प्रदर्शन का आकलन करें, अपनी कमियों को पहचानें तथा उन्हें दूर करने का निरंतर प्रयास करें। कार्यक्रम के अवसर पर गोपनीय शाखा प्रभारी राजीव कुमार, प्रशिक्षण पदाधिकारी डॉ. रजनीकांत राव, डॉ. सैयद सुफियान, विभागीय समन्वयक डॉ. शशि रंजन, अलका कुमार, निखिल कुमार सहित राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय के बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# किसी भी मामले का निवारण अधिकतम दो माह के भीतर करें

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** जिलाधिकारी रवि प्रकाश द्वारा अपने कार्यालय प्रकोष्ठ में बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम के अंतर्गत द्वितीय अपील की सुनवाई की गई। आज की सुनवाई में सात परिवादी उपस्थित हुए, जिनमें से छह मामलों का ऑन-स्पॉट निवारण कर दिया गया।

आज प्रस्तुत द्वितीय अपील मामलों में प्रखंड नारदीगंज, ग्राम नारदीगंज के प्रदीप कुमार द्वारा दुकान को कब्जा मुक्त कराने के संबंध में, नगर थाना नवादा अंतर्गत ग्राम सिसवां की पूजा कुमारी द्वारा प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना में भ्रष्टाचार के संबंध में, अंचल मेसकौर, थाना सीतामढ़ी, पो. बैजनाथपुर, ग्राम नेपुरा के अनिल कुमार द्वारा जमीन मापी कराने के संबंध में, प्रखंड अकबरपुर, ग्राम नेमदारगंज के नितेश कुमार द्वारा विद्यालय में अनियमितता के संबंध में, नगर थाना नवादा अंतर्गत पो. नवादा, ग्राम सिसवां की पूजा कुमारी द्वारा झूठे आरोप पर जांच प्रतिवेदन देने के संबंध में, तथा थाना नेमदारगंज, पो. महानन्दपुर के सच्चिदानंद सिंह द्वारा नकल उपलब्ध नहीं कराने के संबंध में ऑनलाइन द्वितीय अपील दायर की गई थी। संबंधित पदाधिकारियों द्वारा उपलब्ध कराए गए जांच प्रतिवेदनों के आधार पर जिला पदाधिकारी द्वारा शिकायतों का निष्पादन किया गया। उल्लेखनीय है कि बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम, 2015 के तहत किसी भी मामले का निवारण अधिकतम दो माह के भीतर किया जाता है। प्रखंड एवं पंचायत स्तर से संबंधित विवादों एवं समस्याओं के लिए अनुमंडलीय लोक शिकायत निवारण कार्यालय, नवादा सदर एवं रजौली में अपील दायर की जा सकती है। वहीं जिला स्तरीय समस्याओं एवं परिवादों के निवारण हेतु जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी, नवादा का कार्यालय समाहरणालय के मुख्य प्रवेश द्वार के दाहिने ओर, लोक सेवाओं का अधिकार अधिनियम भवन में संचालित है।

# नितिन नवीन के भाजपा का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने पर कार्यकर्ताओं में खुशी का माहौल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**बिहारशरीफ।** भाजपा जिला कार्यालय में भाजपा कार्यकर्ताओं ने नितिन नवीन को भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने पर खुशियों का इजहार किया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष राजेश कुमार के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को मिठाइयां बांटी, पटाखे फोड़कर खुशियों का इजहार किया। मौके पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के द्वारा कार्यकर्ताओं के संबोधन को जिला कार्यालय में टीवी के माध्यम से सुना। पी एम मोदी के संबोधन ने कार्यकर्ताओं में उत्साह भरते हुए एक नई ऊर्जा का संचार किया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने नितिन नवीन के लिए ढोल-नगाड़ों के साथ जश्न मनाया और उन्हें बधाई दी। मौके पर जिलाध्यक्ष राजेश कुमार ने कहा कि नीतीन नवीन का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनना बिहार के प्रत्येक भाजपा कार्यकर्ताओं के लिए अत्यंत गौरव की बात है। हमें पूर्ण विश्वास है कि उनके नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी अभूतपूर्व सफलता प्राप्त करेगी और परम वैभव को प्राप्त करेगी। इस अवसर पर प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राजेश्वर प्रसाद सिंह, जिला उपाध्यक्ष अरविंद पटेल, डा अशुतोष कुमार, शिवशंकर दास, जिला महामंत्री शिवरतन प्रसाद, जिला मंत्री अमरेश कुमार, योगेन्द्र मंडल , सोनू कुमार हिंदू, आइटी सेल संयोजक अमित शान, प्रणव कुमार सिन्हा, मंडल अध्यक्ष रजनीश कुमार, राजीव कुमार, आलोक रंजन, मनष्वी शर्मा, अमर राजपूत,राहुल कुमार सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# हिलसा प्रीमियर लीग-03 संपन्न, बाढ़ बना चैंपियन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हिलसा (नालंदा)।** हिलसा प्रीमियर लीग–03 का मंगलवार को उत्साह और खेल भावना के साथ भव्य समापन हुआ। क्षेत्र के प्रतिष्ठित क्रिकेट टूर्नामेंट में कुल 16 टीमों ने भाग लेकर अपनी प्रतिभा, अनुशासन और प्रतिस्पर्धात्मक जज्बे का शानदार प्रदर्शन किया। पूरे आयोजन के दौरान दर्शकों में क्रिकेट को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला। टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला बाढ़ और तरंगना टीम के बीच खेला गया, जो अंत तक रोमांच से भरा रहा। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए बाढ़ की टीम ने निर्धारित 15 ओवर में 143 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी तरंगना की टीम कड़े संघर्ष के बावजूद 135 रन ही बना सकी और 8 रन से मुकाबला हार गई। इस तरह बाढ़ की टीम ने हिलसा प्रीमियर लीग–03 की चैंपियन ट्रॉफी अपने नाम की। फाइनल मैच में शानदार प्रदर्शन के लिए बाढ़ टीम के बिट्टू को 'मैन ऑफ द मैच' घोषित किया गया। वहीं पूरे टूर्नामेंट में निरंतर उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन करने वाले राज–11 टीम के नीरज को 'सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी' का पुरस्कार प्रदान किया गया। समापन समारोह में हिलसा विधायक कृष्ण मुरारी शरण उर्फ प्रेम मुखिया, मुख्य पार्षद धनंजय कुमार सहित धर्मेंद्र कुमार, विमलेश कुमार, विकास कुमार, संजीव कुमार, अमित कुमार, रूपेश, राजकुमार एवं एपीएल परिवार के सभी सदस्य उपस्थित रहे।

# डीएम ने खत्म की भौतिक नकल प्रणाली

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**बिहारशरीफ।** जिलाधिकारी कुंदन कुमार ने निर्देश जारी करते हुए कहा है कि 1 जनवरी 2026 से राजस्व अभिलेखों की सत्यापित (नकल) प्रति की पूर्व से चली आ रही भौतिक निर्गत प्रणाली को समाप्त किया जाता है। अब सभी प्रकार के राजस्व अभिलेखों की केवल डिजिटल हस्ताक्षरित प्रतियां ही भू-अभिलेख पोर्टल के माध्यम से उपलब्ध कराई जाएंगी, जो विधि सम्मत सत्यापित प्रति मानी जाएंगी। पारंपरिक रूप से राजस्व अभिलेखों की सत्यापित प्रति प्राप्त करने के लिए आवेदकों को कार्यालयों में बार-बार जाना पड़ता था। 'चिरकुट' नामक प्रपत्र भरकर शुल्क जमा करने, पंजी में प्रविष्टि, लिपिकीय प्रक्रिया और पदाधिकारियों से अनुमोदन के बाद प्रति निर्गत होने में प्रायः 7 से 14 दिन का समय लगता था। यह प्रक्रिया श्रमसाध्य, खर्चीली तथा दूर-दराज के ग्रामीणों के लिए अत्यंत जटिल मानी जाती रही है। जिलाधिकारी ने बताया कि भू-अभिलेख पोर्टल पर विभिन्न राजस्व अभिलेखों की स्कैन प्रतियां उपलब्ध हैं तथा आवेदक ऑनलाइन शुल्क का भुगतान कर डिजिटल हस्ताक्षरित प्रतियाँ प्राप्त कर सकते हैं। बड़ी संख्या में लोग इस सुविधा का लाभ ले भी रहे हैं। राजस्व पर्षद, बिहार, पटना की अधिसूचना संख्या–831 (दिनांक 26.06.2024) के अनुसार बिहार अभिलेखागार हस्तक, 1960 में नया नियम 297 (क) जोड़ा गया है, जिसके तहत सक्षम पदाधिकारी द्वारा डिजिटली हस्ताक्षरित किसी भी अभिलेख को प्रमाणित प्रतिलिपि माना जाएगा। इसके साथ ही पोर्टल पर ऐसी व्यवस्था भी की गई है कि यदि कोई वांछित दस्तावेज ऑनलाइन उपलब्ध नहीं है, तो उसकी माँग भी ऑनलाइन की जा सकेगी, और उपलब्धता के आधार पर डिजिटल हस्ताक्षरित प्रति पोर्टल के माध्यम से भेज दी जाएगी। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि भौतिक सत्यापित प्रति प्रणाली को जारी रखने की अब कोई आवश्यकता नहीं है, और 1 जनवरी 2026 से इस व्यवस्था को पूरी तरह समाप्त कर दिया गया है। अब नागरिकों को अपने सभी राजस्व अभिलेखों की सत्यापित प्रति केवल भू-अभिलेख पोर्टल से डिजिटल स्वरूप में ही मिलेगी, जिससे पारदर्शिता, सुविधा और समय की बचत सुनिश्चित होगी।

# सांसद खेल उत्सव 21-22 जनवरी को

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**बिहारशरीफ।** सांसद खेल उत्सव 21 एवं 22 जनवरी 2026 को आयोजित किया जाएगा, जिसका उद्देश्य जिले के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में छिपी खेल प्रतिभाओं को मंच देना और युवाओं में खेल भावना का विकास करना है। उक्त जानकारी सांसद कौशलेंद्र कुमार ने बिहारशरीफ परिसदन में संवाददाता सम्मेलन के दौरान दी। उन्होंने बताया कि खेल उत्सव के अंतर्गत विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। सोगरा हाई स्कूल मैदान, बिहार शरीफ में क्रिकेट (बालक/बालिका), फुटबॉल (पुरुष वर्ग) और कबड्डी (बालक/बालिका) प्रतियोगिताएं होंगी। क्रिकेट में बालिका वर्ग की 2 और बालक वर्ग की 4 टीमें भाग लेंगी। फुटबॉल में कुल 6 टीमें, जबकि कबड्डी में बालक व बालिका वर्ग में 6–6 टीमें हिस्सा लेंगी। वहीं, हेल्थ क्लब बिहार शरीफ में बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन होगा, जिसमें बालक एवं बालिका वर्ग में 8–8 खिलाड़ी भाग लेंगे।

सभी प्रतियोगिताओं में विजेता एवं उपविजेता टीमों/खिलाड़ियों को पुरस्कृत कर सम्मानित किया जाएगा, जिससे खिलाड़ियों का मनोबल बढ़े। यह आयोजन जिला प्रशासन के सहयोग से सांसद कौशलेंद्र कुमार की अनुशंसा एवं मार्गदर्शन में किया जा रहा है। खेल उत्सव के सफल संचालन के लिए प्रशासनिक स्तर पर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं पूरी कर ली गई हैं। प्रेस वार्ता के दौरान कौशलेंद्र कुमार ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का सपना है कि भारत एक सशक्त युवा राष्ट्र बने। इसके लिए गांवों और कस्बों के युवाओं में खेल के प्रति रुचि और खेल भावना को जागृत करना जरूरी है। सांसद खेल उत्सव इस दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल साबित होगा और जिले के ऊर्जावान व प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को आगे बढ़ने का अवसर देगा।

# नीतिन नवीन के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने पर नवादा में बांटी गई मिठाई

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**नवादा।** जिले के भाजपा कार्यकर्ताओं में उस समय हर्ष और उल्लास की लहर दौड़ गई जब नितिन नवीन के निर्विरोध राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने की घोषणा हुई। इस अवसर पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने पटाखे फोड़कर तथा एक-दूसरे को मिठाइयां खिलाकर खुशियां मनाईं।

भाजपा जिला अध्यक्ष अनिल मेहता ने कहा कि नितिन नवीन का निर्विरोध राष्ट्रीय अध्यक्ष बनना भारतीय जनता पार्टी के लिए अत्यंत गर्व का विषय है। उनके सशक्त नेतृत्व और संगठनात्मक दक्षता से पार्टी को नई ऊर्जा और दिशा मिलेगी। उन्होंने विश्वास जताया कि नितिन नवीन के नेतृत्व में भाजपा आगामी चुनावों में भी परचम लहराएगी।

जिला अध्यक्ष ने आगे कहा कि यह नवादा जिले के लिए विशेष गौरव की बात है कि नितिन नवीन नवादा जिले की राजौली विधानसभा के अमावां गांव से हैं। उनका राष्ट्रीय अध्यक्ष बनना न केवल नवादा बल्कि पूरे बिहार के लिए सम्मान की बात है। नवादा सहित पूरे बिहार के भाजपा कार्यकर्ता उनके नेतृत्व में संगठन को और अधिक मजबूत करने के लिए पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य करेंगे। इस अवसर पर प्रदेश कार्यसमिति सदस्य प्रताप रंजन, जिला महामंत्री अरविन्द गुप्ता, नंदकिशोर चौरसिया, उपाध्यक्ष तेजस सिन्हा, विनोद भोली, मुकेश कुमार, मंडल अध्यक्ष शिवरानी केशरी, जीतेन्द्र पासवान, सूर्यनरायण गुप्ता, जितेंद्र बब्लू, मनोज गुप्ता, सीमा कुमारी, सविता आर्य, सुनीता देवी, किरण भारती, चिरंजीवी पाण्डेय, आलोक कुमार, तरुण राजवंशी, महिला मोर्चा अध्यक्ष माधुरी वर्णनवाल, गौतम भारती, महेश कुमार, उपेंद्र कुशवाहा, संजय भोजपुरी, प्रेम चंद्र पटियाला सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# थानाध्यक्ष शत-प्रतिशत पूजा पंडालों का लाइसेंस निर्गत कराना सुनिश्चित करें

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** जिलाधिकारी रवि प्रकाश एवं पुलिस अधीक्षक अभिनव धीमान की संयुक्त अध्यक्षता में सरस्वती पूजा–2026 के अवसर पर जिले भर में विधि व्यवस्था एवं शांति व्यवस्था संधारण हेतु संबंधित पदाधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में बताया गया कि इस वर्ष सरस्वती पूजा 23 जनवरी 2026 को आयोजित की जाएगी। इस अवसर पर संभावित भीड़ तंत्र पर नियंत्रण, पूजा पंडालों की व्यवस्था, जुलूस एवं विसर्जन मार्ग, यातायात प्रबंधन, विद्युत एवं अग्नि सुरक्षा, ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग, असामाजिक तत्वों पर नियंत्रण तथा आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की गई।

जिला पदाधिकारी द्वारा सभी थानाध्यक्षों को स्पष्ट निर्देश दिया गया कि शत-प्रतिशत पूजा पंडालों का लाइसेंस निर्गत कराना सुनिश्चित करें। सभी पूजा पंडालों का पूर्व निरीक्षण अनिवार्य रूप से कराया जाए तथा अग्नि सुरक्षा एवं विद्युत सुरक्षा के सभी मानकों का सख्ती से अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। बिना लाइसेंस किसी भी प्रकार का जुलूस निकालने की अनुमति नहीं दी जाएगी। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि शांति समिति एवं पूजा समितियों के साथ बैठक कर एसओपी की शर्तों का वाचन कराया जाए। सुरक्षा के दृष्टिकोण से पूजा समिति के सदस्यों का आधार कार्ड, पहचान पत्र एवं मोबाइल नंबर अनिवार्य रूप से प्राप्त किए जाएं। पूर्व में घटित घटनाओं वाले क्षेत्रों में विशेष चौकसी बरतने, लाइसेंस निर्गत करते समय पूजा संचालकों के साथ ग्रुप फोटोग्राफी कराने, डीजे को पूर्णतः प्रतिबंधित रखने तथा अश्लील गानों पर सख्त रोक लगाने के निर्देश दिए गए।

भीड़ नियंत्रण हेतु सभी पूजा पंडालों में सीसीटीवी कैमरे लगाए जाने, मूर्ति विसर्जन निर्धारित मानक रूट के अनुसार कराने तथा विसर्जन जुलूस की ड्रोन कैमरे से शत-प्रतिशत निगरानी एवं वीडियोग्राफी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। एक्साइज सुपरिंटेंडेंट को नशीले पदार्थों यथा शराब एवं ड्रग्स की तस्करी तथा सेवन पर कड़ी निगरानी रखने का निर्देश दिया गया।

पुलिस अधीक्षक अभिनव धीमान ने बताया कि जिले के संवेदनशील एवं अति संवेदनशील स्थलों की पहचान कर पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की तैनाती की जाएगी। गश्ती व्यवस्था को और सुदृढ़ किया जाएगा, मनचलों पर विशेष नजर रखी जाएगी तथा सोशल मीडिया पर सतत निगरानी रखी जाएगी, ताकि किसी भी प्रकार की अफवाह या भ्रामक सूचना फैलने से रोका जा सके। अंत में जिला प्रशासन द्वारा आम नागरिकों से अपील की गई कि वे सरस्वती पूजा का पर्व शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाएं, प्रशासन का सहयोग करें तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत प्रशासन या पुलिस को दें।

आज की बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी, नवादा सदर अमित अनुराग, गोपनीय शाखा प्रभारी राजीव कुमार उपस्थित थे। वहीं अनुमंडल पदाधिकारी रजौली, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी रजौली सहित सभी अंचलाधिकारी एवं थानाध्यक्ष वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक से जुड़े रहे।

# जनवरी में एक लाख 89 हजार क्विंटल अनाज का शत-प्रतिशत उठाव सराहनीय

## एसएफसी की समीक्षा बैठक में जिला प्रबंधक दिग्विजय सिंह ने दिए निर्देश



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** बिहार राज्य खाद्य एवं असैनिक आपूर्ति निगम के जिला कार्यालय में मंगलवार को सहायक गोदाम प्रबंधकों की विशेष समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के लाभुकों को अनाज की सुचारू उपलब्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से गोदामों से अनाज उठाव और उसे पीडीएस दुकानों तक पहुंचाने की प्रगति की समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान बताया गया कि गया जिले में निर्धारित तिथि 20 जनवरी से दो दिन पूर्व 18 जनवरी तक जनवरी माह के लिए कुल एक लाख 89 हजार क्विंटल अनाज का शत प्रतिशत उठाव कर लिया गया है। इसमें सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत करीब एक लाख 54 हजार क्विंटल, मध्याह्न भोजन योजना के लिए करीब 15 हजार क्विंटल तथा आंगनबाड़ी के लिए लगभग 19 हजार 400 क्विंटल अनाज शामिल है। बैठक की अध्यक्षता करते हुए राज्य खाद्य निगम के जिला प्रबंधक दिग्विजय सिंह ने सभी प्रखंडों के सहायक गोदाम प्रबंधकों को निर्देश दिया कि जनवरी 2026 और इसके बाद भी राशन वितरण की प्रक्रिया को और अधिक सरल, पारदर्शी तथा समयबद्ध बनाया जाए। उन्होंने कहा कि पीडीएस और अन्य योजनाओं के अंतर्गत अनाज उठाव में जनता के हित को ध्यान में रखते हुए पहले आया, पहले निकला की व्यवस्था का सख्ती से पालन किया जाए। बैठक में इस बात पर विशेष जोर दिया गया कि लाभुकों को अच्छी गुणवत्ता का अनाज उपलब्ध कराया जाए। इसके लिए सभी संबंधित पदाधिकारियों और कर्मियों को सतत रूप से सक्रिय रहने का निर्देश दिया गया। बताया गया कि सरकार का लक्ष्य है कि गरीब परिवारों को समय पर राशन मिले और इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही न हो। समीक्षा बैठक में यह भी कहा गया कि सभी परिवहनकर्ताओं और राज्य खाद्य निगम के सहायक गोदाम प्रबंधकों को यह सुनिश्चित करना होगा कि गया जिले के सार्वजनिक वितरण प्रणाली के लाभुकों के साथ-साथ स्कूली छात्रों और आंगनबाड़ी से जुड़े लाभुक बच्चों को हर महीने की शुरुआती तिथियों से ही राशन उपलब्ध हो सके।

# अमरीन खान और राजेश कुमार मिक्की बने केंद्रीय गृह मंत्रालय हिंदी सलाहकार समिति के सदस्य

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** केंद्रीय गृह मंत्रालय के हिंदी राजभाषा विभाग कार्यालय तथा भारत सरकार के सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा हिंदी सलाहकार समिति का पुनर्गठन किया गया है। इस संबंध में गजट अधिसूचना भी जारी कर दी गई है। पुनर्गठित समिति के संघटन, कार्य और कार्यकाल को निर्धारित किया गया है। इस समिति में प्रसिद्ध कवि, लेखक और समाजसेविका अमरीन खान तथा गया के वरीय पत्रकार राजेश कुमार मिक्की को सदस्य नामित किया गया है। दोनों को सदस्य बनाए जाने पर विभिन्न वर्गों के लोगों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बधाइयां और शुभकामनाएं दी हैं। हिंदी सलाहकार समिति में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री जीतनराम मांझी अध्यक्ष होंगे जबकि सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम राज्य मंत्री उपाध्यक्ष के रूप में समिति में शामिल रहेंगे। अमरीन खान का जन्म उत्तर प्रदेश के लखनऊ में हुआ है। उन्होंने लखनऊ विश्वविद्यालय से स्नातक की पढ़ाई पूरी की है। इसके बाद उन्होंने देश-विदेश की कई प्रतिष्ठित पत्र-पत्रिकाओं के लिए लेखन किया। उनकी काव्य रचनाएं समाज की गहरी समझ और संवेदनशीलता को अभिव्यक्त करती हैं। साहित्यिक गतिविधियों के साथ-साथ वे सामाजिक न्याय और शिक्षा के क्षेत्र में भी सक्रिय रही हैं। उन्होंने ग्रामीण महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए कई परियोजनाएं शुरू की हैं। उद्यमिता के क्षेत्र में भी उनकी सक्रिय भूमिका रही है और उन्होंने स्टार्टअप इकोसिस्टम में युवाओं को मार्गदर्शन प्रदान किया है। उनके पति दानिश रिजवान केंद्रीय सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री के सलाहकार हैं। राजेश कुमार मिक्की अपने पिता शिवबालक सिंह से प्रेरणा लेकर वर्ष 1987 से पत्रकारिता से जुड़े रहे हैं। वे निष्पक्ष और खोजी पत्रकारिता के लिए जाने जाते हैं। पत्रकारिता के क्षेत्र में उनका कार्य बिहार, झारखंड और उत्तर प्रदेश तक विस्तृत रहा है। जनहित और राष्ट्रहित से जुड़ी पत्रकारिता में उनका निरंतर योगदान रहा है। रेलवे से जुड़ी पत्रकारिता भी उनकी एक महत्वपूर्ण पहचान मानी जाती है। पुनर्गठित 30 सदस्यीय हिंदी सलाहकार समिति में कई सांसद और राज्यसभा सदस्य भी शामिल किए गए हैं। समिति में हिमाद्रि सिंह, विष्णु दयाल राम, रेखा शर्मा, नितिन लक्ष्मण राव जाधव पाटिल, श्रीरंग अप्पा बारणे, संगीता यादव, सुरेश चंद्र, अमरीन खान, उमाशंकर सिंह, राजेश कुमार मिक्की, प्रणव मिश्रा, निरब साठे, पी रंगनायाकुलु, राकेश कुमार वर्मा और अशोकानन्द झा सहित अन्य सदस्य शामिल हैं। इसके अलावा समिति में संबंधित विभागों के अधिकारी भी सदस्य के रूप में नामित किए गए हैं।

# शिक्षाविद बादशाह प्रसाद आजाद की 13वीं पुण्यतिथि मनी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** पूर्व विधान पार्षद और प्रसिद्ध शिक्षाविद बादशाह प्रसाद आजाद की 13वीं पुण्यतिथि गयाजी में मनाई गई। इस अवसर पर लोगों ने उनके चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम में जहानाबाद के सांसद सुरेंद्र प्रसाद यादव, राष्ट्रीय जनता दल के विधायक अजय दांगी, पूर्व विधायक शिव बचन यादव, अशोक आजाद, राजाराम प्रसाद सहित कई जनप्रतिनिधि और गणमान्य लोग शामिल हुए। पुण्यतिथि के अवसर पर स्वर्गीय बादशाह प्रसाद आजाद के भतीजे और राष्ट्रीय जनता दल के नेता अशोक प्रसाद आजाद ने उनके जीवन और कार्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि अपने कार्यकाल के दौरान बादशाह प्रसाद आजाद ने शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया। रांची में उन्होंने बादशाह आजाद नाम से एक बड़ा छात्रावास बनवाया था जहां आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों के लिए निशुल्क आवास और शिक्षा की व्यवस्था की गई थी। उन्होंने बताया कि इसके अलावा बादशाह प्रसाद आजाद ने कर्पूरी ठाकुर इंटर कॉलेज सहित कई शिक्षण संस्थानों की स्थापना की थी। इन संस्थानों में आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों को निशुल्क शिक्षा प्रदान की जाती थी। शिक्षा के साथ-साथ सामाजिक कार्यों में भी उनकी गहरी रुचि थी। जरूरतमंद लोग जब भी उनके पास सहायता के लिए आते थे, वे हमेशा उनकी मदद करते थे। अशोक प्रसाद आजाद ने कहा कि समाज और शिक्षा के क्षेत्र में उनके योगदान के कारण ही हर वर्ष उनकी पुण्यतिथि पर बड़ी संख्या में लोग शामिल होकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं।

# स्कूली बच्चों के प्रदर्शन से सजेगा गणतंत्र दिवस, शेरघाटी में तैयारियों को लेकर प्रशासन सक्रिय



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शेरघाटी।** शहर में 26 जनवरी को मनाए जाने वाले गणतंत्र दिवस समारोह को भव्य, अनुशासित और यादगार बनाने के लिए प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आ रहा है। इसी क्रम में मंगलवार को शेरघाटी अनुमंडल कार्यालय के सभागार में एक महत्वपूर्ण प्रशासनिक बैठक आयोजित की गई जिसकी अध्यक्षता एसडीओ मनीष कुमार ने की। बैठक में गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया तथा सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए गए। बैठक के दौरान बताया गया कि गणतंत्र दिवस के अवसर पर शहर के विभिन्न सरकारी एवं निजी विद्यालयों के छात्र-छात्राएं परेड, पिरामिड निर्माण और आकर्षक झांकियों के माध्यम से देशभक्ति का संदेश देंगे। बच्चों की प्रस्तुतियों को कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण बनाया जाएगा। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं और विद्यालयों को अनुमंडल प्रशासन की ओर से प्रशस्ति पत्र, मेडल एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया जाएगा जिससे बच्चों का उत्साहवर्धन हो सके। परेड आयोजन की जिम्मेदारी रंगलाल विद्यालय के शिक्षक सवाब खान को सौंपी गई। वहीं राष्ट्रगान की सामूहिक प्रस्तुति के लिए प्रोजेक्ट कन्या इंटर स्कूल, जवाहर नवोदय विद्यालय और कस्तूरबा विद्यालय को दायित्व दिया गया है। इसके अतिरिक्त कार्यक्रम में एक विशेष आकर्षण के रूप में 26 जनवरी की दोपहर पुलिस कर्मियों और प्रेस प्रतिनिधियों के बीच मैत्री क्रिकेट मैच का भी आयोजन किया जाएगा। बैठक में डीसीएलआर प्रियंका कौशिक, इलेक्शन पदाधिकारी रंजय कुमार, सीओ उषा कुमारी, बीडीओ स्नेहिल आनंद, सर्किल इंस्पेक्टर नेयाज अहमद, थानाध्यक्ष मोहन कुमार सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। सभी अधिकारियों ने आपसी तालमेल के साथ कार्यक्रम को सफल और गरिमामय बनाने का संकल्प लिया।

# नितिन नवीन का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनना देश के युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत

## भाजपा नेता डॉ मनीष पंकज मिश्रा ने दी बधाई



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** नितिन नवीन को भारतीय जनता पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाए जाने पर भाजपा नेता डॉ मनीष पंकज मिश्रा सहित भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य राजेंद्र प्रसाद अधिवक्ता, संतोष ठाकुर ने हर्ष और उल्लास के साथ अपनी खुशी का इजहार किया। इस अवसर पर डॉ मनीष पंकज मिश्रा ने कहा कि यह क्षण भारतीय जनता पार्टी के इतिहास में अत्यंत गौरवपूर्ण है क्योंकि विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी को एक युवा, ऊर्जावान और दूरदर्शी नेतृत्व प्राप्त हुआ है। उन्होंने कहा कि नितिन नवीन का राजनीतिक सफर बिहार की पावन धरती से प्रारंभ होकर आज राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचा है। यह न केवल बिहार के लिए बल्कि पूरे देश के युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत है। उनके निर्विरोध अध्यक्ष चुने जाने से यह स्पष्ट होता है कि पार्टी के भीतर उनके प्रति अपार विश्वास, स्वीकार्यता और संगठनात्मक क्षमता को सर्वसम्मति से मान्यता मिली है। उन्होंने आगे कहा कि आज का दिन इसलिए भी ऐतिहासिक है क्योंकि युवा नेतृत्व को देश की राजनीति में निर्णायक भूमिका निभाने का अवसर मिला है। यह नेतृत्व नई सोच, नई ऊर्जा और नए भारत के संकल्प को और गति देगा। नितिन नवीन का अनुभव और युवा दृष्टिकोण संगठन को भविष्य की चुनौतियों के लिए पूरी तरह तैयार करेगा। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के प्रति कोटि-कोटि आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके मार्गदर्शन और विश्वास से ही आज पार्टी को ऐसा सक्षम और युवा अध्यक्ष मिला है। उन्होंने नितिन नवीन को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी राष्ट्र निर्माण के संकल्प को और मजबूती से आगे बढ़ाएगी तथा देश को प्रगति, विकास और आत्मनिर्भरता के मार्ग पर अग्रसर करेगी।

# अज्ञात व्यक्ति का मिला शव, जांच में जुटी पुलिस

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**डोभी/गयाजी।** बहेरा थाना क्षेत्र अंतर्गत अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। शव पर किसी प्रकार की चोट या जख्म के निशान नहीं पाए गए हैं। शव मिलने की सूचना के बाद मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार मृतक व्यक्ति मानसिक रूप से विक्षिप्त था जिसे बीते 2-3 दिनों से क्षेत्र में इधर-उधर घूमते हुए देखा जा रहा था। सूचना मिलते ही बहेरा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। पुलिस द्वारा आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है। ताकि मृतक की पहचान की जा सके। साथ ही शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। इस संबंध में बहेरा थाना अध्यक्ष ने बताया कि शव पर किसी प्रकार के बाहरी जख्म के निशान नहीं हैं। प्रथम दृष्टया मामला संदिग्ध प्रतीत नहीं हो रहा है, फिर भी सभी बिंदुओं पर गंभीरता से जांच की जा रही है।

# महिला कॉलेज में चोरी, डेढ़ लाख के उपकरण ले उड़े चोर



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शेरघाटी।** शहर के गोपालपुर कस्बा स्थित प्रोफेसर विजय शंकर राय महिला कॉलेज में सोमवार की देर रात हुई चोरी की घटना ने शैक्षणिक संस्थानों की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। अज्ञात चोरों ने सुनियोजित तरीके से कॉलेज की दीवार में सेंध लगाकर कमरों के ताले काटे और लाखों रुपये मूल्य के उपकरण चोरी कर फरार हो गए। चोरों द्वारा जनरेटर का डीजल, सबमर्सिबल मोटर, मोटर पंप, ग्राइंडर मशीन, वेल्डिंग मशीन, कटर मशीन, लोहे के पाइप, एम्प्लीफायर और माइक सहित करीब डेढ़ लाख रुपये से अधिक मूल्य का सामान चोरी किया गया है। ये सभी उपकरण कॉलेज के शैक्षणिक, तकनीकी कार्यों और जनरेटर संचालन में उपयोग किए जाते थे जिससे कॉलेज के नियमित कार्य प्रभावित होने की आशंका जताई जा रही है। मंगलवार की सुबह जब कॉलेज के संस्थापक प्रोफेसर विजय शंकर राय एवं उनके पुत्र कॉलेज परिसर पहुंचे तब चोरी की जानकारी हुई। टूटे ताले और बिखरे सामान को देखकर कॉलेज प्रबंधन स्तब्ध रह गया। इसके बाद तुरंत शेरघाटी थाना को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही शेरघाटी थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। थानाध्यक्ष मोहन कुमार ने बताया कि मामले में शिकायत दर्ज कर ली गई है तथा आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे हैं। पुलिस ने जल्द ही चोरी का खुलासा करने का आश्वासन दिया है।

# पैसे के विवाद में किसान से मारपीट

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच (गया)।** कोंच थाना क्षेत्र के मदनपुर गांव में पैसे के लेन-देन को लेकर एक किसान के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़ित मदन पासवान (65 वर्ष) ने बताया कि 17 जनवरी को वे अपने गांव के बिचली मोड़ के पास खेत पटवन के लिए गए थे। इसी दौरान मोंक गांव निवासी उदित सिंह वहां पहुंचे और पूर्व के पैसों के विवाद को लेकर गाली-गलौज करने लगे। आरोप है कि उदित सिंह ने जमीन पर पटक कर पीड़ित के साथ मारपीट की जिससे उन्हें गंभीर चोटें आईं। शोर मचाने पर आसपास के ग्रामीणों ने बीच-बचाव कर उनकी जान बचाई। पीड़ित का कहना है कि घटना का वीडियो मोबाइल से रिकॉर्ड किया गया है जिसे पेन ड्राइव में सुरक्षित रखा गया है। पीड़ित ने कोंच थाना में आवेदन देकर मामले की जांच कर दोषी के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की मांग की है।


**AFFIDAVIT**

I DIGVIJAY KUMAR SINGH, Father of No. 14687230p, Rank NK, Name- KUNDAN KUMAR SINGH, presently residing at: At Village LAHAS, Po. GORDIHA, Ps. RAFIGANJ Dist- AURANGABAD, (BIHAR)-824125 do hereby solemnly affirm and state oath as follows: (a) That, I Have changed my D.O.B. from 29-06-1954 to 01-01-1954 due to correction in name.

(b) That, I am producing this for the purpose of evidence for my name.

(c) That both D.O.B. 29-06-1954 to 01-01-1954 pertain to one and the same person

(d) that, I shall at all-time hereafter in a records, deeds and writing and in all proceeding dealing with transaction, private as well as under all occasions what so ever be known as only 01-01-1954.

That what is stated above is true end correct to best of my knowledge, information and belief, nothing material has been concealed there from.

**Deponent**
**DIGVIJAY KUMAR SINGH**

**AFFIDAVIT**

I DIGVIJAY KUMAR SINGH, Father of No. 14687230p, Rank- NK, Name- KUNDAN KUMAR SINGH, presently residing at: At Village- LAHAS, P.o. GORDIHA, P.S. RAFIGANJ Dist- AURANGABAD, (BIHAR)-824125 do hereby solemnly affirm and state oath as follows:

(a) That, I Have changed my name from DIGVIJAY SINGH to DIGVIJAY KUMAR SINGH due to correction in name.

(b) That, I am producing this for the purpose of evidence for my name.

(c) That both names DIGVIJAY SINGH to DIGVIJAY KUMAR SINGH pertain to one and the name person.

(d) That I shall at all-time hereafter in a records, deeds and writing and in all proceeding dealing with transaction, private as well as under all occasions what so ever be known as only DIGVIJAY KUMAR SINGH.

(e) That what is stated above is true end correct to best of my knowledge, information and belief, nothing material has been concealed there from.

**Deponent**
**DIGVIJAY KUMAR SINGH**


# वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने पर श्रीपुर में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर मंगलवार को सशस्त्र सीमा बल की 29वीं वाहिनी के कमांडेंट मधुकर अमिताभ के निर्देशन में एक निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर वाहिनी चिकित्सालय तथा एएसजी आई हॉस्पिटल, गया के संयुक्त तत्वावधान में ग्राम श्रीपुर, बोधगया प्रखंड, गया जिले में आयोजित हुआ। स्वास्थ्य शिविर में वाहिनी के चिकित्सक कन्नन हरिदास, उप कमांडेंट (चिकित्सा) एवं एएसजी आई हॉस्पिटल के विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने ग्रामीणों की सामान्य स्वास्थ्य जांच और नेत्र जांच की। शिविर के दौरान रक्तचाप, मधुमेह सहित सामान्य रोगों की जांच की गई और आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श दिया गया। साथ ही जरूरतमंद लोगों को निःशुल्क दवाइयों का वितरण भी किया गया। इस स्वास्थ्य शिविर का लाभ स्थानीय ग्रामीणों ने लिया। आयोजन के माध्यम से कुल 50 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण और उपचार किया गया। अधिकारियों ने बताया कि इस तरह के शिविरों का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं की पहुंच सुनिश्चित करना और लोगों को समय पर चिकित्सकीय परामर्श उपलब्ध कराना है।

# सरस्वती पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**डोभी/गयाजी।** डोभी थाना व बहेरा थाना परिसर में सरस्वती पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक की गयी। बैठक मंगलवार को लगभग 4 बजे आयोजित हुई जिसकी अध्यक्षता थानाध्यक्ष मुकेश कुमार व रविरंजन कुमार ने की। बैठक का मुख्य उद्देश्य सरस्वती पूजा को शांति, सौहार्द एवं भाईचारे के माहौल में संपन्न कराना था। थानाध्यक्ष ने उपस्थित जनप्रतिनिधियों, पूजा समिति के सदस्यों एवं गणमान्य लोगों से आपसी सहयोग के साथ पर्व मनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि पूजा के दौरान किसी भी प्रकार की अफवाह, अशांति या असामाजिक गतिविधियों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। थानाध्यक्ष ने स्पष्ट रूप से निर्देश दिया कि सभी पूजा समितियां प्रशासन के दिशा-निर्देशों का पालन करें तथा ध्वनि विस्तारक यंत्रों का प्रयोग निर्धारित समय एवं नियमों के अनुसार करें। पुलिस प्रशासन द्वारा विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए लगातार निगरानी की जाएगी। बैठक में उपस्थित लोगों ने प्रशासन को पूर्ण सहयोग का भरोसा दिलाया और शांतिपूर्ण तरीके से सरस्वती पूजा मनाने का संकल्प लिया।

# सरस्वती पूजा के उपलक्ष्य में श्रीमद्भागवत कथा शुरु



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** प्रखंड क्षेत्र के चबूरा में सरस्वती पूजा समिति के तत्वावधान में श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ हुआ। कथा का आयोजन स्वामी वेंकटेश आचार्य महाराज के सान्निध्य में किया जा रहा है। समिति के सदस्य लालदेव ठाकुर ने मंगलवार को बताया कि यह धार्मिक आयोजन 19 जनवरी से 25 जनवरी 2026 तक प्रतिदिन संध्या 6 बजे से 9 बजे तक चलेगा। कथा के पहले दिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित हुए और भक्ति भाव से कथा श्रवण किया। आयोजन स्थल को आकर्षक ढंग से सजाया गया है। 23 जनवरी को सरस्वती पूजा का आयोजन किया जाएगा जिसके बाद प्रसाद वितरण होगा। समिति के सदस्यों ने क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कथा श्रवण कर धर्म लाभ लेने की अपील की है।


**कार्यालय जिला अभियंता, जिला परिषद, पलामू।**
**Email:- zilaparishad.palamu@gmail.com**
**अतिअल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना।**
**ई– संख्या– DOPR/DE/ZP/Palamu 18/2025-26**

विज्ञापन दाता का नाम :– जिला अभियंता, जिला परिषद, पलामू।
Website पर निविदा प्रकाशन की तिथि :– दिनांक 22.01.2026 (पूर्वाह्न 10:00 बजे)
ई–निविदा प्राप्त करने की तिथि :– दिनांक 22.01.2026 (पूर्वाह्न 10:00 बजे) से दिनांक 29.01.2026 (अपराह्न 2:00 बजे तक)
निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– दिनांक 30.01.2026 (अपराह्न 3:00 बजे )
निविदा खोलने का स्थान :– कार्यालय जिला परिषद, पलामू।
कार्य की विस्तृत विवरणी :–

| क्र. | प्रखण्ड | पंचायत | ग्राम | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | निविदा शुल्क | कार्य पूर्ण करने की अवधि | एन0आई0टी0 रेफरेंस सं0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1 | हुसैनबाद | महुअरी | फुलडीहा | गणेश राम के घर से भिखर राम के घर तक पी0सी0सी0 पथ एवं नाली निर्माण। | 1650000.00 | 33000.00 | 5000.00 | 03 माह | NIT-18/2025-26/Gr-01 |
| 2 | हुसैनबाद | देवरी | देवरी | ग्राम देवरी में शवदाह गृह का निर्माण। | 1450000.00 | 29000.00 | 5000.00 | 03 माह | NIT-18/2025-26/Gr-02 |

नोट–
1. केवल ई–निविदा ही स्वीकार होंगे।
2. निविदा डबल बीड पद्धति से होगी।
3. जिला परिषद, पलामू में समुचित श्रेणी में निबंधित संवेदक ही निविदा में भाग ले सकेंगे।
4. परिमाण विपत्र की राशि घट बड़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
5. निविदा शुल्क (Non Refundable) एवं अग्रधन की राशि केवल Demand Draft (किसी भी मान्यता प्राप्त बैंक द्वारा निर्गत) जिला अभियंता, जिला परिषद, पलामू (District Engineer, Zila Parishad, Palamu) के पदनाम से डालटनगंज में भुगतेय होगा, के रूप में स्वीकार्य होगी।

निविदा की तकनिकी एवं सामान्य शर्ते www.palamu.nic.in एवं कार्यालय जिला परिषद, पलामू के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है। वितृत जानकारी के लिए Website- www.jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

ह0/–
जिला अभियंता
जिला परिषद, पलामू।

PR 371238 District(25-26)D

**कार्यालय जिला अभियंता, जिला परिषद, पलामू**
**Email:- zilaparishad.palamu@gmail.com**
**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या– 19/2025–26**

1 विज्ञापन दाता का नाम :– जिला अभियंता, जिला परिषद, पलामू।
2 परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि :– दिनांक 27.01.2026 को अपराह्न 03:00 बजे तक
3 निविदा प्राप्त करने की तिथि :– दिनांक 30.01.2026 (अपराह्न 02:00 बजे तक)
4 निविदा खुलने की तिथि :– दिनांक 30.01.2026 (अपराह्न 03:00 बजे से)
5 परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– जिला परिषद कार्यालय, पलामू।
6 निविदा प्राप्ति/जमा करने का स्थान :– जिला परिषद कार्यालय, पलामू।
7 निविदा खोलने का स्थान :– कार्यालय जिला परिषद, पलामू।
8 कार्य की विस्तृत विवरणी :–

| क्र. | प्रखण्ड | पंचायत | ग्राम | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | चैनपुर | खुराकला | रबदा कला | ग्राम रबदा कला में तेतरही आहर से अनल सिंह के घर तक ड्रैनेज चैनल निर्माण। | 670000.00 | 13500.00 | 2500.00 | 3 माह |
| 2 | बिश्रामपुर | गुरी | शंकरडीह | ग्राम शंकरडीह पथ में विजय राम के घर के पास ड्रैनेज चैनल (कलर्भट) निर्माण। | 670000.00 | 13500.00 | 2500.00 | 3 माह |
| 3 | पाण्डू | पाण्डू | करमडीह | ग्राम करमडीह में पिरहट आहर का जीर्णोद्वार मरम्मति एवं उन्नयन। | 719300.00 | 14500.00 | 2500.00 | 3 माह |
| 4 | छतरपुर | खोढ़ी | अरर | ग्राम अरर साव टोला से सतबरवा टोला तक मिट्टी मोरम पथ निर्माण। | 368700.00 | 7500.00 | 2500.00 | 3 माह |
| 5 | चैनपुर | नेउरा | नेउरा | ग्राम नेउरा टोला मोमीननगर में दुखहरण भुईयां के घर से लेकर लाल मोहम्मद मियां के घर तक मिट्टी मोरम पथ निर्माण। | 372000.00 | 7500.00 | 2500.00 | 3 माह |

नोट–
1. जिला परिषद, पलामू में समुचित श्रेणी में निबंधित संवेदक ही निविदा में भाग ले सकेंगे।
2. परिमाण विपत्र की राशि किसी भी सरकारी बैंक द्वारा निर्गत बैंक ड्राफ्ट के माध्यम से (जो जिला अभियंता, जिला परिषद पलामू के पदनाम से होगा जो डालटनगंज मे भुगतेय होगा) जमा करना अनिवार्य होगा।
3. राशि की उपलब्धता के आलोक में ही योजनाओं पर भुगतान किया जा सकेगा।

निविदा की तकनिकी एवं सामान्य शर्ते www.palamu.nic.in एवं कार्यालय जिला परिषद, पलामू के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

ह0/–
जिला अभियंता,
जिला परिषद, पलामू

PR 371236 District(25-26).D

संपादकीय

# अब बीएमसी महापौर पर पेंच

महाराष्ट्र में नगर निगम चुनावों में भाजपा की उल्लेखनीय जीत के बाद महायुति में ही सत्ता को लेकर खींचतान शुरू हो गया है। बड़ा पेंच देश की सबसे अमीर मुंबई महानगरपालिका के महापौर को लेकर है, जहां महायुति की प्रमुख घटक और महाराष्ट्र में सत्ता में साझेदार शिवसेना (शिंदे) ने नया दांव चल दिया है। शिंदे सेना की मांग है कि चूंकि यह शिवसेना के संस्थापक बाला साहब ठाकरे का जन्म शताब्दी वर्ष है और मुंबई का महापौर भाजपा अपने दम पर नहीं बना सकती, इसलिए इस पद पर ढाई-ढाई साल की साझेदारी होनी चाहिए। उद्धव ठाकरे ने यह बयान देकर और हलचल मचा दी है कि मुंबई में किसी का भी मेयर हो सकता है। जबकि अपने दल के पार्षद न टूटें, इसलिए उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने अपने सभी 29 पार्षदों को एक होटल में कैद कर दिया है। जाहिर है कि शिंदे भाजपा के साथ तगड़ी सौदेबाजी करने के मूड में हैं। जहां तक मुंबई के महापौर का सवाल है तो भाजपा किसी भी कीमत पर इसे नहीं छोड़ेगी, हां कुछ दूसरे नगर निगमों में समझौता हो सकता है। चूंकि भाजपा अपना लक्ष्य हासिल करने के लिए साम, दाम, दंड भेद सभी का इस्तेमाल करती है, ऐसे में आश्चर्य नहीं कि शिंदे सेना में भी फूट पड़ जाए। हालांकि यह आसान नहीं है। क्योंकि भाजपा को अपना महापौर बनाने के लिए 25 और पार्षदों का समर्थन चाहिए। इतने पार्षद तोड़ने का अर्थ शिंदे सेना के लगभग सभी पार्षदों को तोड़ना होगा। यह आसान नहीं है। एकनाथ शिंदे जानते हैं कि चाहे भाजपा हो या फिर ठाकरे बंधु, उनकी पार्टी के समर्थन के बगैर किसी का महापौर नहीं बन सकता। शिंदे की चिंता यह है कि भाजपा ने उनके गढ़ ठाणे में भी सेंध लगा दी है। ऐसे में संभव है कि लेन देन के सिद्धांत के तहत शिंदे सेना को मना लिया जाए। यह भी तय है कि शिंदे उस हद तक विवाद को नहीं खींचेंगे कि उन्हें राज्य की सत्ता से बाहर होना पड़े। विधानसभा में भाजपा पूर्ण बहुमत से थोड़ी ही पीछे है। वह चाहे तो अजीत पवार के साथ मिलकर भी सत्ता कायम रख सकती है। लिहाजा शिंदे के ताजा तेवरों को कड़ी सौदेबाजी की रोशनी में ही देखा जाना चाहिए। वैसे भी शिंदे पर दिल्ली में अमित शाह का दबाव रहेगा ही। ऐसे में उनकी मुंबई की सत्ता में आधी-आधी साझेदारी पर भाजपा का सहमत होना असंभव है। क्योंकि बीएमसी के इतिहास में यह पहली बार है, जब भाजपा का मुबंई में महापौर बनने की स्थिति बनी है। इस पद पर काबिज होने के पीछे भाजपा का एक उद्देश्य उद्धव सेना की आर्थिक रीढ़ को तोड़ना है। मुंबई महापालिका इसका एक बड़ा स्रोत रही है। अगर मुंबई से पैसा आने पर लगाम लगी तो ठाकरे बंधुओं के लिए अगला चुनाव लड़ना भी मुश्किल हो जाएगा। साथ ही लगातार सत्ताविहीन रहकर राजनीतिक रूप से जिंदा रहना भी कठिन होता जाएगा। नगरीय निकायों के चुनावों ने साबित कर दिया है कि महाराष्ट्र में ठाकरे बंधु अब अपने अस्तित्व की आखिरी लड़ाई लड़ रहे हैं। हालांकि मुंबई महानगरपालिका में उन्हें जितनी सफलता मिली है, उससे ज्यादा की संभावना नहीं है। उन्हें राजीनीतिक रूप से खत्म करना ही बीजेपी की रणनीति है। कितनी सफल होगी, यह देखने की बात है। यूं भविष्य में शिंदे और ठाकरे की सेना का भाजपा में विलय हो जाए तो आश्चर्य की बात नहीं होगी। इन चुनावों ने महाराष्ट्र में मराठा पालिटिक्स को भी हिला कर रख दिया है। उधर कांग्रेस की आंतरिक कलह सड़कों पर आ गई है। हार का ठीकरा मुंबई अध्यक्ष वर्षा गायकवाड़ पर फोड़ने वाले नेता जगताप को कांग्रेस आलाकमान ने 'कारण बताओ' नोटिस जारी किया है।

# राष्ट्रीय सुरक्षा के सिद्धांतों पर अमल की हकीकत

**समय बहुत सारे घाव भर देता है और घटनाओं को समाज की याददाश्त से पीछे कर देता है जब तक मीडिया घटनाओं को जिंदा रखता है, जब तक वह आम और जन चर्चा में नजर आती हैं, परंतु मीडिया से ओझल होने के बाद केवल याद में दर्ज होकर रह जाती हैं। ऐसी ही घटना 10 नवंबर 25 को दिल्ली में हुई थी जो कुछ समय तक मीडिया और देश में चर्चित रही। 10 नवंबर की शाम को दिल्ली का विस्फोट कांड, जिसमें लगभग 13 लोग मारे गए थे। इसके कुछ माह पहले पहलगाम में आतंकी हमला हुआ था, जिसमें पर्यटक मारे गए थे, उसके बाद भारत सरकार ने ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से पाक सीमा के अंदर जाकर अनेकों आतंकवादियों को मारा था और पाक सेना के कई मुख्य आतंकवादी अड्डों को नष्ट किया था, क्योंकि पहलगाम आतंकवादी घटना में सीधा पाक शामिल था अतः सरकार के पास इसका ठोस आधार भी था और देश ऐसी प्रतिक्रिया की प्रतिक्षा भी कर रहा था।**

**रघु ठाकुर**

अब दिल्ली में जो विस्फोट कांड हुआ है अभी तक प्राप्त सूचनाओं के अनुसार उसके पीछे भी पाकिस्तान की खुफियां एजेंसियां हैं, जो भारत में पहले भी आतंकवाद को प्रायोजित करती रही हैं और अभी भी कर रही हैं। इस आतंकवादी विस्फोट में जो मुख्य सूत्रधारों के नाम आए हैं उनके नाम डॉ. मुजम्मिल शकील, डॉ. आदिल, डॉ. उमर अहमद और शाहीन शाहिद के नाम मुख्य हैं, इनमें से एक शाहीन को छोड़कर बकाया तीनों लोग कश्मीरी हैं। यह बताया जा रहा है कि पाक के ड्रोन की मदद से जम्मू के खेतों में विस्फोटक गिराया था जहां से सेव फल की आड़ में फरीदाबाद तक वे उस विस्फोटक को लाए थे। यह आश्चर्य की बात है कि इतनी लंबी यात्रा के बाद भी कई राज्यों की अंतरराज्य सीमाएं पार करने के बाद भी जम्मू कश्मीर से फरीदाबाद तक बिना रोक-टोक के वह विस्फोटक ले आए। ना रास्ते में जांच हुई, ना कोई पकड़ा गया। मतलब साफ है कि भारत की पुलिस चाहे किसी राज्य की या धर्म की हो, भ्रष्टाचार के मामले में एक समान है। यह संभव नहीं है कि जम्मू कश्मीर की सीमा से लेकर फरीदाबाद तक की सारी पुलिस मुसलमान हो। यह कोई पहली बार नहीं हुआ है, बल्कि मुंबई के विस्फोट कांड में भी जो विस्फोटक लाया गया था उसे लाने और निकलवाने वाले सभी अधिकारी हिंदू थे। अच्छा होता कि सरकार जम्मू कश्मीर से फरीदाबाद तक सीमाओं के सुरक्षाकर्मियों और पुलिसकर्मियों के नाम प्रकाशित करती, ताकि हिंदू समाज भी जान सकता था कि हमारा राष्ट्रवाद कितना सस्ता है जो चंद रुपयों में बिक जाता है। जो लोग दिल्ली विस्फोट घटना के लिए जिम्मेदार थे या जो मरे या गिरफ्तार हुए वे नूह के चिकित्सा विद्यालय में पढ़े और चिकित्सक भी थे, शाहीन भी चिकित्सक थी। इसके पहले भी देश और दुनिया में जो लोग आतंकवाद की घटनाओं में शामिल या प्रायोजित रहे, वह सुशिक्षित वैज्ञानिक और तकनीकी विशेषज्ञ रहे हैं। अमेरिका में न्यूयॉर्क पर वर्ल्ड ट्रेड सेंटर पर हमला करने वाले भी पढ़े-लिखे लोग थे। अतरू एक प्रश्न यह भी आम चर्चा में है कि पढ़े-लिखे लोग आतंकवादी घटनाओं में क्यों शामिल होते हैं? क्या इसमें शिक्षा व्यवस्था का कोई दोष है या शिक्षा की कोई कमी है जो इंसान को तकनीक का ज्ञान तो देती है परंतु मानव नहीं बनाती? आतंकवाद के पढ़े-लिखे समर्थकों ने दिल्ली के विस्फोट की घटना की तुलना भगत सिंह से की, जिस पर से सिख समाज के लोगों ने आपत्ति की, यह आपत्ति सही है कि भगत सिंह ना आतंकवादी थे ना हिंसक थे। उन्होंने तो बम-जानबूझकर ऐसे स्थान पर फेंका था जहां सांसद लोग नहीं थे। उन्होंने कहा भी था कि मैं तो बहरों तक आवाज पहुंचाना चाहता हूं अगर उनका उद्देश्य हिंसा का होता तो वह बम वहां फेंकते जहां सांसद बैठे हुए थे। शहीद उधम सिंह ने भी जनरल डायर को गोलियां मारी थी किसी निर्दोष अंग्रेज की हत्या नहीं की थी, इसलिए ऐसी तुलना करना आतंकवाद की हिंसा का बचाव करने जैसा है। कुछ लोग इन हिंसक आतंकवादी घटनाओं के लिए इस्लाम धर्म को ही दोषी मानते हैं और कुरान की कुछ पंक्तियों का उल्लेख भी करते हैं, कुछ लोग इसका संबंध जिहाद शब्द से जोड़ते हैं, हालांकि जिहाद का तात्पर्य उन लोगों के विरुद्ध था जो किसी पर जुल्म ढहाते हैं। जिहाद कोई व्यक्ति की प्रतिक्रिया नहीं है ना व्यक्ति समूह के हिंसा का दर्शन है, बल्कि वह तो किसी भी जुर्म करने वाले व्यक्ति या समूह के हमले के खिलाफ प्रति उत्तर का विचार है। निःसंदेह वह अहिंसक नहीं है। वह तो उस समय के समाज और काल के जीवन में उस समय की मान्यताओं और परिस्थितियों के अनुसार बताया हुआ रास्ता है। बाली की हत्या के समय जब बाली ने भगवान राम से पूछा था कि- मैं मेरी सुग्रीव प्यारा कारण कहो नाथ ना मोहि मारूय तो राम ने उत्तर दिया था अनुज वधु भगिनी सुतनारी, सुनुसठकन्या समए चारी, इन्हहि कुदृष्टि विलोकइजोई, ताहि बंधे कछु पाप न होई, यह काल दृष्टि भगवान राम के काल में व्यक्ति के द्वारा एक स्वीकार परंपरा थी, परंतु अब वर्तमान समाज में दंड देने का अधिकार किसी व्यक्ति का नहीं बल्कि न्याय व्यवस्था का है। अगर कोई व्यक्ति निजी तौर पर दंड देता है वह भी अपराधी होता है जिस प्रकार के व्यवस्थागत नियमों में परिवर्तन हिंदू मतावलंबियों में हुए हैं और लोकतंत्र तथा आधुनिक कानूनों को स्वीकार किया है। उसी प्रकार के परिवर्तन अन्य धर्मों में भी होना चाहिए। परंतु जो कई धार्मिक संप्रदाय हैं वे अपने धार्मिक परंपराओं में कोई बदलाव नहीं चाहते। यह समस्या इस्लाम के साथ भी है। इस पर विचार होना चाहिए कि धर्म के कौन से हिस्से आज प्रासंगिक है और कौन से हिस्से परिवर्तनीय है। आमतौर पर धर्म में कुछ जीवन मूल्य और दर्शन होता है, कुछ मानवता के सूत्र होते हैं, कुछ परंपराएं होती हैं और कुछ दंड विधान के नियम होते हैं जो शाश्वत, मानवीय मूल्य है वे तो स्थाई है, बकाया परिवर्तनशील है। मैं समझता हूं कि अगर सभी धर्म के धर्म गुरु इन चार खंडों में बँटकर धर्म को नए सिरे से परिभाषित करें तो निदान हो सकता है, यानी मानवता के जीवन दर्शन के जो सामाजिक मूल्य हैं और जो एक मानवीय दुनिया बनाने के लिए आवश्यक हैं उन्हें स्थाई रखा जाए परंतु परंपराओं और दंड विधान में समसामयिक और लोकतांत्रिक परिवर्तन किए जाएं। जब आजादी के पहले का भारत जिसमें पाकिस्तान, बंगलादेश और भारत शामिल था, अंग्रेजों के अधीन था तब हिंदू, मुस्लिम, सिख, ईसाई सभी धर्म के लोगों ने एक दंड विधान स्वीकार किया और अपने-अपने धार्मिक नियम या विधान छोड़ दिए। एक आईपीसी और एक सीआरपीसी स्वीकार की। परंतु अब अनेक लोग ऐसे हैं जो 1500 साल पीछे जाना चाहते हैं और मजहबी व्यवस्था को लागू करना चाहते हैं। देश दुनिया का एक बड़ा हिस्सा यह मानता है कि इस्लाम में हिंसा व प्रति हिंसा जैसे प्रावधान है जो कुरान में लिखे गए हैं। यानी इस्लाम जिन्हें अपरिवर्तनीय मानता है और अपने अनुयायियों में हिंसा का भाव पैदा करता है इसी आधार पर कुछ लोग यह प्रश्न उठाते हैं कि इस्लामी देशों में और इस्लाम के विभिन्न पंथों में भी आपस में इतनी हिंसा और मार काट है कि वह एक-दूसरे के अनुयायियों को लाखों की संख्या में मार देती है। इस्लामी देशों में अमूमन पंथी गृह युद्ध है और जिन देशों में मुस्लिम और अन्य धर्मावलंबी लगभग बराबर हैं वहां भी धर्म के नाम की हिंसा और गृह युद्ध अमूमन है। सीरिया, लेबनान जैसे कितने ही देशों का उदाहरण देखा जा सकता है। इस गंभीर प्रश्न पर मुसलमान भाइयों और धर्म गुरुओं को भी विचार करना चाहिए।

मुझे छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले के बरेलवी संप्रदाय के मुस्लिम भाइयों ने एक ज्ञापन दिया था जिसमें राज्यपाल महोदय से प्रार्थना की गई कि वहां के दूसरे पंथ के मुस्लिम भाई उन्हें कब्रिस्तान में मुर्दा नहीं गाड़ने देते। इसको लेकर कई बार आपस में काफी संघर्ष भी हो चुके हैं, आखिर यह विचारणीय तो है। मदरसों में भी जहां इस्लामी शिक्षा दी जाती है उस पर भी मुस्लिम भाइयों को विचार करना चाहिए। मैंने अनेक छोटे-छोटे बच्चों को देखा है जो इन मदरसों में पढ़ने को जाते हैं और लौटकर आने के बाद उनकी सामाजिक समरसता कम हो जाती है। मेरे पड़ोस में एक बच्चा रहता था जिसका नाम बिलाल है, वह यदा कदा हमारे पास आ जाता था, बैठता था, खुलकर बातचीत करता था। जब वह 7 वर्ष का हो गया तो उसके पिता ने उसे धार्मिक शिक्षा के लिए मदरसा ले गए। आरंभ में वह सुबह जाता था और शाम को लौटता था और धीरे-धीरे उसका वहां कुछ दिन रुकना हो गया, जो उनके यहां शिक्षण की प्रक्रिया होती है। कुछ दिनों बाद उसका मिलना-जुलना कम हो गया। ऐसा अनुभव मुझे कई बार आया है कि मदरसे की शिक्षा के बाद बच्चे कुछ सीमित दुनिया के हो गए, उनमें खुलेपन के स्थान पर कुछ बंद और छुपाव जैसा रहने लगा। यह उनकी धार्मिक शिक्षा व्यवस्था की कुछ कमी है, या क्या कारण है, इस पर भी विचार होना चाहिए। हिंदू विद्यालयों और संस्कृत विद्यालयों में भी जो बच्चे पढ़ने जाते हैं, वे अध्ययन के साथ-साथ बाह्य प्रतीकों के पर्याय बन जाते हैं। सभी धर्मों या धार्मिक संस्थाओं को यह देखना चाहिए कि धार्मिक शिक्षा व्यक्ति को अलग-अलग ना करें, बल्कि उन्हें व्यापक और समरस बनाएं।

अध्यात्म

## धैर्य के साथ आगे बढ़ते रहना चाहिए



कुछ लोगों को कड़ी मेहनत के बाद भी आशा के अनुरूप फल नहीं मिल पाते हैं और निराशा बढ़ने लगती है। ऐसी स्थिति में सकारात्मकता बनाए रखनी चाहिए और मेहनत में कमी नहीं करनी चाहिए। इस संबंध में गौतम बुद्ध से जुड़ा एक प्रसंग प्रचलित है, जिसमें सुखी जीवन और सफलता पाने के सूत्र छिपे हैं। अगर इन सूत्रों को जीवन में उतार लिया जाए तो हम कई परेशानियों से बच सकते हैं और अपने लक्ष्य तक पहुंच सकते हैं।

प्रचलित प्रसंग के अनुसार एक बार अपने शिष्यों के साथ किसी गांव में उपदेश देने जा रहे थे। गांव पहुंचने से पहले रास्ते में उन लोगों को जगह-जगह बहुत सारे गड्ढे खुदे हुए दिखाई दिए।

महात्मा बुद्ध का एक शिष्य इन गड्ढों को देखकर सोचने लगा कि इनका रहस्य क्या है?

उसने अपने गुरु बुद्ध से पूछा कि तथागत कृपया मुझे इन गड्ढों का रहस्य बताएं, एक साथ इतने सारे गड्ढे किसने और क्यों खोदे हैं?

गौतम बुद्ध ने शिष्य को जवाब दिया कि किसी व्यक्ति ने पानी की तलाश में ने इतने सारे गड्ढे खोदे हैं। अगर वह धैर्यपूर्वक एक ही जगह पर गड्ढा खोदता तो उसे पानी अवश्य मिल जाता, लेकिन वह थोड़ी देर गड्ढा खोदता और पानी न मिलने पर दूसरी जगह गड्ढा खोदना शुरू कर देता। इस कारण उसे कहीं भी पानी नहीं मिला।

### सीख

बुद्ध ने शिष्यों को समझाया कि अगर कोई व्यक्ति किसी काम में सफल होना चाहता है तो उसे कड़ी मेहनत करनी होती है, लेकिन कड़ी मेहनत के साथ ही स्वभाव में धैर्य होना भी जरूरी है। कभी-कभी लंबे समय तक मेहनत करने के बाद ही सफलता मिल पाती है। ऐसी स्थिति में व्यक्ति को धैर्य बनाए रखना चाहिए, वरना सफलता नहीं मिल पाती है।

# गरीबों की नजर से जलवायु परिवर्तन

**जलवायु परिवर्तन से लड़ाई तकनीक और पूंजी से कहीं अधिक सामाजिक संवेदनशीलता की मांग करती है। यह लड़ाई तब ही जीती जा सकती है, जब नीतियों का केंद्र वही लोग हों जो सबसे पहले और सबसे ज्यादा प्रभावित होते हैं। जलवायु न्याय कोई भावनात्मक नारा नहीं, बल्कि व्यावहारिक आवश्यकता है। भारत का भविष्य तभी सुरक्षित होगा, जब उसके गरीब नागरिक सुरक्षित होंगे। मौसम के बदलते मिज़ाज के साथ यदि हमारी नीतियाँ मानवीय नहीं बदलीं, तो विकास की सारी इमारत अस्थिर नींव पर खड़ी रह जाएगी।**

**डॉ. मनीष जैसल**

भ रत जलवायु परिवर्तन के प्रभावों से जूझ रहा है, लेकिन इस जंग का सबसे बड़ा बोझ वह लोग उठाते हैं जिनके पास पहले से ही सबसे कम संसाधन होते हैं, यानि गरीब किसान, खेतिहर मजदूर, अनौपचारिक क्षेत्र के कामगार और शहरी व ग्रामीण मजबूर परिवार। जब तापमान बढ़ता है, जब बारिश असमय होती है, या जब बाढ़ आती है, तो सबसे पहले उनकी आजीविका गिरती है, उनका खून-पसीना बर्बाद होता है, और एक अलग किस्म की गरीबी उनकी जिंदगी में नयी ज्यामिति से फैलती है। इसके बावजूद हमारी जलवायु नीतियाँ अब भी अक्सर बड़े लक्ष्य और तकनीकी समाधानों पर केंद्रित रहती हैं जो अर्थव्यवस्था के औजारों पर अधिक, और गरीबों पर कम ध्यान देती है । जलवायु नीति की बहस में गरीब अक्सर आंकड़ों के पीछे छूट जाता है।

पिछले तीन दशकों में भारत का औसत तापमान एक डिग्री सेल्सियस से अधिक बढ़ चुका है। यह वृद्धि किसी प्रयोगशाला की रिपोर्ट भर नहीं है। यह उस मज़दूर की थकान में दर्ज है जो दोपहर की धूप में काम करने को मजबूर है, और उस किसान की चिंता में जो बादलों की ओर देखकर अनुमान लगाने की कोशिश करता है कि इस बार बारिश साथ देगी या नहीं। बढ़ती गर्मी का सीधा असर काम करने की क्षमता पर पड़ता है। खुले में श्रम करने वालों के लिए हर अतिरिक्त गर्म दिन कमाई में कटौती है। जिनके पास न बचत है, न सामाजिक सुरक्षा, उनके लिए यह कटौती धीरे-धीरे स्थायी गरीबी में बदल जाती है।

उत्तर प्रदेश में इस संकट की तीव्रता और साफ दिखाई देती है। यहां की बड़ी आबादी खेती और अनौपचारिक रोज़गार पर निर्भर है। गर्मी की लहरें अब अधिक दिनों तक टिकती हैं और मानसून की अनिश्चितता खेती को जोखिम भरा बना चुकी है। पूर्वांचल और तराई के इलाकों में बाढ़ की आवृत्ति बढ़ी है, जिससे हर कुछ वर्षों में वही परिवार बार-बार विस्थापित होते हैं। विस्थापन केवल घर छोड़ने का नाम नहीं है, यह बच्चों की पढ़ाई का टूटना है, इलाज का रुक जाना है और आजीविका के साधनों का खत्म हो जाना है। शहरी इलाकों में भी हालात बेहतर नहीं हैं। छोटे दुकानदार, रिक्शा चालक और फुटपाथ पर काम करने वाले लोग मौसम की मार से सबसे पहले प्रभावित होते हैं, क्योंकि उनकी आय हर दिन के काम पर निर्भर करती है।

मध्य प्रदेश की कहानी वर्षा-निर्भर खेती की असुरक्षा को उजागर करती है। राज्य की कृषि का बड़ा हिस्सा मानसून पर टिका है, और बारिश के स्वरूप में थोड़ा-सा भी बदलाव किसानों के लिए बड़े नुकसान का कारण बन जाता है। देर से आने वाला मानसून, बीच में लंबा सूखा या अचानक तेज़ बारिश इन सबका असर फसल पर पड़ता है। छोटे और सीमांत किसानों के पास जोखिम से निपटने के साधन सीमित होते हैं। जब फसल खराब होती है, तो कर्ज़ बढ़ता है और पलायन मजबूरी बन जाता है। ग्रामीण इलाकों से शहरों की ओर होने वाला यह पलायन केवल आर्थिक समस्या नहीं, बल्कि सामाजिक विघटन की प्रक्रिया भी है, जिसमें परिवार और समुदाय धीरे-धीरे बिखरते चले जाते हैं।



महाराष्ट्र में जलवायु संकट कई रूपों में सामने आता है। विदर्भ और मराठवाड़ा लंबे समय से सूखे के दबाव में हैं, जहाँ खेती लगातार घाटे का सौदा बनती जा रही है। पानी की कमी, बढ़ती लागत और अनिश्चित मौसम किसानों की मानसिक और आर्थिक सेहत पर गहरा असर डालते हैं। दूसरी ओर, मुंबई और कोंकण क्षेत्र में बाढ़ और समुद्री स्तर में वृद्धि का खतरा बढ़ रहा है। शहर की गरीब बस्तियाँ अक्सर सबसे निचले और सबसे असुरक्षित इलाकों में बसी होती हैं, जहाँ मामूली बारिश भी तबाही का रूप ले लेती है। इन इलाकों में रहने वाले लोग न केवल घर खोते हैं, बल्कि काम के अवसर भी खो देते हैं, जिससे गरीबी का दायरा और फैलता है। जलवायु और गरीब के रिश्ते को समझने में साहित्य भी हमारी मदद करता है। प्रेमचंद की कहानी 'पूस की रात' का हल्कू आज भी प्रासंगिक है। कहानी में पाले से जूझता किसान उस वर्ग का प्रतिनिधि है जिसकी जिंदगी मौसम की दया पर टिकी होती है। फर्क सिर्फ़ इतना है कि आज का किसान केवल पाले से नहीं, बल्कि गर्मी, सूखे, अतिवृष्टि और बेमौसम आपदाओं से एक साथ जूझ रहा है। प्रेमचंद ने जिस असहायता को अपने समय में दर्ज किया था, जलवायु परिवर्तन ने उसे और गहरा बना दिया है। यह साहित्यिक प्रसंग हमें याद दिलाता है कि मौसम का अन्याय सदियों से गरीब के साथ जुड़ा रहा है, बस उसका रूप बदलता रहा है।

भारत में जलवायु से निपटने के लिए योजनाएँ बन रही हैं और यह सकारात्मक संकेत है। लेकिन असली सवाल इन योजनाओं की पहुंच और प्रभाव का है। यदि हीट एक्शन प्लान मजदूर तक नहीं पहुंचता, यदि फसल बीमा छोटे किसान के लिए बोझिल साबित होता है, यदि शहरी जलवायु योजनाओं में झुग्गी बस्तियाँ हाशिए पर रह जाती हैं, तो नीति का उद्देश्य अधूरा रह जाता है। जलवायु समाधान तब तक टिकाऊ नहीं हो सकते, जब तक वे उन लोगों को सुरक्षा नहीं देते जो सबसे कम सहनशील हैं।

जलवायु परिवर्तन से लड़ाई तकनीक और पूंजी से कहीं अधिक सामाजिक संवेदनशीलता की मांग करती है। यह लड़ाई तब ही जीती जा सकती है, जब नीतियों का केंद्र वही लोग हों जो सबसे पहले और सबसे ज्यादा प्रभावित होते हैं। जलवायु न्याय कोई भावनात्मक नारा नहीं, बल्कि व्यावहारिक आवश्यकता है। भारत का भविष्य तभी सुरक्षित होगा, जब उसके गरीब नागरिक सुरक्षित होंगे। मौसम के बदलते मिज़ाज के साथ यदि हमारी नीतियाँ मानवीय नहीं बदलीं, तो विकास की सारी इमारत अस्थिर नींव पर खड़ी रह जाएगी।

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
अपनी योजनाओं को लेकर संशय में हो सकते हैं। इस समय भावुक होने के बजाय व्यावहारिक निर्णय लेना उत्तम होगा। जोखिम भरे निवेशों से स्वयं को दूर रखें।

**वृषभ**
लोग आपकी कार्यप्रणाली का विरोध कर सकते हैं। दिनचर्या थोड़ी उथल-पुथल भरी रहेगी। सन्तान की उन्नति से मन प्रसन्न रहेगा।

**मिथुन**
ऑनलाइन शॉपिंग में आप अत्यधिक रुचि लेंगे। बड़े बुजुर्गों से आपको आशीर्वाद और उत्तम सलाह प्राप्त होगी। उच्च अधिकारी आपकी प्रशंसा करेंगे।

**कर्क**
नये लोगों पर शीघ्र विश्वास न करें। आपको किसी कठिन प्रोजेक्ट की जिम्मेदारी मिल सकती है। नकारात्मकता आपके ऊपर हावी रहेगी।

**सिंह**
विचारों के आपसी आदान-प्रदान से मन प्रसन्न रहेगा। धैर्य और संयम के साथ काम करेंगे जिसका सुखद परिणाम आपको प्राप्त होगा। समय का अच्छा सदुपयोग करेंगे।

**कन्या**
कार्यक्षेत्र में परेशानियों से घिरे रहेंगे। भाग्य आपका साथ नहीं देगा। दूसरों के भरोसे न रहें वरना आपको आर्थिक नुकसान भी हो सकता है।

**तुला**
परिवार के सदस्यों से अत्यधिक सन्तुष्ट रहेंगे। भौतिक सुख-सुविधा का पर्याप्त आनन्द लेंगे। उच्च अधिकारी आपसे अत्यन्त प्रसन्न रहने वाले हैं।

**वृश्चिक**
आत्मविश्वास और मनोबल को कम न होने दें। नयी नौकरी ढूँढ रहे हैं तो सफलता मिलेगी। सभी कार्य समय पर पूर्ण हो जायेंगे। पुराने मित्र काम आ सकते हैं।

**धनु**
कारोबार में आय बढ़ने के स्पष्ट योग हैं। लेकिन आय के साथ आपके खर्चे भी बढ़ेंगे। पेट में गैस और एसीडिटी जैसी परेशानी बढ़ सकती है। अपनी क्षमताओं का कुशल उपयोग करेंगे।

**मकर**
जीवनसाथी के व्यवहार से मन व्यथित हो सकता है। स्वयं को ऊर्जावान और सकारात्मक बनाये रखने के लिये व्यायाम और ध्यान अवश्य करें। सहकर्मियों पर पूर्ण विश्वास नहीं करना चाहिये।

**कुंभ**
कार्यक्षेत्र में किये गये बदलावों से लाभ प्राप्त होगा। सरकारी कार्यों में आ रही रुकावटों का अन्त होगा। दोपहर के बाद की स्थितियाँ अत्यन्त अनुकूल रहेंगी।

**मीन**
आप जिन कार्यों को कठिन मान रहे थे उन्हें आप आसानी से पूर्ण कर लेंगे। आपकी सूझबूझ और समझदारी की सब जगह प्रशंसा होगी।

# दही खाओ प्रतियोगिता में पटना के कुलकुल कुमार व रोजी परवीन ने जीता पहला पुरस्कार






## तीन मिनट में 3 किलो 105 ग्राम दही खाकर जीता पुरस्कार

**फुलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार की लोक परंपरा और सांस्कृतिक धरोहर से जुड़े ग्रामीण खेलों को नई पीढ़ी के बीच जीवंत बनाए रखने और स्वस्थ मनोरंजन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से वैशाल पाटलिपुत्र दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लिमिटेड, पटना डेयरी प्रोजेक्ट (सुधा डेयरी) की ओर से आयोजित ह्लदही खाओ इनाम पाओह्व प्रतियोगिता में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला. तीन मिनट की इस अनोखी प्रतियोगिता में पुरुष वर्ग में पटना निवासी कुलकुल कुमार ने 3 किलो 105 ग्राम दही खाकर प्रथम पुरस्कार अपने नाम किया, जबकि महिला वर्ग में पटना के अनीसाबाद स्थित अलीनगर की रोजी परवीन ने 3 किलो 340 ग्राम दही खाकर बाजी मारी. ठंड के बावजूद प्रतियोगिता को देखने के लिए सैकड़ों की संख्या में लोग उमड़ पड़े. मंगलवार को पटना डेयरी प्रोजेक्ट, फुलवारीशरीफ परिसर में आयोजित इस प्रतियोगिता की शुरूआत वर्ष 2011 में की गई थी, जो वर्ष 2026 में भी पूरे उत्साह के साथ आयोजित हुई. प्रतियोगिता में बिहार, झारखंड समेत अन्य राज्यों से आए प्रतिभागियों ने भाग लिया. दही खाने के लिए तीन मिनट का समय निर्धारित था, जिसमें 400 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया.

पुरुष वर्ग में सदीशोपुर, पटना के अनिल कुमार ने 3 किलो 75 ग्राम दही खाकर द्वितीय पुरस्कार प्राप्त किया, जबकि संपतचक, पटना के अजीत कुमार ने 2 किलो 925 ग्राम दही खाकर तृतीय स्थान हासिल किया. महिला वर्ग में बाजार समिति, पटना की सुनीता देवी ने 3 किलो 325 ग्राम दही खाकर द्वितीय और कंकड़बाग, पटना की ज्योत्सना कुमारी ने 3 किलो 305 ग्राम दही खाकर तृतीय पुरस्कार प्राप्त किया. वरिष्ठ नागरिक पुरुष वर्ग में दानापुर, पटना के हरेन्द्र राय ने 3 किलो 550 ग्राम दही खाकर प्रथम स्थान प्राप्त किया. जहानाबाद के प्रणय शंकर कांत ने 2 किलो 885 ग्राम दही खाकर द्वितीय, जबकि बिरला कॉलोनी, पटना के मो. खुर्शीद आलम ने 2 किलो 875 ग्राम दही खाकर तृतीय पुरस्कार जीता. वरिष्ठ नागरिक महिला वर्ग में राजीव नगर, पटना की मधु देवी ने 2 किलो 450 ग्राम दही खाकर प्रथम, राजेन्द्र नगर की विभा देवी ने 1 किलो 455 ग्राम दही खाकर द्वितीय तथा अनिसाबाद की आशा देवी ने 1 किलो 54 ग्राम दही खाकर तृतीय पुरस्कार प्राप्त किया. कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पटना डेयरी प्रोजेक्ट के अध्यक्ष संजय कुमार ने सभी प्रतिभागियों को धन्यवाद देते हुए कहा कि सुधा की गुणवत्ता पर उपभोक्ताओं का अटूट विश्वास है. दूध संग्रह से लेकर पैकेजिंग तक पूरी प्रक्रिया में शुद्धता का विशेष ध्यान रखा जाता है और इसका सीधा लाभ उपभोक्ताओं के स्वास्थ्य को मिलता है. पटना डेयरी प्रोजेक्ट के प्रबंध निदेशक रूपेश राज ने बताया कि यह प्रतियोगिता पिछले 15 वर्षों से लगातार आयोजित की जा रही है. उन्होंने कहा कि वैशाल पाटलिपुत्र दुग्ध संघ का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों के पशुपालकों को संघ से जोड़कर उन्हें समृद्ध और खुशहाल बनाना है. प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया गया और विजेताओं को पुरस्कृत किया गया. सभी विजयी प्रतिभागियों को संघ के अध्यक्ष संजय कुमार, प्रबंध निदेशक रूपेश राज, निदेशक मंडल सदस्य बासुकीनाथ सिंह एवं कामता यादव द्वारा पुरस्कार प्रदान किए गए. इस अवसर पर पटना डेयरी प्रोजेक्ट के सभी पदाधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे.

## संक्षिप्त समाचार

### खुले नाले में गिरकर आम लोग हो रहे जख्मी

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नगर परिषद के द्वारा बाजितपुर रोड स्थित मोहम्मद इरशाद उल्लाह के घर के पास करीब एक पखवाड़ा पहले नाला की उड़ाही के लिए नाला का ढक्कन हटाकर सफाई का काम नगर परिषद ने करवाया था लेकिन सफाई के बाद नाला का ढक्कन ही लगाना भूल गए। जिसके चलते साइकिल चलाकर जा रहे एक बच्चे अपना नियंत्रण खो को दिया और नाले में जा जाकर गिर गया। जिससे बच्चों को गंभीर चोटे आई। स्थानीय लोगों के द्वारा बच्चों की जान बचाई गई। बाढ़ संख्या चार के वार्ड सदस्य को इसकी जानकारी दी गई। इसके बावजूद भी अभी तक नाला का ढक्कन को नहीं लगाया गया है। जिसको लेकर स्थानीय लोगों में आक्रोश है।

### मोटरसाइकिल हादसे में दो घायल

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बेढना पंचायत के फोरलेन क्रॉसिंग के पास मंगलवार की सुबह मोटरसाइकिल पर सवार होकर दो दोस्त परीक्षा देने के लिए बेगूसराय जा रहे थे तभी अचानक मोटरसाइकिल एक अज्ञात वाहन से हादसा ग्रस्त हो गया। जिसमें लखीसराय जिला के निवासी राजेश कुमार और दीपक कुमार जख्मी हो गया। राजेश कुमार को गंभीर चोटें लगी है। जिसे बाढ़ अनुमंडल अस्पताल में इलाज के बाद प्राइवेट नर्सिंग होम ले जाया गया जहां दोनों हाथ में प्लास्टर होने की बात कही जा रही है। वहीं वही दीपक कुमार को चेहरे पर और शरीर के अंदरूनी भाग में चोट आई है।

### आपसी विवाद में युवक को पीटा

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बाढ़ के गर्ल्स हाई स्कूल के पास बांध रोड पर कुछ लोगों ने अभिषेक कुमार को रॉड से मारकर जख्मी कर दिया। हमले के दौरान युवक की आंख क्षतिग्रस्त हो गई है। इस संबंध में पुष्कर, आनंद और नमन के खिलाफ केस दर्ज कराया गया है ।वहीं दूसरी तरफ तालिवपुर मोहल्ले में सुनील कुमार चौधरी और मानसिक रूप से बीमार उसके पुत्र को कुछ लोगों ने घेर कर जान मारने की धमकी दिया। पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है।

### गणतंत्र दिवस को लेकर बैठक आयोजित

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बाढ़ अनुमंडल कार्यालय के सभा कक्ष में गणतंत्र दिवस आयोजन समिति की बैठक आयोजित की गई जिसकी अध्यक्षता कार्यपालक दंडाधकारी शिवशंकर राय ने की। एसडीएम गरिमा लोहिया के इंतजार में उनके नहीं आने के बाद बैठक की शुरूआत की गई जिसमें विभिन्न कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की गई। बैठक में अवर निबंधक रत्नमणि , डीएस डॉ विनय कुमार चौधरी, सीडीपीओ रीता कुमारी, सामाजिक कार्यकर्ता संजय यादव, शंभू नारायण सिंह और संतोष कुमार आदि मौजूद रहे। सदस्यों ने बताया कि इस कार्यक्रम में कई पदाधिकारी उपस्थित भी नहीं हुए।

### हजारों की चोरी

**बाढ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।**बाढ़ के काली स्थान मलाही स्कूल के पास स्थित रूबी देवी के घर में अपराधियों ने दरवाजा तोड़कर तीन बोरा बर्तन और 60000 रुपए नगद चोरी कर लिया। महिला पडोस में सोने के लिए गई थी। इस दौरान सुनसान घर में घटना को अंजाम दिया गया। पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। इस मामले में अजय महतो को नामजद किया गया है।

### दानापुर छावनी परिषद में सातवीं बार नामित सदस्य आशा देवी मनोनीत

**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** छावनी परिषद के वैरी बोर्ड का सदस्य आशा देवी को नामित किया गया है. इस बाबत रक्षा मंत्रालय की ओर से नोटिफिकेशन जारी कर उन्हें सातवीं बार सदस्य बनाया गया है. बताया जाता है कि छावनी परिषद के चुनावों पर फिलहाल रोक लगी है. ऐसे में छावनी परिषद क्षेत्र के सिविल एरिया के विकास से संबंधित निर्णयों की बोर्ड ही लेता है. इसी क्रम में वैरी बोर्ड में आशा देवी को सदस्य नामित करने के लिए रक्षा मंत्रालय के संयुक्त सचिव ने नोटिफिकेशन जारी किया . आशा देवी 10 फरवरी 27 तक सदस्य नामित रहेंगे. आशा देवी छावनी परिषद के पूर्व पार्षद भी रह चुकी है.आशा देवी ने पीएम नरेंद्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह व भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन व प्रदेश अध्यक्ष समेत शीर्ष नेताओं को हदय से आभार व्यक्त किया है.आशा देवी को सातवीं बार नामित सदस्य बनाये जाने पर परिषद के निवर्तमान सीईओ सपन कुमार , नये सीईओ वरूण कुमार , रक्षा संपदा अधिकारी मोहम्मद अली , दानापुर चैंबर ऑफ कॉमर्स के राज कुमार रश्मि, संजय कुमार गुप्ता ने बधाई दी है.

### ई रिक्शा चालक को मारपीट कर किया अधमरा

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** स्टेशन रोड चौक के पास सोमवार की दोपहर मोहम्मद आसिफ मीर मोहल्ला निवासी ई रिक्शा चालक को स्टेशन एरिया के एक नशेड़ी बदमाश ने मारपीट कर गंभीर रूप से जख्मी कर दिया। जिसका इलाज बाढ़ के अनुमंडल अस्पताल में करवाया गया। घायल आसिफ ने बताया कि वह स्टेशन एरिया में गाड़ी लेकर जा रहा था तभी सड़क किनारे वह नशे की हालत में हमसे उलझ गया और हमारे ऊपर हमला बोल दिया। मारपीट करने वाला हमेशा सुलेशन की नशा में रहता है। वही मारपीट करने के बाद बदमाश भागने में सफल रहा।

### इलाहाबाद हाईकोर्ट का फैसलाः बिना मान्यता भी मदरसे बंद नहीं होंगे, संविधान ने दिया है अधिकार

**फुलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार, ओडिशा और झारखंड के शरिया अमीरात के नाज़िम मौलाना मुफ्ती मुहम्मद सईद-उर-रहमान कासमी ने स्वतंत्र और गैर-मान्यता प्राप्त मदरसों के मामले में इलाहाबाद उच्च न्यायालय के फैसले का स्वागत किया है. उन्होंने कहा कि न्यायालय ने मदरसों के संवैधानिक अधिकारों, गरिमा और प्रतिष्ठा की रक्षा की है. नाज़िम ने बताया कि न्यायालय ने स्पष्ट किया है कि केवल गैर-मान्यता के आधार पर किसी मदरसे को बंद नहीं किया जा सकता. यह निर्णय संविधान के अनुच्छेद 30 और सर्वोच्च न्यायालय के पूर्व निर्णयों की पुष्टि करता है और देशभर के लिए एक मिसाल बनेगा. उन्होंने मदरसों के प्रबंधकों से शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता और सुधार पर ध्यान देने की अपील भी की.

### जनता दरबार में कई मामलों का निबटारा

**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नगर परिषद के ईओ पंकज कुमार की अध्यक्षता में जनता दरबार का आयोजन किया गया. परिषद के 40 वार्डो के विभिन्न वाडों 6 परिवादी उपस्थित हुए है.परिवादी अनिल कुमार चित्रकूट नगर निवासी ने नाला व पानी निकासी का शिकायत किया. रूपसपुर नहर पिल संख्या 242 निवासी महेश कुमार ने नाला व सडक निर्माण करने को लेकर लिखित शिकायत किया.वार्ड 39 के शिवधारी सिंह ने नालाा के ढक्कन टूटने रहने से आये दिनों दुर्घटनाएं घट रही है ओर ढक्कन मरम्मत करने की मांग किया है. आरपीएस इंजीनियरिंग कॉलेज निवासी ओंकरनाथ सिंह ने जल जमाव से निजात दिलाने के लिए नाला और सडक निर्माण कराने की मांग किया है. नासरीगंज निवासी अजय कुमार ने नाला सफाई नही होने से नाले के गंदे पानी घर में जाने की शिकायत की .

# नितिन नवीन के भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने पर कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर



**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बांकीपुर से विधायक व बिहार सरकार के पूर्व मंत्री नितिन नवीन को भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष की निर्विरोध चुने जाने पर भाजपा कार्यकताओं में खुशी व उत्साह की लहर दौड गई है. मंगलवार को नगर में उत्साह का माहौल दिखा मानो होली और दीपावली एक साथ आ गई हो.भाजपा व्यवसायिक प्रकोष्ठ के संयोजक शंकर सिंह के मैनपुरा आवास से भाजपा कार्यकताओं जुलूस निकाला कर सगुना मोड पर पहुंचा. जहां पर कार्यकताओं ने एक-दूसरे मिठाई खिलाकर और गुलाल-अबीर लगाकर अपनी प्रसन्नता व्यक्त की. नितिन नवीन को राष्ट्रीय अध्यक्ष की ताजपोशी पर प्रसन्नता जाहिर किया. इस अवसर पर भाजपा व्यवसायिक प्रकोष्ठ के संयोजक शंकर सिंह ने कहा कि विश्व की सबसे बड़े लोकतांत्रिक दल भाजपा के सबसे कम उम्र में राष्ट्रीय अध्यक्ष बनना अपने आप में अत्यंत ही गौरव की बात है और इस बार यह गौरव बिहार को मिला है. पहली बार बिहार का कोई नेता भाजपा का राष्ट्रीय अध्यक्ष बना है. यह बिहार की माटी की ताकत है. नितिन नवीन लोकप्रिय नेता तो है ही वे सरल स्वभाव के प्रतीक सरल -सहज कार्यकर्ता के बीच बेहतर समन्वयक के रूप में भी उनकी पहचान है.संगठन और सरकार का अच्छा अनुभव उन्हें प्राप्त है. मैं ईश्वर से उनके यशस्वी कार्यकाल की कामना करता हूं. निश्चित तौर पर आज से भाजपा का नवीन युग का शुरूआत हो चुका है. उनके अनुभव संगठन के प्रति समर्पण व एकात्यियता की भाव से संगठन को आगामी आने वाले सभी चुनावों में इसका प्रभाव दिखने को मिलेगा. साथ ही नवीन को इस बड़े दायित्व के लिए शंकर सिंह ने भाजपा के शीर्ष नेतृत्व व देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व गृह मंत्री के प्रति भी आभार प्रकट किया है. मौके पर भाजपा अजीत यादव,बंटी गुप्ता ,ग्रामीण अध्यक्ष अवधेश सिंह , राजेश शर्मा,विनय मेहता, मनोज मास्टर, राकेश कुमार , संजय कुमार सिंह, भानू सिंह, बीस सूत्री अध्यक्ष ब्रजेश सिंह, गुड्डू सिंह , सुभाष कुमार, अंशुमान कुमार, रजनीश कुमार, रजनीश तिवारी, अमरजीत सिंह चौहान, लंकेश सिंह, पवन भान सिंह ,सुदीप कुमार समेत कार्यकर्ता मौजूद थे.

### गोदाम से 1.75 लाख के बिजली पाइप चोरी

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शहर में चोरी की एक बड़ी वारदात सामने आई है। साईं इलेक्ट्रिकल्स एंड प्रोवाइडिंग हाउस के प्रोप्राइटर राकेश कुमार के गोदाम से करीब 1 लाख 75 हजार रुपये मूल्य के बिजली पाइप चोरी कर लिए गए। यह घटना 17 और 18 जनवरी की दरम्यानी रात की बताई जा रही है।पीड़ित राकेश कुमार के अनुसार, गोदाम में मल्होत्रा कंपनी के 35 से 40 बंडल बिजली पाइप रखे थे। चोर एनएस कॉलेज फील्ड की ओर से वाहन लगा कर आए और महंगे पाइप चुन-चुन कर ले गए, जबकि कुछ सस्ते पाइप वहीं छोड़ दिए। राकेश कुमार को चोरी की जानकारी तब हुई जब वे दोपहर में एक ग्राहक को पाइप देने गोदाम पहुंचे। गोदाम की हालत देखकर उन्होंने तुरंत थाने में एफआईआर दर्ज कराई। पीड़ित का कहना है कि यह सामान्य चोरी नहीं बल्कि पूर्व नियोजित साजिश प्रतीत होती है, क्योंकि बिजली पाइप की कीमत और उपयोग की जानकारी आम चोरों को नहीं होती।

## डूबने से मृत तीन बच्चों की माताओं को सीओ ने सौंपे मुआवजा राशि के चेक



**एकमा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** एकमा सीओ अमलेश कुमार द्वारा अपने कार्यालय कक्ष में 22 नवंबर 2025 को एकमा थाना क्षेत्र के धनौती गांव में मछली पालन वाले निजी तालाब के पानी में डूबने से हुई तीन मासूम बच्चों की दर्दनाक मौत के मामले में पीड़ित परिजनों को राहत प्रदान की गई। इस दौरान मृत बच्चों के निकटतम आश्रित माताओं क्रमशः प्रमिला देवी, दुलारी कुमारी व नेहा कुमारी को सरकार द्वारा निर्धारित आपदा मुआवजे की राशि चार-चार लाख रुपये का चेक वितरित किया गया। उल्लेखनीय है कि इस हादसे में सोनी कुमारी (5), पिता शिवप्रसन्न यादव, मूल निवासी पकवलिया, महाराजगंज, जिला सिवान, जो अपने ननिहाल एकमा थाना क्षेत्र के धनौती गांव में रह रही थी, की डूबने से मौत हो गई थी। वहीं धनौती गांव निवासी उज्ज्वल कुमार (4), पिता मनोज मांझी व तन्या कुमारी (3), पिता सरोज मांझी की भी इसी हादसे में जान चली गई थी। उज्ज्वल कुमार व तन्या कुमारी आपस में रिश्ते में चचेरे भाई-बहन थे। अंचलाधिकारी अमलेश कुमार ने पीड़ित परिवारों को चेक सौंपते हुए शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की और कहा कि जिला प्रशासन इस दुःख की घड़ी में उनके साथ खड़ा रहा है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि आपदा पीड़ितों को शासन के प्रावधानों के अनुसार हर संभव सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। घटना के बाद से ही स्थानीय प्रशासन द्वारा आवश्यक औपचारिकताएं पूरी कर मुआवजे दिलाने की प्रक्रिया तेजी से आगे बढ़ाई गई, ताकि पीड़ित परिवारों को शीघ्र राहत मिल सके। यह दुर्घटना पूरे क्षेत्र के लिए बीते वर्ष बेहद मार्मिक थी।

### मजदूरी कराने ले गए बुजुर्गों को चाकू से जख्मी किया

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अनुमंडल के पंडारक प्रखंड अंतर्गत लेमुंआबाद पंचायत के दरगाह ही टोला निवासी 65 वर्षीय नरेश महतो को प्रखंड के ही ठेकेदार प्रमोद महतो मजदूरी करवाने के लिए दो और मजदूर राजेश चौधरी और सिकंदर चौधरी को अपने साथ दो दिन पूर्व हाजीपुर ले गया। रास्ते में उसे खर्च के लिए ₹500 दिए और हाजीपुर पहुंचकर उसे पैसे मांगने लगा पैसे नहीं देने पर बुजर्ग के साथ बेरहमी से पिटाई करते हुए मारपीट कर अधमरा कर दिया और चाकू से भी जख्मी कर दिया। बेहोशी की हालत में उसे सड़क किनारे जंगल में फेंक दिया। होश आने पर बुजुर्ग इसकी जानकारी परिजनों को दी परिजन किसी तरह हाजीपुर से बुजुर्गों को उठाकर बाढ़ के अनुमंडल अस्पताल में भर्ती कराया। जहां बुजुर्ग का इलाज चल रहा है। पुलिस के द्वारा अभी तक मामले की प्राथमिक की दर्ज नहीं की गई है लेकिन परिजन दहशत में है।

## उमानाथ के राम जानकी शीतला माता मंदिर से मुकुट की चोरी, साधु समाज संदेह के घेरे में

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** उमानाथ स्थित राम जानकी मंदिर के माता शीतला के माथे पर लगा चांदी का मुकुट बीती रात्रि चोरी कर ली गई मंदिर के पुजारी बाबा रामकरण ने बताया कि उन्हें साधु समाज के प्रकाश बाबा के ऊपर ही शक है और पुलिस को इसकी लिखित शिकायत दी गई है।

घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंचकर साधु समाज के सामानों का जांच पड़ताल किया लेकिन चोरी का मुकुट बरामद नहीं हुई। वहीं दूसरी तरफ मंदिर को दान देकर चलाने वाले गया जी ,नवादा,नालंदा, शेखपुरा जिला के श्रद्धालु मंदिर पहुंचकर आपात बैठक बुलाई और इस तरह की घटना पर चिंता व्यक्त किया। साथ ही दान में दिए गए पैसे का कोई हिसाब नहीं होने पर चिंता व्यक्त की। मंदिर सूत्रों के मुताबिक बाबा रामकरण और प्रकाश जी महाराज साधु के बीच अक्सर नोक झोंक हुआ करता था। रामकरण बाबा अपने परिवार के सदस्यों को भी अक्सर मंदिर में रखते थे। जिसका साधु समाज विरोध किया करते थे। जानकारों ने बताया कि मंदिर ट्रस्ट का कुछ पैसा एनटीपीसी के द्वारा जमीन के एवेज में आने की बात को लेकर मंदिर मे रह रहे साधु समाज के भीड़भाड़ को पुजारी कम करना चाहते थे। वहीं दूसरी तरफ साधु समाज में अक्सर इस बात को लेकर झड़प होती थी कि यदि साधु हैं तो परिवार को मंदिर में मत शरण दीजिए जिसको लेकर अक्सर कहा सुनी होती थी। फिलहाल चोरी का मामला पुलिस के हवाले है और पुलिस अपने ढंग से अनुसंधान करने में जुटी हुई है।

### अतिक्रमण पर नप प्रशासन का चला बुलडोजर

**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नगर को स्वच्छ सुंदर और जाम से निजात दिलाने को लेकर मंगलवार को नप प्रशासन ने सुलतानपुर पानी टंकी मोड से सुलतानपुर कोइरी टोला मोड तक बुलडोजर चला. डीएम व एसडीओ आदेश के बाद नगर परिषद प्रशासन की टीम ने पुलिस बलों के सहयोग टाउन क्लिन ऑपरेशन चलाया. घंटो तक चले व्यापक रूप से अभियान में. बुलडोजर से पक्का ओटा , झोपडियों व गुमटी को ध्वस्त किया गया है.अतिक्रमणकारियों के बीच हडकंप मच रहा है. अभियान नप के ईओ पंकज कुमार व नगर प्रबधक ब्रजेश सिंह के नेतृत्व में चलाया गया. उन्होंने बताया कि सडक किनारे अवैध रूप से अतिक्रमण कर सडक पर स्थायी व अस्थायी रूप से पक्का ओटा, झोपडी व गुमटी लगाकर अतिक्रमण के कारण आए दिनों जाम लगने से आम लोगों समेत स्कूली बच्चों को परेशानी झेलनी पडती है. जिसको देखते हुए नप प्रशासन ने अभियान चलाया गया है. उन्होंने बताया कि पूरे नगर को अतिक्रमणकारियों से मुक्त कराया जायेगा और नगर को स्वच्छ व सुंदर बनाया जायेगा.

## खलीलपुरा हत्याकांड में 7.62 बोर के तीन खोखे बरामद, कई संदिग्ध हिरासत में

**फुलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** फुलवारी शरीफ थाना क्षेत्र के खलीलपुरा, मिनहाज नगर में युवक की गोली मारकर की गई हत्या के मामले में पुलिस ने जांच तेज कर दी है. घटनास्थल से पुलिस ने 7.62 बोर के तीन खोखे बरामद किए हैं. मामले में अब तक किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है, हालांकि कई संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है. फुलवारी शरीफ थाना पुलिस के अनुसार, सोमवार देर शाम खंडहरनुमा मकान से मोहम्मद महताब आलम का शव बरामद किया गया था. प्रारंभिक जांच के दौरान घटनास्थल से मिले खोखों के आधार पर पुलिस ने स्पष्ट किया है कि युवक को सिर में गोली मारी गई थी, जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई. घटना के बाद मृतक के भाई मोहम्मद शकील ने पांच लोगों को नामजद आरोपी बनाया है. पुलिस का कहना है कि सभी बिंदुओं पर जांच की जा रही है और नामजद समेत अन्य संदिग्धों से पूछताछ जारी है. फिलहाल हत्या के कारणों को लेकर पुलिस कुछ भी स्पष्ट करने से बच रही है. फुलवारी शरीफ अनुमंडल पदाधिकारी सुशील कुमार ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए लगातार छापेमारी की जा रही है. एफएसएल और डॉग स्क्वॉड की मदद से तकनीकी साक्ष्य भी जुटाए गए हैं. पुलिस का दावा है कि जल्द ही मामले का खुलासा कर लिया जाएगा. वहीं स्थानीय लोगों के बीच इलाके में नशे के अवैध कारोबार को लेकर भी चचाएं हैं, जिसे लेकर पुलिस अलग-अलग पहलुओं से जांच कर रही है. पुलिस का कहना है कि किसी भी एंगल को नजरअंदाज नहीं किया जा रहा है और साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी. फुलवारी शरीफ थाना अध्यक्ष मोहम्मद गुलाम शाहबाज आलम ने बताया कि मृतक को तीन गोलियां मारी गई हैं.

# रोटरी क्लब ऑफ पटना सिटी का निःशुल्क चिकित्सा शिविर सफलतापूर्वक संपन्न



**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** रोटरी क्लब ऑफ पटना सिटी द्वारा समाजहित में आयोजित निःशुल्क चिकित्सा सेवा एवं दवाओं पर विशेष छूट का कार्यक्रम मंगलवार, 20 जनवरी 2026 को सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। यह स्वास्थ्य सेवा शिविर क्लब के अध्यक्ष डॉ. बी. एम. प्रसाद जी जन्मदिन के विशेष शुभ अवसर पर आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में जरूरतमंद लोगों ने निःशुल्क चिकित्सकीय परामर्श एवं उपचार का लाभ उठाया। इस विशेष आयोजन के अंतर्गत आमजन को निःशुल्क चिकित्सा परामर्श उपलब्ध कराया गया, वहीं आवश्यक दवाओं पर 10 प्रतिशत की विशेष छूट भी दी गई। शिविर का उद्देश्य समाज के आर्थिक रूप से कमजोर एवं जरूरतमंद वर्गों तक गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना रहा। कार्यक्रम के दौरान मरीजों की जांच, परामर्श एवं दवा संबंधी मार्गदर्शन के लिए समुचित और सुव्यवस्थित व्यवस्था की गई थी। कार्यक्रम में डॉ. बी. एम. प्रसाद के साथ डॉ. रीना, राज कुमार राजन और रवि प्रीत की सक्रिय सहभागिता रही। रोटरी क्लब ऑफ पटना सिटी के वरिष्ठ रोटेरियन सदस्यों—रोटेरियन पंकज कुमार, रोटेरियन डॉ. अजय, रोटेरियन राजेश, रोटेरियन विजय यादव और रोटेरियन कवि सैनी—की गरिमामयी उपस्थिति ने आयोजन को और अधिक सशक्त बनाया। इसके अतिरिक्त राहुल राज सिंह, मंजीत कुमार और अमित आनंद ने भी आयोजन की व्यवस्थाओं में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस अवसर पर अध्यक्ष डॉ. बी. एम. प्रसाद ने जानकारी दी कि जनहित को ध्यान में रखते हुए यह निःशुल्क चिकित्सा परामर्श एवं दवा छूट कार्यक्रम अब नियमित रूप से प्रत्येक बुधवार को आयोजित किया जाएगा, ताकि अधिक से अधिक लोग इस सेवा का लाभ उठा सकें।

# बेउर जेल में गांजा-स्मैक सप्लाई करने वाले गिरोह का भंडाफोड़, चार अपराधी गिरफ्तार

**फुलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पटना के बेउर थाना पुलिस ने बेउर जेल के अंदर गांजा और स्मैक पहुंचाने वाले गिरोह का पदार्फाश करते हुए चार अपराधियों को गिरफ्तार किया है. यह गिरोह जेल के अंदर बंद कैदियों तक मादक पदार्थ पहुंचाने का संगठित नेटवर्क चला रहा था. पुलिस ने आरोपियों के पास से भारी मात्रा में गांजा, कई आपत्तिजनक सामान और नकद रुपये भी बरामद किए हैं. पुलिस जांच में सामने आया है कि जेल से सटे एक मकान की छत का इस्तेमाल कर मादक पदार्थ जेल परिसर के अंदर फेंका जाता था. इस पूरे नेटवर्क का संचालन जेल के अंदर बंद कुख्यात अपराधी विक्की कुमार के इशारे पर किया जा रहा था, जो बाहर से गांजा और स्मैक मंगवाकर जेल के भीतर कैदियों को सप्लाई करता था. पुलिस ने संबंधित मकान को चिन्हित कर लिया है और इस संबंध में जेल प्रशासन को कार्रवाई के लिए पत्राचार किया गया है. साथ ही जेल की सुरक्षा व्यवस्था को और सख्त करने का सुझाव भी दिया गया है. पूरे मामले की जानकारी देते हुए सिटी एसपी पश्चिम भानु प्रताप सिंह ने बताया कि बेउर थाना को सूचना मिली थी कि बेउर अखाड़ा के पास कुछ अपराधी मादक पदार्थ की खरीद-बिक्री करने पहुंचे हैं. सूचना के आधार पर पुलिस टीम गठित कर छापेमारी की गई, जहां से शैलेंद्र मिस्त्री और गोविंद चौधरी को गिरफ्तार किया गया. पूछताछ में दोनों ने खुलासा किया कि दुल्हन बाजार थाना क्षेत्र के लाल भदसारा निवासी धनंजय कुमार गांजा की सप्लाई करता है. इसके बाद पुलिस ने धनंजय कुमार को गिरफ्तार कर पूछताछ की, जिसमें उसने बताया कि बेउर जेल के सटे जितेंद्र कुमार के मकान की ऊंची छत से गांजा जेल के अंदर फेंका जाता था. पुलिस ने जितेंद्र कुमार को भी गिरफ्तार किया है. पूछताछ में उसने स्वीकार किया कि वह जेल में बंद कुख्यात अपराधी विक्की कुमार को अपने मकान की छत से गांजा की सप्लाई करता था. सिटी एसपी ने बताया कि विक्की कुमार वही कुख्यात अपराधी है, जिस पर एक दर्जन से अधिक आपराधिक मामले दर्ज हैं. पुलिस इस पूरे नेटवर्क के अन्य कड़ियों की तलाश में जुटी है और जेल प्रशासन के साथ समन्वय स्थापित कर आगे की कार्रवाई की जा रही है.

## संक्षिप्त समाचार

### चंपारण के छह युवकों के स्टार्टअप पेंटाओमेनिया कंपनी का दिल्ली में अवार्ड के लिए चयन

**घोड़ासहन (पूर्वी चम्पारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** छह युवकों ने नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में देश भर से भाग ले रहे स्टार्टअप पेंटाओमेनिया प्रा.ली.कंपनी का चयन दसवें राष्ट्रीय स्टार्टअप दिवस के अवसर पर क्रिएटिव इंडस्ट्री डिसरपॉटर आवर्ड के श्रेणी में फाइनलिस्ट के रूप में चयन किया गया है।पेंटोओमेनिया एक मार्केटिंग ,ब्रांडिंग एवं इवेंट मैनजमेंट कंपनी है।कंपनी को पूर्व में भी बिहार सरकार से अनुदान मिल चुका है।कंपनी के सीईओ पश्चिमी चंपारण के मो.शाहिद वही पूर्वी चंपारण के घोड़ासहन प्रखंड के बरवाखुर्द गांव निवासी समाज सेवी रमेश सिंह के पुत्र कंपनी के कम्युनिटी मैनेजर प्रशांत कुमार,अंशुमान ठाकुर,बिहान गौड़ एवं सुधांशु सिंह ने मिलकर इस स्टार्टअप कंपनी को खड़ा कर धरातल पर लाया है। प्रशांत कुमार के इस उपलब्धि पर गांव एवं परिजनों में हर्ष है।



### पांचवे दिन परीक्षा कदाचारमुक्त सम्पन्न

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बी.आर.ए. बिहार विश्वविद्यालय, मुजफ्फरपुर के तत्वावधान में स्नातक (सी.बी.सी.एस) प्रथम सेमेस्टर, सत्र 2025-29 की परीक्षा दिनांक 15 जनवरी 2026 से प्रारंभ है। मुंशी सिंह महाविद्यालय, मोतिहारी को एल. एन. डी. कॉलेज, मोतिहारी एवं एम. एस. एस. जी. कॉलेज, अरेराज के परीक्षार्थियों के लिए परीक्षा केंद्र बनाया गया है। 20/01/ 26, परीक्षा के पाँचवे दिन मुंशी सिंह महाविद्यालय, मोतिहारी परीक्षा केंद्र पर प्रथम पाली में एम. डी.सी. ग्रुप - सी के अंतर्गत उर्दू, मनोविज्ञान और इतिहास विषयों की परीक्षा संपन्न हुई, जिसमें कुल 932 परीक्षार्थी उपस्थित रहे। वहीं, दूसरी पाली में एम.डी.सी ग्रुप- डी के अंतर्गत राजनीति विज्ञान, इकोनॉमिक्स, अंग्रेजी, केमिस्ट्री विषयों की परीक्षा हुई, जिसमें 936 परीक्षार्थियों ने भाग लिया। परीक्षा कदाचार मुक्त, अनुशासित एवं शांतिपूर्ण वातावरण में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुई। महाविद्यालय प्रशासन द्वारा परीक्षा की शुचिता एवं व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक सभी प्रबंध किए गए थे। यह जानकारी मुंशी सिंह महाविद्यालय, मोतिहारी के प्राचार्य प्रो. एम.एन.हक और परीक्षा नियंत्रक डॉ. मशहूर अहमद के हवाले से महाविद्यालय के मीडिया प्रभारी डॉ. गौरव भारती ने दी।

### जनता दरबार में सुनी 45 परिवादियों की समस्याएं

**छपरा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिलाधिकारी सारण वैभव श्रीवास्तव ने सोमवार को कार्यालय प्रकोष्ठ में आयोजित जनता दरबार में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए 45 परिवादियों की समस्याओं को सुना। इनमें सर्वाधिक मामले राजस्व, भू-अर्जन, मानदेय भुगतान, राशन कार्ड और नल-जल योजनाओं से संबंधित थे। जिलाधिकारी ने उपस्थित अधिकारियों को सभी मामलों का समयबद्ध और प्रभावी समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनता दरबार का उद्देश्य आम लोगों की वास्तविक समस्याओं का त्वरित निपटान है, इसलिए हर विभाग को गंभीरता से कार्य करना होगा।



### कर्मियो से बीडीओ ने स्पष्टीकरण मांगा

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पीएम आवास योजना 2025-26 के तहत ग्रामीण क्षेत्र में सर्वे के बाद सत्यापन कार्य में लापरवाही बरतने का मामला सामने आया है। यह खुलासा बीडीओ के समीक्षा बैठक के दौरान हुआ है। समीक्षा में बीडीओ ने पाया कि 19 जनवरी को 15 पंचायतों में प्रगति शून्य है। जिसमे बनवरिया, भभटा, भसुरारी, चमुआ, धूमनगर, गोखुला, हरदीटेढ़ा, केहुनिया रोआरी, कुकुरा, मलदहिया पोखरिया, नौतनवा, परोराहा, रखही चंपापुर, शेरहवा और सुगौली पंचायत शामिल है। यहां जीरो प्रगति रिपोर्ट देखकर अधिकारी ने गहरी नाराजगी व्यक्त की है। साथ ही संबंधित चेकर्स से जवाब तलब किया है। बता दें कि पीएम आवास को लेकर प्रखंड में कुल 30196 लाभुकों का सर्वे हुआ है। जिसका सत्यापन किया जाना है। लेकिन 18 जनवरी तक मात्र 9482 लाभुकों का ही सत्यापन हो सका है। बीडीओ ने सभी चेकर्स को सख्त निर्देश दिया है कि 22 जनवरी तक हर हाल में सत्यापन कार्य पूर्ण करें। बीडीओ ने बताया कि अब प्रतिदिन कार्यों की समीक्षा की जा रही है। निर्धारित समय सीमा के भीतर कार्य नहीं होने पर शिथिलता बरतने वाले कर्मियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

### पेंशनधारी को मृत घोषित करने पर बीडीओ सख्त

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड क्षेत्र के बृद्धा अवस्था पेंशन के लाभुकों का सत्यापन रिपोर्ट में मृत घोषित कर उसका राशि रोकने को लेकर लगातार शिकायत सामने आ रही है। हालांकि इस मामले में बीडीओ पूरी तरह से सख्त है। मंगलवार को बनवारिया पंचायत के अंजुआ गांव निवासी बर्मा रायुत ने प्रखंड कार्यालय पहुचकर बीडीओ से शिकायत किया है। जिसके बाद बीडीओ ने त्वरित करवाई करते हुए कार्यपालक सहायक को सुधार करने का निर्देश दिया। इससे पहले सोमवार को प्रखंड कार्यालय में लगे जनसुनवाई शिविर में मलदहिया निवासी नसरुल मियां ने बीडीओ को आवेदन सौपा है। उसे भी मृत बताकर पेंशन की राशि रोक दी गई है। बीडीओ सूरज कुमार सिंह ने बताया कि पेंशनधारियों को प्रत्येक वर्ष ई केवाईसी और जीवन सत्यापन करना विभाग की ओर से अनिवार्य कर दिया गया है। इसको लेकर सभी पंचायत सचिव और विकास मित्र को निर्देशित किया गया है। उन्होंने ये भी कहा कि अंजुआ वाले मामले में पंचायत सचिव शंकर प्रसाद व विकास मित्र की लापरवाही सामने आई है। दोनों से स्पष्टीकरण पूछा गया है। बता दे कि प्रखंड अंतर्गत 45253 पेंशनधारी लाभुक है। हालांकि अभीतक 7895 लाभुक ही अपना सत्यापन कराया है।

### स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 की तैयारी को लेकर कार्यशाला

**रामनगर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रामनगर नगर परिषद कार्यालय सभागार में स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) के तहत स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 को लेकर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। नेशनल सफाई कर्मचारी फाइनेंस एंड डेवलपमेंट कॉरपोरेशन के निर्देश पर आयोजित इस कार्यशाला का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। कार्यक्रम में कार्यपालक पदाधिकारी मुकेश कुमार, नगर सभापति गीता देवी, उप सभापति श्वेता सिंह, नगर ब्रांड एंबेसडर सदाकांत शुक्ल, स्वच्छता पदाधिकारी स्फूर दीप्ति, टाउन प्लानर खुश्बू वर्मा एवं सिटी मैनेजर इंटू कुमार उपस्थित रहे।

# मादक पदार्थों के अवैध व्यापार के विरुद्ध नियमित करें छापामारी : डीएम

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** समाहरणालय स्थित डॉ. राधाकृष्णन सभागार में आयोजित एन कोर्ड की जिला स्तरीय बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि मादक पदार्थों के अवैध व्यापार को रोकने एवं इसके सेवन के विरुद्ध लगातार छापामारी करें एवं पकड़े गए लोगों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई करें। जिला के बॉर्डर एरिया खासकर रक्सौल, आदापुर, घोड़ासहन, ढाका के क्षेत्र में लगातार अभियान चलाएं। बैठक में उपस्थित डीएसपी हेडक्वार्टर के द्वारा बताया गया कि जिला के सभी स्थानों के साथ समन्वय स्थापित कर पिछले 6 माह में 100 से अधिक कांड प्रतिवेदन है जिसमें 1755 केजी गांजा 28.1 क चरण तथा 81.2 ग्राम स्मैक जप्त किया गया है एवं पकड़े गए लोगों के विरुद्ध कार्रवाई की गई है उन्होंने कहा कि रक्सौल घोड़ासहन एवं ढाका में ज्यादातर बरामद की गई है। कमांडेंट 47 वीं बटालियन सशस्त्र सीमा बल रक्सौल के द्वारा बताया गया कि पुलिस के साथ सशस्त्र सीमा बल की ज्वाइंट ऑपरेशन के 27 मामले दर्ज की गई है जिसमें गांजा और चरस के साथ-साथ कफ सिरप भी पकड़ा गया है। उन्होंने बताया कि राजस्थान के चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है एवं दो गाड़ियां भी पकड़ी गई हैं। मादक पदार्थ अधिकांश रूप से नेपाल के रास्ते जिला में आ रहा है जबकि कई तरह के ड्रग्स इस साइड से नेपाल की तरफ जा रहा है। इस पर सीमा सुरक्षा बल के द्वारा लगातार निगरानी रखी जा रही है एवं स्थानीय पुलिस के सहयोग से अभियान भी चलाया जा रहा है । कमांडेंट 71वीं बटालियन सशस्त्र सीमा बल पिपरा कोठी के द्वारा बताया गया कि स्थानीय पुलिस के सहयोग से कल 13 रेड किए गए हैं जिसमें 36 किलोग्राम गांजा, चरस, ब्राउन शुगर जप्त किया गया है। उन्होंने बताया कि ड्रग्स दुकानों पर भी छापेमारी की गई है एवं दुकान भी सील किए गए हैं। कमांडेंट 20वीं बटालियन सशस्त्र सीमा बल सीतामढ़ी के द्वारा बताया गया कि पुलिस के साथ संयुक्त अभियान में 80 केजी गांजा तथा 2700 कफ सिरप पकड़ा गया है। बैठक में अपर समाहर्ता पूर्वी चंपारण मुकेश कुमार सिन्हा, सहायक पुलिस अधीक्षक हेमंत सिंह, उपर्युक्त कस्टम विभाग, सिविल सर्जन, औषधि नियंत्रक, पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय, वन प्रमंडल पदाधिकारी, जिला कृषि पदाधिकारी, शिक्षा विभाग के पदाधिकारी, अधीक्षक मद्य निषेध, प्रतिनिधि नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे। बैठक में उपस्थित जिला कृषि पदाधिकारी के द्वारा बताया गया कि रक्सौल के रास्ते नेपाल में यूरिया ले जाये जाने की शिकायत मिल रही है जिस पर जिलाधिकारी के द्वारा निर्देश दिया गया कि सीमा सुरक्षा बल स्थानीय पुलिस के साथ मिलकर इसके विरुद्ध अभियान चलाए। जिला कृषि पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि बॉर्डर एरिया में खाद के सभी दुकानदारों की सूची अनुमंडल पदाधिकारी रक्सौल को उपलब्ध करा दी जाए एवं नियमित रूप से इन दुकानों के स्टॉक वेरिफिकेशन किया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि निरोधात्मक कार्य में लगे हुए पदाधिकारी स्थानीय थाना को सूचना निश्चित रूप से दें और एक दूसरे के साथ समन्वय बनाकर कार्य करें। जिलाधिकारी ने कहा कि मादक पदार्थों का चलन युवा वर्ग में तेजी से बढ़ रहा है जिसका उनके स्वास्थ्य, उनके परिवार और समाज पर इसका बुरा प्रभाव देखने को मिल रहा है। शहर में थे तेजी से फैल रहा है। डीएम ने कहा कि उन जगहों को चिन्हित किया जाए जहां बच्चे मादक पदार्थों का सेवन कर रहे हैं। खासकर रेलवे लाइन के किनारे, झाड़ी, पार्क, अन्य सुनसान जगहों पर नियमित रूप से गस्ती बढ़ाई जाए। आसपास के लोगों से भी इस संबंध में पूछताछ की जाए कि इस तरह की चीज कहां पर घटित हो रही है। बहुत सारा फीडबैक स्थानीय लोग ही बता देंगे और जो भी मैसेज मिले उसके विरुद्ध छापेमारी की जाए।जिलाधिकारी ने कहा कि नशा मुक्ति केंद्र का भी नियमित रूप से निरीक्षण किया जाए और वहां रह रहे लोगों से जरूरी पूछताछ किया जाए, साथ ही वहां पर प्रतिनियुक्ति कर्मियों पर भी नजर रखी जाय। जिलाधिकारी के द्वारा मादक पदार्थों के अवैध व्यापार एवं इसके दुष्प्रभाव के संबंध में जागरूकता अभियान चलाने, विशेष कर शैक्षणिक संस्थानों में चलाने का निर्देश दिया गया ।



## एक शाम शहीदों के नाम कार्यक्रम का आयोजन, देशभक्ति गीतों पर झूमे श्रोता

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शहर के एक सिनेमा हॉल परिसर में सोमवार की संध्या एक शाम शहीदों के नाम कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन एसडीएम अभिजीत कुमार गोविंदा, बीडीओ सूरज कुमार सिंह, नगर सभापति रीना देवी, एडीएसओ सुशील प्रताप सिंह समेत अन्य पदाधिकारियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इससे पूर्व बीडीओ ने एसडीएम को अंगवस्त्र व पौधा भेंटकर सम्मानित किया, साथ ही सभी अतिथियों का स्वागत किया गया। कार्यक्रम में गायक ब्रजेश कुमार ने है प्रीत जहां की रीत सदा और चिट्ठी आई है गीतों की प्रस्तुति दी, जिस पर सभागार तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। वहीं लोक गायिका साधना झा ने दिल दिया है जान भी देंगे सहित अन्य देशभक्ति गीतों से माहौल को देशप्रेम से सराबोर कर दिया। पदाधिकारी, कर्मी एवं श्रोता देशभक्ति गीतों पर झूमते नजर आए।कार्यक्रम में बीपीआरओ विवेक आर्या, उप सभापति पूनम देवी, प्रतिनिधि संतोष राज, वार्ड पार्षद बब्लू वर्मा, शिक्षक वीरेंद्र कुमार, धरणीकांत मिश्र, प्रकाश कुमार, अनुमंडल नाजीर प्रेम कुमार, प्रखंड नाजीर प्रदीप पासवान, अमरेश कुमार सहित कई गणमान्य लोग व कर्मी उपस्थित रहे।



## पांचवीं पुण्यतिथि पर उपेंद्रनाथ तिवारी को दी गयी श्रद्धांजलि

### निर्भीक पत्रकारिता को किया गया नमन

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पत्रकारिता को मिशन मानकर जीवन भर सच्चाई के पक्ष में डटे रहने वाले, पत्रकारिता जगत के भीष्म पितामह वरिष्ठ पत्रकार स्व. उपेंद्रनाथ तिवारी की पांचवीं पुण्यतिथि मंगलवार को जिला जनसंपर्क कार्यालय के सभागार में गरिमामय और भावपूर्ण वातावरण में मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ पत्रकार मोहन सिंह ने की, जबकि संचालन कृष्णकांत मिश्रा ने की। कार्यक्रम में उपस्थित वक्ताओं ने स्व. तिवारी के निर्भीक, निष्पक्ष और संघर्षशील पत्रकारिता जीवन को याद करते हुए कहा कि वे उन विरले पत्रकारों में से थे, जिन्होंने अपनी कलम को कभी सत्ता या दबावों के आगे झुकने नहीं दिया। सच्चाई, ईमानदारी और जनहित के प्रति उनकी प्रतिबद्धता ने पश्चिमी चंपारण ही नहीं, बल्कि जिले से बाहर और राज्य स्तर तक पत्रकारिता को एक नई पहचान दी। अध्यक्षीय संबोधन में वरिष्ठ पत्रकार मोहन सिंह ने कहा कि स्व. तिवारी पत्रकारिता के मूल्यों के सशक्त प्रहरी थे। उन्होंने विषम परिस्थितियों में भी सत्य का साथ नहीं छोड़ा और युवा पत्रकारों को निर्भीक होकर लिखने की प्रेरणा दी। उनकी पत्रकारिता आज की पीढ़ी के लिए पथप्रदर्शक है। कृष्णकांत मिश्रा ने कहा कि स्व. तिवारी के साथ काम करना सौभाग्य की बात थी। वे केवल वरिष्ठ नहीं, बल्कि एक मार्गदर्शक थे, जो हर परिस्थिति में अपने सहयोगियों का हौसला बढ़ाते थे। उन्होंने पत्रकारिता को समाज परिवर्तन का सशक्त माध्यम माना और उसी भावना के साथ आजीवन कार्य किया।पत्रकारों नें कहा कि स्व. तिवारी ने प्रशासनिक दबावों और चुनौतियों के बावजूद सच्चाई को उजागर किया तथा पत्रकारिता की गरिमा को हमेशा बनाए रखा। उनकी लेखनी में साहस था, सोच में स्पष्टता थी और उद्देश्य जनहित था। समाजसेवी सह भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य प्रतीक एडवीन शर्मा ने कहा कि उपेंद्रनाथ तिवारी केवल एक पत्रकार नहीं, बल्कि पत्रकारिता के मजबूत स्तंभ थे।



## ईजेडसीसी, कोलकात्ता व भारतीय नृत्य कला मंदिर की सदस्य बनीं डॉ. नीतू कुमारी नूतन

### सांस्कृतिक विरासतें व राज्य के कलाकारों का संवर्धन हमारी प्राथमिकता : डॉ. नीतू कुमारी नूतन

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अपनी सुमधुर गायिकी से देश - दुनिया मे भारतीय कलाओं के नित्य नये रंग बिखेर रहीं राष्ट्रपति अवार्डी सुप्रसिद्ध गायिका व चंपारण की बेटी डॉ. नीतू कुमारी नूतन ने एक साथ दो - दो उपलब्धियाँ अपने नाम कर चंपारण को गौरवान्वित किया है। डॉ. नूतन पुनः भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय अंतर्गत ईजेडसीसी, कोलकाता की सदस्य बनायी गई हैं, वहीं उन्हें भारतीय नृत्य कला मंदिर, पटना के सदस्य का भी दायित्व सौंपा गया है। डॉ.नूतन की कलात्मक उपलब्धियाँ एवं कला के क्षेत्र मे उनके अप्रतिम योगदान देख उन्हें ये दायित्व सौंपे गए हैं। डॉ.नूतन को बिहार सरकार की अनुशंसा पर इसबार ईजेडसीसी, कोलकाता के जेनेरल काउंसिल का सदस्य बनाया गया है, जहाँ वे बिहार का प्रतिनिधित्व करेंगी। वहीं बिहार के राज्यपाल के नॉमिनेशन पर उन्हें भारतीय नृत्य कला मंदिर के सदस्य के रुप मे नयी जिम्मेवारी भी सौंपी गई है। डॉ. नूतन इसके पूर्व भी दो बार ईजेडसीसी, कोलकाता की सदस्य रह चुकीं हैं। ईजेडसीसी, कोलकाता मे बिहार समेत पूर्वी भारत के नौ राज्य शामिल हैं। राज्य सरकार की अनुशंसा के पश्चात ही राज्यो से प्रतिनिधि चुने जाते हैं। जो ईजेडसीसी के नीति- निर्माण व सलाहकार के रुप मे महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करते हैं। ईजेडसीसी, कोलकाता के जेनेरल काउंसिल की सदस्य डॉ.नूतन उपर्युक्त भूमिकाओ के निर्वहन के साथ बिहार की मौलिक व पारंपरिक कला - संस्कृति को संरक्षित कर उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर प्रदर्शित करने मे अपना बहुमूल्य योगदान भी सुनिश्चित करेंगी। इसके साथ राज्य के युवा कलाकारो को ईस्टर्न जोन अंतर्गत राज्यो के विभिन्न मंचो पर समुचित अवसर प्रदान कर उन्हें प्रोत्साहित करने का कार्य भी वे मजबूती के साथ करेंगी। वहीं राज्यपाल कोटे से भारतीय नृत्य कला मंदिर, पटना की सदस्य बनायी गईं डॉ. नूतन लोक भवन का प्रतिनिधित्व करेंगी। डॉ.नूतन ने कहा ईजेडसीसी, कोलकाता द्वारा निर्धारित सांस्कृतिक गतिविधियों में बिहार की ज्यादा से ज्यादा भागीदारी सुनिश्चित कराना उनकी प्राथमिकता होगी, साथ ही बिहार की साँस्कृतिक विरासतो के संवर्धन के साथ राज्य के युवा कलाकारों को जोन के प्रत्येक हिस्से मे कला प्रदर्शनों के लिए भेजने की दिशा मे वे गंभीरता से कार्य करेंगी।



## सड़क सुरक्षा माह के तहत बेतिया में निकली भव्य बाइक रैली, डीएम ने दिखाई हरी झंडी

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सड़क सुरक्षा माह जनवरी 2026 के अवसर पर बुधवार को समाहरणालय, प्रांगण से सड़क सुरक्षा जागरूकता को लेकर भव्य बाइक रैली निकाली गई। रैली का उद्देश्य आम लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करना और सुरक्षित यात्रा का संदेश जन-जन तक पहुँचाना था।निर्धारित रूट चार्ट के अनुसार रैली समाहरणालय से हरिवाटिका, सुप्रिया रोड, छावनी, उत्तरवारी पोखरा, राजड्योढ़ी, सोवाबाबू चौक, पुराना बस स्टैंड होते हुए एम.जे.के. कॉलेज तक पहुँची। रैली में शामिल प्रतिभागियों ने हेलमेट पहनकर और ट्रैफिक नियमों का पालन करते हुए सड़क सुरक्षा से जुड़े संदेशों का प्रचार किया।जिला पदाधिकारी तरनजोत सिंह ने बाइक रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए नागरिकों का जागरूक होना अत्यंत आवश्यक है। हेलमेट, सीट बेल्ट और गति सीमा का पालन कर ही सुरक्षित यात्रा संभव है। उन्होंने दोपहिया व चारपहिया वाहन चालकों से यातायात नियमों का अनिवार्य रूप से पालन करने की अपील की।कार्यक्रम के दौरान जिला पदाधिकारी एवं नगर आयुक्त द्वारा बाइक चालकों के बीच हेलमेट का वितरण भी किया गया। उन्होंने कहा कि हेलमेट पहनना जीवन रक्षक है और दुर्घटना के समय गंभीर चोट से बचाता है।इस अवसर पर उप विकास आयुक्त काजले वैभव नितिन, नगर आयुक्त शिवाक्षी दीक्षित, अपर समाहर्ता राजीव रंजन सिन्हा, अपर समाहर्ता (विभागीय जांच) कुमार रविन्द्र, वरीय उप समाहर्ता मो. अली अहमद अंसारी, जिला परिवहन पदाधिकारी रितु रानी सहित जिला परिवहन कार्यालय के कर्मी एवं बड़ी संख्या में प्रतिभागी उपस्थित रहे।




## आईसीडीएस योजनाओं की समीक्षा में डीएम सख्त

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिला पदाधिकारी तरनजोत सिंह की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में आईसीडीएस द्वारा संचालित योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला प्रोग्राम पदाधिकारी, सभी सीडीपीओ एवं महिला पर्यवेक्षिकाएं उपस्थित रहीं।बैठक के दौरान प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, पोषण ट्रैकर एप, आभा आईडी, आंगनबाड़ी केंद्रों की भौतिक स्थिति, मूलभूत सुविधाएं, भवन निर्माण हेतु भूमि उपलब्धता तथा आंगन एप के माध्यम से निरीक्षण की स्थिति की विस्तृत समीक्षा की गई।जिला पदाधिकारी ने निर्देश दिया कि आंगनबाड़ी केंद्रों का नियमित व सुचारु संचालन हर हाल में सुनिश्चित किया जाए। बच्चों, गर्भवती महिलाओं एवं धात्री माताओं को सरकार की सभी योजनाओं का लाभ समय पर मिलना चाहिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि ग्राउंड लेवल से किसी भी प्रकार की शिकायत बर्दाश्त नहीं की जाएगी।डीएम ने प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के तहत शत-प्रतिशत योग्य लाभुकों को लाभान्वित करने, एफआरएस के माध्यम से टीएचआर वितरण सुनिश्चित करने तथा पोषण ट्रैकर पोर्टल पर डाटा अद्यतन करने का निर्देश दिया। आंगनबाड़ी भवन निर्माण के लिए अंचल अधिकारियों से समन्वय कर भूमि चिन्हित करने एवं जर्जर भवनों के जीर्णोद्धार हेतु पंचायत निधि से कार्य कराने को कहा गया।कम प्रगति वाले सीडीपीओ एवं महिला पर्यवेक्षिकाओं को सख्त चेतावनी देते हुए एक सप्ताह में ठोस प्रगति लाने का निर्देश दिया गया। साथ ही, बैठक में अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित महिला पर्यवेक्षिकाओं के विरुद्ध मानदेय स्थगित करने व शोकॉज जारी करने का आदेश दिया गया।

### सरस्वती पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक संपन्न

**आदापुर (पूर्वी चम्पारण)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** स्थानीय थाना आदापुर एवं हरपुर थाना के द्वारा सरस्वती पूजा एवं 26 जनवरी को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई, जिसमें प्रखंड के विभिन्न गांवों से पहुंचे पूजा समिति के सदस्यों को थाना द्वारा आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया, थाना प्रभारी पप्पु पासवान ने बताया कि पूजा स्थल पर डीजे नहीं बजाना है, शांति एवं सौहार्द पूर्ण वातावरण में संपन्न की जाएगी, किसी तरह के आपत्तिजनक गीत,नारे व अश्लीलता नहीं होनी चाहिए।

## जेपी स्मारक प्रतिष्ठान परिसर सिताब दियारा को ग्रीन जोन में बदलने की पहल शुरू: डॉ. सत्य प्रकाश

### जेपी की जन्मभूमि पर पर्यावरण मित्र डॉ सत्य प्रकाश के नेतृत्व में पौधारोपण कर लोगों को किया गया जागरूक

**छपरा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** लोकनायक जयप्रकाश नारायण की जन्मभूमि सिताब दियारा को ग्रीन जोन में बदलने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया। जेपी स्मारक प्रतिष्ठान परिसर सहित आसपास के क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर फलदार व छायादार पौधों का रोपण किया गया। यह अभियान शिक्षक सह पर्यावरण मित्र डॉ. सत्य प्रकाश के नेतृत्व में आयोजित किया गया। डॉ. सत्य प्रकाश ने जेपी की आदमकद प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। इसके बाद बिहार के सारण स्थित सिताब दियारा लाला टोला तथा उत्तर प्रदेश के बलिया जिले में अवस्थित जयप्रकाश नारायण स्मारक प्रतिष्ठान परिसर में कर्मियों एवं ग्रामीणों के साथ संयुक्त रूप से पौधारोपण किया। उन्होंने कहा कि संपूर्ण क्रांति के पुरोधा लोकनायक जयप्रकाश नारायण की जन्मभूमि को अधिक हरित, शीतल और शांत वातावरण से भरपूर 'ग्रीन जोन' के रूप में विकसित किया जाएगा। इसके लिए प्रत्येक ग्रामीण परिवार के दरवाजे पर एक-एक फलदार पौधा लगाने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने यह भी कहा कि आम, अमरूद, आंवला, बेल, अमलतास, नीम आदि पौधों को लोग अपने नाम से लगा रहे हैं, जो जेपी के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है। समाज के सभी वर्गों को जोड़ने वाली संपूर्ण क्रांति की भावना की तरह लगाया गया हर पौधा सभी लोगों को लाभ पहुंचाएगा। कार्यक्रम की शुरूआत जेपी स्मारक प्रतिष्ठान के सचिव अशोक कुमार सिंह और आलोक कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से पौधा लगाकर किया। इसके उपरांत प्रतिष्ठान की देखरेख कर रहे कर्मियों एवं ग्रामीणों ने भी पौधारोपण में भाग लिया और पौधों के संरक्षण का संकल्प लिया। डॉ. सत्य प्रकाश ने प्रतिष्ठान में संरक्षित जेपी से संबंधित कई दुर्लभ पुस्तकों का अवलोकन किया तथा लोगों को पौधे भेंट कर पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर सेवानिवृत्त कृषि पदाधिकारी आनंद गोवर्धन सिंह, शिक्षक बलिराम कुमार गुप्ता, भगवान मल्लाह, रामदुलार पासवान, रामनाथ साह, संजीत कुमार सिंह, मनोज कुमार यादव आदि मौजूद थे।



# जिम्मेदारी अधिक, वेतन कम, प्रधान शिक्षकों ने उठाई वेतन वृद्धि की मांग

### जिला प्राथमिक शिक्षक संघ ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रधान शिक्षकों व प्रधानाध्यापकों को किया सम्मानित

**छपरा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सारण जिला प्राथमिक शिक्षक संघ के तत्वावधान में जिले के विभिन्न प्रखंडों में शिक्षा की गुणवत्ता व विद्यालय प्रबंधन में उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रधान शिक्षकों एवं प्रधानाध्यापकों को सम्मानित करने के लिए एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन छपरा शहर के गुदरी बाजार स्थित मिलन पैलेस में किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व जिलाध्यक्ष अरविंद कुमार यादव व संचालन प्रधान सचिव सुरेंद्र कुमार सिंह ने किया। समारोह का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में एकमा विधायक मनोरंजन सिंह उर्फ धूमल सिंह, विधान परिषद सदस्य डॉ. वीरेंद्र नारायण यादव, छपरा नगर निगम के महापौर लक्ष्मी नारायण गुप्ता, जदयू जिलाध्यक्ष बैद्यनाथ सिंह विकल, महिला प्रकोष्ठ की जिलाध्यक्ष कुसुम देवी, अखिल भारतीय शैक्षिक संघ के अध्यक्ष सुधीर कुमार, बिहार राज्य प्राथमिक शिक्षक संघ के महासचिव घनश्याम यादव, वरीय उपाध्यक्ष मिथिलेश शर्मा, उप महासचिव मनोज कुमार, माध्यमिक शिक्षक व मीडिया प्रभारी प्रेमचंद, सिवान के प्रधान सचिव जयप्रकाश चौधरी, अध्यक्ष ठाकुर प्रसाद, संघ के जिला सचिव विद्यासागर विद्यार्थी, अध्यक्ष विनोद यादव, संकल्प कोचिंग के संचालक मनोज, प्रेरणा कोचिंग के संचालक ज्ञानप्रकाश, शिक्षाविद डॉ लालबाबू यादव, संगीत शिक्षिका प्रियंका कुमारी व सोनम मिश्रा आदि सम्मानित अतिथि मौजूद रहे।





**पहली बार इतने बड़े पैमाने पर हुआ प्रधान शिक्षकों/प्रधानाध्यापकों का सम्मानः**

अतिथियों ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि जिले में पहली बार इतने बड़े स्तर पर प्रधान शिक्षकों व प्रधानाध्यापकों का सम्मान किया गया है, जिससे शिक्षकों का उत्साह बढ़ा है। उन्होंने कहा कि शिक्षक समाज की रीढ़ हैं और उनके कार्यों को सम्मानित करना शिक्षा जगत के लिए सकारात्मक संदेश देता है।

**जिम्मेदारियां अधिक, पर वेतन समान; प्रधान शिक्षकों ने रखी अपनी पीड़ा**

कार्यक्रम के दौरान सम्मानित प्रधान शिक्षकों व प्रधानाध्यापकों ने कहा कि विद्यालय संचालन, नामांकन, मध्याह्न भोजन व्यवस्था, सरकारी योजनाओं का क्रियान्वयन, अभिलेख अद्यतन, निरीक्षण कार्य, प्रशासनिक जवाबदेही जैसी सबसे अधिक जिम्मेदारी उन्हीं पर होती है, जबकि उनका वेतन सामान्य शिक्षकों के बराबर ही है। इन शिक्षकों ने स्पष्ट कहा कि जिम्मेदारी सबसे ज्यादा, लेकिन वेतन सबसे कम, इसे बदलना जरूरी है।

**विधायक व विधान पार्षद ने दिया आश्वासन; मुख्यमंत्री तक पहुंचाई जाएगी मांग**

एकमा विधायक मनोरंजन सिंह उर्फ धूमल सिंह व सारण स्नातक एमएलसी डॉ. वीरेंद्र नारायण यादव ने कहा कि वे प्रधान शिक्षकों की वेतन संबंधी मांग को मुख्यमंत्री के समक्ष रखेंगे और इसके समाधान के लिए सिफारिश करेंगे। उन्होंने कहा कि शिक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए शिक्षकों की समस्याओं का समाधान आवश्यक है।

**संघ के नए पदाधिकारियों की हुई घोषणाः**

इस कार्यक्रम में महत्वपूर्ण संगठनात्मक विस्तार भी किया गया। एकमा प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय गौसपुर के प्रधानाध्यापक व शिक्षक नेता मंजीत कुमार तिवारी को सारण जिला प्राथमिक शिक्षक संघ का जिला उप प्रधान सचिव नियुक्त किया गया। फौजिया नाहिद को महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष बनाया गया। इन घोषणाओं पर उपस्थित शिक्षकों ने तालियों से स्वागत किया।

# बीइओ ने जर्जर भवन को लेकर पूर्व प्रभारी से मांगी स्पष्टीकरण

## विद्यालय का किया औचक निरीक्षण



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद**। जिला शिक्षा पदाधिकारी सरस्वती कुमारी द्वारा जिले की शैक्षणिक व्यवस्था में सुधार और 'गुणवत्तापूर्ण शिक्षा' सुनिश्चित करने के उद्देश्य से लगातार विद्यालयों का औचक निरीक्षण किया जा रहा है। इसी कड़ी में मंगलवार को उन्होंने काको प्रखंड स्थित नव सृजित प्राथमिक विद्यालय, चकहसन का सघन निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जहाँ शैक्षणिक स्तर पर संतोष व्यक्त किया गया, वहीं प्रशासनिक लापरवाही पर जिला शिक्षा पदाधिकारी ने सख्त रुख भी अपनाया। यहां विद्यालय भवन की अत्यंत जीर्ण-शीर्ण और जर्जर स्थिति को गंभीरता से लेते हुए जिला शिक्षा पदाधिकारी ने पूर्व प्रभारी प्रधान शिक्षिका उर्मिला कुमारी के विरुद्ध कड़ा रुख अपनाया है। भवन के रखरखाव और समय रहते इसकी सूचना न देने को लेकर उनसे स्पष्टीकरण की मांग की गई है।

इस दौरान बच्चों की सुरक्षा को सर्वोपरि मानते हुए डीइओ ने प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी, काको को तत्काल निर्देशित किया कि वे विद्यालय की वस्तुस्थिति पर विस्तृत प्रतिवेदन सौंपें। उन्होंने निर्देश दिया कि बच्चों के पठन-पाठन के लिए अविलंब किसी नजदीकी सुरक्षित भवन में हस्तांतरित करने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। हालांकि निरीक्षण के दौरान एक सकारात्मक पहलू भी सामने आया। विद्यालय के शिक्षक कुमार अविनाश द्वारा बच्चों को दी जा रही गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और उनके नवाचारी प्रयासों की डीइओ ने सराहना की।निरीक्षण के दौरान डीइओ ने बच्चों के ज्ञान को परखने के लिए उनसे कई सवाल किए। प्राथमिक स्तर के बच्चों को धाराप्रवाह अंग्रेजी का पठन करते देख वह अत्यंत प्रभावित हुईं।

विद्यालय के निरीक्षण के क्रम में जिला शिक्षा पदाधिकारी ने सख्त लहजे में कहा कि कर्तव्य के प्रति लापरवाही किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने जिले के सभी शिक्षकों को स्पष्ट चेतावनी दी कि जो शिक्षक बच्चों के भविष्य के प्रति गंभीर नहीं हैं, उनके विरुद्ध कठोर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने शिक्षा विभाग के प्रतिबद्धता को दोहराते हुए कहा कि शिक्षा विभाग जिले के हर बच्चे को सुरक्षित माहौल और बेहतरीन शिक्षा देने के लिए कटिबद्ध है।

## महाराणा प्रताप सेवा संस्थान के अध्यक्ष बने बैजनाथ सिंह



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद**। महाराणा प्रताप सेवा संस्थान औरंगाबाद में बैठक आयोजित की गई। जिसमें अधिकारियों का निर्वाचन उदय कुमार सिंह, अधिवक्ता एवं पूर्व न्यायाधीश हरिहर प्रसाद सिंह के निरीक्षण में संपन्न हुआ। इसमें अध्यक्ष पद के लिए पूर्व प्रधानाध्यापक बैजनाथ प्रसाद सिंह को, उपाध्यक्ष पद पर महावीर जैन, रमेश्वर प्रसाद, सचिव हेतु कुमार अनुपम, सह सचिव अरुण कुमार सिंह एवं कोषाध्यक्ष पद पर राकेश कुमार सिंह को सर्वसम्मति से किया गया। वहीं संरक्षक मंडल में पहले की भांति उदय कुमार सिंह, अजीत कुमार सिंह, युगेश सिंह, हरिहर प्रसाद सिंह, अजीत कुमार सिंह, युगेश सिंह का मनोनयन किया गया। इस आम चुनाव में सभी सदस्य के साथ आम जनता भी मौजूद रहे।

# मुख्यमंत्री कलाकार पेंशन योजना: चयनित कलाकारों के खातों में पहुंची 3000 की पेंशन



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद**। कला को सम्मान, कलाकारों को संबल—इसी भावना के साथ मुख्यमंत्री कलाकार पेंशन योजना के अंतर्गत चयनित लाभुकों को दिसंबर माह की पेंशन राशि का अंतरण किया गया। कला एवं संस्कृति विभाग, बिहार के मंत्री अरुण शंकर प्रसाद ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से डीबीटी द्वारा कलाकारों के बैंक खातों में 3000 की पेंशन राशि भेजी। इस अवसर पर मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री कलाकार पेंशन योजना का मूल उद्देश्य पारंपरिक एवं समकालीन कला को संरक्षित करना और कलाकारों को आर्थिक सुरक्षा प्रदान कर उनकी साधना को निरंतर प्रोत्साहित करना है। वित्तीय वर्ष 2025–26 के लिए राज्य स्तर पर कुल 85 कलाकारों को इस योजना के तहत चयनित किया गया है, जिनके लिए दिसंबर 2025 की पेंशन राशि स्वीकृत की गई है। कार्यक्रम में उप विकास आयुक्त डॉ. प्रीति ने जहानाबाद से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सहभागिता करते हुए जिले से अनुशंसित चार कलाकारों—शैलेन्द्र कुमार, बासुकीनाथ ताम्रकार, रामानंद शर्मा एवं नन्द कुमार प्रसाद—को अपने कार्यालय प्रकोष्ठ में शॉल एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया। उन्होंने कलाकारों से अपील की कि वे अपनी कला को आने वाली पीढ़ियों तक विरासत के रूप में सौंपते हुए इसे नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएं। वहीं, जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी चांदनी कुमारी ने सभी चयनित कलाकारों को शुभकामनाएं देते हुए कला-संस्कृति के संवर्धन में निरंतर योगदान देने का आह्वान किया। यह पहल न सिर्फ कलाकारों के आत्मसम्मान को संबल देती है, बल्कि बिहार की सांस्कृतिक आत्मा को भी नई ऊर्जा प्रदान करती है।

# बच्चों की लड़ाई ने लिया हिंसक मोड़, चली गोली



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मखदुमपुर (जहानाबाद)**। जहानाबाद जिले के टेहटा थाना क्षेत्र के बगवार गांव में देखते ही देखते दो समुदाय में झड़प हो गया और लोग एक दूसरे के खून के प्यासे हो गए। इस दौरान घटना में गोलीबारी हुई जिसमें एक समुदाय के दो लोग घायल बताए जा रहे हैं। मिली जानकारी के अनुसार बगवार और नजरू बिगहा गांव के बच्चे आपस में खेल रहे थे। खेलते खेलते किसी बात को लेकर बच्चों में विवाद हो गई और विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों गांव के लोग एक दूसरे के खून के प्यासे हो गए। मारपीट की घटना में एक पक्ष के लोग दूसरे पक्ष के गांव में आकर फायरिंग कर दिया जिससे माहौल और भी तनावपूर्ण हो गया, वहीं पूरे मामले की जानकारी देते हुए टेहटा थानाध्यक्ष पंकज कुमार ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और मामले को शांत कराया गया। उन्होंने बताया कि पुलिस को घटनास्थल से एक जिंदा कारतूस और दो खोखा बरामद हुआ है। वही इस घटना में घायल हुए मोहम्मद ओवेश एवं मोहम्मद अनस का इलाज कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि वरीय पदाधिकारी घटनास्थल पर पहुंचकर पूरे मामले की जांच पड़ताल कर रहे हैं। उन्होंने यह भी बताया कि फिलहाल गांव में स्थिति को सामान्य कर दिया गया है। पुलिस पूरे मामले की जाँच पड़ताल में जुटी हुई है।

## अंबा-नबीनगर रोड पर उभरे गड्ढों से राहगीरों की बढ़ी परेशानी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद**। अंबा बाजार में अंबा से नबीनगर जाने वाली सड़क पर जगह-जगह खतरनाक गड्ढे उभर आए हैं। यहां तक की कई स्थानों पर सड़क बुरी तरह टूट गई है जिससे आवागमन करने में परेशानी हो रह है। सड़क पर उभरे गड्ढे पर जलजमाव होने से वाहन पार करने के दौरान छींटा पड़ता है। बाजार में पथ निर्माण विभाग द्वारा नाला का निर्माण कराया गया है जो सिर्फ दक्षिणी तरफ में है। उत्तरी छोर पर नाला का निर्माण न होने से ग्रामीण परेशान रहते हैं।

# जैव विविधता के संरक्षण हेतु एस एस कॉलेज और बिहग फाउंडेशन के बीच करार



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद**। एस.एस. कॉलेज, जहानाबाद एवं गौरैया बिहग फाउंडेशन, नालन्दा के बीच जैव विविधता संरक्षण, पर्यावरणीय जागरूकता, शोध अभिवृद्धि, पारिस्थितिकी संतुलन तथा धारणीय पर्यावरणीय अभ्यासों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए।इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. डॉ. दीपक कुमार, गौरैया बिहग फाउंडेशन के अध्यक्ष राजीव रंजन पाण्डेय, आईक्यूएसी के समन्वयक डॉ. विनोद कुमार एवं इको क्लब के अध्यक्ष सह जन्तु विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. प्रवीण दीपक भी उपस्थित रहे।

इस अवसर पर इको क्लब अध्यक्ष प्रो. प्रवीण दीपक ने कहा कि दो प्रतिष्ठित संस्थाओं के बीच हुआ यह समझौता जैव विविधता संरक्षण, शोध एवं पर्यावरणीय जागरूकता के क्षेत्र में सामुदायिक सहभागिता को नई दिशा प्रदान करेगा। इस दौरान महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. डॉ. दीपक कुमार ने इस एमओयू पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के सहयोगात्मक प्रयासों से विद्यार्थियों में पर्यावरणीय चेतना विकसित होगी तथा सतत विकास के लक्ष्यों को साकार करने में सहायता मिलेगी। गौरैया बिहग फाउंडेशन के अध्यक्ष राजीव रंजन पाण्डेय ने अपने वक्तव्य में कहा कि आज जैव विविधता का संरक्षण केवल एक जरूरत ही नहीं, बल्कि हमारी सामूहिक जिम्मेदारी भी है। शैक्षणिक संस्थानों के साथ इस प्रकार का सहयोग पर्यावरणीय शिक्षा को व्यवहारिक रूप प्रदान करेगा और समाज के हर वर्ग तक संरक्षण का संदेश पहुंचाने में सहायक सिद्ध होगा। यह एमओयू पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में सकारात्मक और दीर्घकालिक परिवर्तन का आधार बनेगा।

# मध्यस्थता से त्वरित न्याय की पहल : परिवार न्यायालय में विशेष अभियान को लेकर बैठक



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद**। परिवार न्यायालय, औरंगाबाद में प्रधान न्यायाधीश-सह अध्यक्ष, मध्यस्थता निगरानी एवं पर्यवेक्षी समिति अरुण कुमार की अध्यक्षता में समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में लोक अभियोजक पुष्कर अग्रवाल, सरकारी अधिवक्ता बिरजा प्रसाद सिंह, विधि संघ अध्यक्ष विजय पाण्डेय, अधिवक्ता संघ अध्यक्ष संजय सिंह (प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वारा नामित), अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश पंकज पाण्डेय, प्रशिक्षित मध्यस्थ अरुण तिवारी तथा मध्यस्थता समन्वयक-सह जिला विधिक सेवा प्राधिकार की सचिव तान्या पटेल उपस्थित रहीं।

प्रधान न्यायाधीश ने वादों के त्वरित एवं सौहार्दपूर्ण निस्तारण हेतु मध्यस्थता के व्यापक उपयोग पर जोर देते हुए कहा कि वर्तमान समय में यह समाज और परिवार—दोनों के लिए सबसे व्यावहारिक समाधान है। उन्होंने बताया कि सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशानुसार 90 दिनों का विशेष मध्यस्थता अभियान संचालित है, जिसके अंतर्गत वैवाहिक विवाद, दुर्घटना दावा, घरेलू हिंसा, चेक बाउंस, वाणिज्यिक, सेवा, समझौता योग्य आपराधिक, उपभोक्ता, ऋण वसूली, विभाजन, बेदखली, भूमि अधिग्रहण सहित अन्य उपयुक्त सिविल मामलों का प्राथमिकता से निस्तारण किया जा रहा है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि "मध्यस्थता राष्ट्र के लिए 2.0" अभियान—राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं मध्यस्थता एवं सुलह परियोजना समिति के मार्गदर्शन में—देशभर में प्रभावी ढंग से लागू है। अनुमंडलीय व्यवहार न्यायालय दाउदनगर एवं व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद में लंबित मामलों की पहचान कर पक्षकारों को मध्यस्थता हेतु प्रेरित किया जा रहा है।

सचिव तान्या पटेल ने बताया कि "मध्यस्थता राष्ट्र के लिए 1.0" के सकारात्मक परिणामों को देखते हुए 2.0 अभियान के अंतर्गत व्यापक जन-जागरूकता और पारा विधिक स्वयंसेवकों के सहयोग से प्रचार-प्रसार किया जा रहा है, जिससे लोगों को वास्तविक लाभ मिल रहा है।

# झोलाछाप डॉक्टर ने ली मरीज की जान




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मखदुमपुर (जहानाबाद)**। जिले के मखदुमपुर थाना क्षेत्र में एक बार फिर झोलाछाप डॉक्टर की करतूत की वजह से एक मरीज की जान चली गई। महिला का शव सड़क पर रखकर परिजनों ने घंटों सड़क जाम कर प्रदर्शन किया। बताया जाता है कि मामला मखदुमपुर बाजार के वाणावर हॉल्ट के पास का है। घटना के बाद गुस्साए परिजनों ने जहां महिला मरीज की मौत के बाद वाणावर मार्ग को जाम कर दिया। प्राप्त जानकारी के मुताबिक डकरा पंचायत अंतर्गत साधु ग्राम निवासी ज्ञानती देवी नामक महिला की मुस्सी स्थित एक निजी क्लिनिक में इलाज चल रहा था। परिजनों ने बताया कि मरीज की डिलीवरी ऑपरेशन के बाद हुआ इसके बाद अचानक उसकी तबियत बिगड़ने लगी। मरीज की स्थिति बिगड़ते देख निजी क्लिनिक के डॉक्टर ने उसे गया रेफर कर दिया, जहां मंगलवार के दिन उसकी मौत हो गई। जिसके बाद आक्रोशित ग्रामीणों द्वारा शव को सड़क पर रख कर प्रदर्शन किया गया। घंटों सड़क जाम रहने के बाद घटना की सूचना पाकर मखदुमपुर थाना अपर पहुंच कर दोषियों पर कार्यवाही करने का आश्वासन दिया जिसके बाद परिजन शांत हुए और सड़क जाम को हटाया गया।

# 18 दिनों में सड़क दुर्घटना में 21 लोगों ने गंवा दी अपनी जान



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद**। जिले में सड़कों पर प्रतिदिन दुर्घटनाएं हो रह है। दुर्घटना में लोग जान गंवा दे रहे हैं। इतना होने के बावजूद भी एनएचएआई एवं प्रशासन पर कोई असर नहीं पड़ रहा है। बता दें कि पिछले 18 दिनों में 21 लोगों ने सड़क दुर्घटना में अपनी जान गंवा दी है। एक जनवरी से मौत की घटना शुरू हुई। अबतक 21 लोगों की जाने चली गई। बता दें कि औरंगाबाद-पटना मुख्य पथ पर प्रतिदिन यात्री दुर्घटना में कर रहे हैं। लगातार हो रही मौत से आमजन दहशत में हैं। बता दें कि एक जनवरी को अलग-अलग दुर्घटनाओं में छह यात्रियों की मौत हो गई है। उक वर्ष के पहले ही दिन हुई इस त्रासदी ने लोगों को झकझोर कर रख दिया है। अबतक दुर्घटना का सिलसिला नहीं थमा है। वहीं 10 जनवरी को एनएच-139 पर हुए विभिन्न सड़क दुर्घटना में तीन लोगों ने अपनी जान से हाथ धो दिया था। नागरिक विवेश सिंह, अरुण सिंह बताते हैं कि एनएच-139 पर प्रतिदिन किसी न किसी को दुर्घटना में मौत हो रही है या फिर घायल हो रहे हैं। तेज रफ्तार ओवरलोड, सड़क पर गड्ढें, जगह-जगह अधूरा निर्माण कार्य व यातायात नियमों की अनदेखी हादसों का प्रमुख कारण बन रहे हैं। कई स्थानों पर सड़क की हालत काफी खराब हो गई है। कहीं गड्ढों की भरमार है तो कहीं साइन बोर्ड और सड़क चिन्हों का अभाव साफ नजर आता है। यहां तक की रात के समय में पर्याप्त स्ट्रीट लाइट नहीं होने से स्थिति और भी भयावह हो जाती है। भारी वाहनों के आवागमन से दुर्घटना लगातार बढ़ रहा है। बता दें कि बीते एक जनवरी को औरंगाबाद-पटना मुख्य पथ के ओबरा स्थित गिरा गांव के समीप असंतुलित होकर बाइक पलटने से झिकुलाही गांव निवासी चुन्नू पासवान के 20 वर्षीय पुत्र अंबिका कुमार की मौत हो गई थी। इसके साथ ही बीते 10 जनवरी को रिसियप थाना के बभंडीह गांव के समीप दुर्घटना में 65 वर्षीय देवपति कुंवर की मौत हो गई थी जबकि तीन घायल हो गए। वहीं कुछ दिनों पहले मुफस्सिल थाना क्षेत्र के रामाबांध और बिजौली गांव के समीप हाइवा से कुचलकर बाइक सवार शिक्षक जितेंद्र राम की मौत हो गई थी।

# विकास की मांग को लेकर महापरिवर्तन संघ ने दिया आवेदन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हसपुरा (औरंगाबाद)**। प्रखंड क्षेत्र में व्याप्त जनसमस्याओं को लेकर महा परिवर्तन आंदोलन संघ बिहार के मंडल कमिटी सदस्यों ने मंगलवार को एकजुट होकर प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचलाधिकारी, हसपुरा को एक लिखित आवेदन सौंपा। इस आवेदन के माध्यम से क्षेत्र में लंबे समय से लंबित बुनियादी समस्याओं पर प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराया गया। आवेदन में विशेष रूप से हसपुरा पुरानी थाना रोड के निर्माण की मांग प्रमुखता से उठाई गई। आंदोलन के सदस्यों ने कहा कि उक्त सड़क वर्षों से जर्जर हालत में है, जिससे आम नागरिकों, छात्रों और मरीजों को आवागमन में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। सड़क निर्माण नहीं होने से क्षेत्र के विकास पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है।

इसके साथ ही डुमरा पंचायत के मनपुरा टोले, श्याम सुंदर बिगहा में बसे पर्चा धारी दलित परिवारों के लिए बिजली व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की गई। सदस्यों ने बताया कि 2023 में इन सभी को पर्चा दिया गया था इस टोले में बिजली जैसी मूलभूत सुविधा नहीं पहुंच पाई है, जो सामाजिक न्याय और समावेशी विकास के सिद्धांतों के विपरीत है।

महा परिवर्तन आंदोलन के प्रतिनिधियों ने प्रखंड कार्यालय के अंतर्गत व्याप्त भ्रष्टाचार पर भी गंभीर सवाल उठाए। उन्होंने भूमि से संबंधित परिमार्जन, दाखिल-खारिज एवं अन्य राजस्व मामलों में अनावश्यक देरी और अनियमितताओं की ओर ध्यान दिलाते हुए इन प्रक्रियाओं में पारदर्शिता एवं तेजी लाने की मांग की। आवेदन में यह भी उल्लेख किया गया कि हसपुरा प्रखंड के कई इलाके आज भी शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली, सड़क एवं नल-जल जैसी बुनियादी सुविधाओं से वंचित हैं। आंदोलन के सदस्यों ने प्रशासन से इन सभी क्षेत्रों में कार्यों की गति तेज करने तथा योजनाओं को धरातल पर उतारने की अपील की। इस अवसर पर महा परिवर्तन आंदोलन के कई प्रमुख सामाजिक एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। जिनमें पूर्व जिला परिषद प्रतिनिधि रामाश्रय प्रसाद सिंह, पूर्व शिक्षक राम एकबाल सिंह, डुमरा पंचायत के सरपंच प्रतिनिधि श्याम किशोर यादव, सरपंच संघ के अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार सुमन, सरपंच बखोरा खां एवं रूपेश कुमार शामिल थे।सदस्यों ने संयुक्त रूप से कहा कि महा परिवर्तन आंदोलन हसपुरा प्रखंड में सामाजिक सोच को धरातल पर उतारने और जनसमस्याओं के समाधान के लिए एक सशक्त मॉडल के रूप में कार्य कर रहा है। आंदोलन का उद्देश्य प्रशासन और जनता के बीच सेतु बनकर विकास को गति देना है आंदोलन के प्रतिनिधियों ने उम्मीद जताई कि प्रशासन जनहित से जुड़ी इन समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए शीघ्र ठोस कदम उठाएगा। उन्होंने चेतावनी भी दी कि यदि समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा।

# बेटियों को सम्मान देने और बहुओं को बेटी की तरह रखने की अपील



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)**। शहर के कलाली मोड़ स्थित तिरंगा बायोलॉजी रिसर्च सेंटर में कक्षा 12वीं के छात्र–छात्राओं के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन पूर्व मंत्री सह जहानाबाद सांसद डॉ. सुरेन्द्र यादव, औरंगाबाद सांसद अभय कुशवाहा, राजद शिक्षक प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. प्रो. संजय सिंह यादव सहित अन्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। समारोह में अतिथियों का स्वागत संस्थान के निदेशक दीपक कुमार ने अंगवस्त्र, माला और स्मृति–चिह्न भेंट कर किया। कार्यक्रम का संचालन विकास कुमार ने किया। इस अवसर पर छात्र–छात्राओं ने नाटक, गीत और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से समां बांध दिया। मुख्य अतिथि डॉ. सुरेन्द्र यादव ने अपने संबोधन में दहेज प्रथा पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि जब तक यह कुप्रथा समाप्त नहीं होगी, बेटियों पर अत्याचार रुकना मुश्किल है। उन्होंने बेटियों को सम्मान देने और बहुओं को बेटी की तरह रखने की अपील की। सांसद अभय कुशवाहा ने संस्थान के तीन मेधावी छात्र–छात्राओं को दो वर्षों तक प्रति माह पांच–पांच हजार रुपये की सहायता देने की घोषणा की और कहा कि अभिभावकों को बच्चों की शिक्षा पर विशेष ध्यान देना चाहिए। संस्थान के निर्देशक डॉ. संजय यादव ने 12वीं परीक्षा में 90 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले छात्र–छात्राओं को साइकिल पुरस्कार स्वरूप देने की घोषणा की। कार्यक्रम में सृष्टि सोनाली ने दहेज प्रथा पर आधारित गीत प्रस्तुत किया। समारोह में कई जनप्रतिनिधि, शिक्षक, अभिभावक एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# नीट छात्रा के मामले में परिजनों से मिलने पहुंचा लोजपा (रामविलास)पार्टी का शिष्ट मंडल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद**। पटना के शंभू गर्ल्स हॉस्टल में नीट छात्रा के संदिग्ध मौत को लेकर अभी भी कुछ स्पष्ट नहीं हुआ है। इस घटना के बाद पीड़िता के लिए हर कोई न्याय की गुहार लगा रहा है। इसी सिलसिले में चिराग पासवान के निर्देशानुसार पीड़िता के परिवार से लोजपा पार्टी रामविलास के शिष्ट मंडल जहानाबाद स्थित मृतका के पैतृक गांव जाकर पीड़िता की मां-पिता और परिवार से मिलकर जानकारी प्राप्त किया। इस दौरान लोजपा के शिष्ट मंडल ने पीड़िता को न्याय दिलाने का भरोसा दिया। शिष्ट मंडल में बिहार सरकार के गन्ना उद्योग मंत्री संजय पासवान, राष्ट्रीय प्रवक्ता धीरेंद्र कुमार मुन्ना, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ डॉ इंदु कश्यप एवं एससी एसटी प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष परशुराम पासवान, प्रदेश उपाध्यक्ष रानी कुमारी ,किसान प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष कुंदन कुमार, जिला अध्यक्ष प्रिंस कुमार, प्रदेश सचिव कुंदन कुमार एवं पार्टी के अन्य अधिकारी मौजूद रहे। इस मौके पर मंत्री ने कहा कि सरकार द्वारा इस मामले में एसआईटी का गठन कर दिया गया और जांच प्रक्रिया निरंतर जारी है। इस घटना में जो भी दोषी पाए जाएंगे, उन्हें किसी भी स्थिति में बख्शा नहीं जाएगा। हम पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने के लिए पूरी प्रतिबद्धता से उनके साथ खड़े हैं। इस दौरान शिष्ट मंडल में शामिल डॉ. इंदु कश्यप ने कहा कि यह पीड़िता के परिवार का लड़ाई नहीं है बल्कि लड़ाई हम सब की है। पीड़िता को न्याय दिलाने के लिए हम लोग लड़ाई लड़ने का काम करेंगे। अगर पुलिस त्वरित जांच करते हुए सभी आरोपितों को जेल भेज कर पीड़िता को न्याय नहीं देगी तो हम लोग सड़क से लेकर सदन तक संघर्ष करेंगे।

## निर्माणाधीन ओवरब्रिज की सर्विस रोड की सड़क हो गई बदहाल

**औरंगाबाद/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता**। जीटी रोड शिवगंज व ओरा गांव के समीप में निर्माणाधीन ओवरब्रिज के दोनों तरफ की सर्विस रोड इन दिनों गड्ढों में तब्दिल हो गई है। यहां तक की जो ओवरब्रिज चालू हो गए हैं उनके भी सर्विस रोड खराब हो गई है। वहीं सर्विस रोड की हालत जर्जर होने से वाहनों चालकों को आवागमन में काफी परेशानी झेलनी पड़ती है। यहां तक कि शिवगंज में सर्विस सड़क के किनारे रहने वाले ग्रामीण बताते हैं कि जब मालवाहक ट्रक गुजरते हैं तो तेज आवाज करती है। ऐसा लगाता है कि कोई वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गई।

बिहार सरकार

**समाहरणालय, औरंगाबाद**
(जिला सामान्य शाखा)

**अल्पकालीन निविदा**

उमगा महोत्सव मदनपुर, दिनांक–15 एवं 16 फरवरी 2026 को मनाया जाना है। इस अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों के लिए लाईट, साउण्ड एवं पंडाल भाड़े पर लगाने के लिए दर निर्धारण एवं कार्य आवंटन हेतु इच्छुक फर्मो/आपूर्तिकर्ता से निम्नलिखित कार्यो हेतु मुहरबन्द द्वि–लिफाफा प्रणाली में अंतिम तिथि दिनांक–**02.02.2026** को अपराह्न **03:00** बजे तक विहित शर्तो के तहत निविदा जिला सामान्य शाखा, औरंगाबाद समाहरणालय में आमंत्रित की जाती है। प्राप्त निविदा उसी दिन दिनांक–**02.02.2026** को अपराह्न **04:00** बजे समाहरणालय सभा कक्ष में खोली जायेगी। निविदा के समय निविदादाता या उनके प्राधिकृत प्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे। विस्तृत निविदा जिला के वेबसाईट **Aurangabad.bih.nic.in** पर प्राप्त किया जा सकता है।

जिला पदाधिकारी
औरंगाबाद

PR- 022171 (Tourism) 2025-26

विस्तृत जानकारी वेबसाइट state.bihar.gov.in/prdbihar पर देखा जा सकता है।

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार

# नदियों में नहीं होगा मूर्तियों का विसर्जन

## अश्लील व भड़काउ गाना बजाने पर रहेगी रोक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बेगूसराय।** शुक्रवार को सरस्वती पूजा (बसंत पंचमी) पर्व के अवसर पर जिले में विधि-व्यवस्था बनाए रखने तथा शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा संयुक्त आदेश जारी किया गया है। जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री एवं पुलिस अधीक्षक श्री मनीष द्वारा निर्गत इस आदेश के आलोक में जिले के सभी संवेदनशील एवं अति संवेदनशील क्षेत्रों में दंडाधिकारियों एवं पर्याप्त पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की गई है।ताकि पर्व का आयोजन शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराया जा सके। जारी आदेश में पूजा समितियों को जुलूस निकालने हेतु अनिवार्य रूप से लाइसेंस लेना होगा तथा प्रतिमा विसर्जन केवल पूर्व निर्धारित एवं पारंपरिक मार्गों से ही किया जाएगा। किसी भी परिस्थिति में मार्ग परिवर्तन की अनुमति नहीं दी जाएगी। प्रशासन द्वारा सभी प्रतिमाओं का विसर्जन 25 जनवरी तक पूर्ण कराने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। साथ ही राष्ट्रीय हरित अधिकरण के निर्देशों के अनुपालन में गंगा नदी एवं उसकी सहायक नदियों में प्रतिमा विसर्जन पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा तथा विसर्जन केवल त्रिम तालाबों एवं प्रशासन द्वारा चिन्हित स्थलों पर ही किया जाएगा। पूजा एवं विसर्जन के दौरान ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग पर सख्त नियंत्रण रहेगा। अश्लील, भड़काऊ अथवा आपत्तिजनक संगीत तथा डीजे बजाने पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया गया है। नियमों का उल्लंघन करने वाले आयोजकों एवं लाइसेंसधारकों के विरुद्ध विधिसम्मत कठोर कार्रवाई की जाएगी। बारो बाजार, बीहट, चकिया सहित अन्य चिन्हित संवेदनशील क्षेत्रों में अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती एवं सघन गश्त की व्यवस्था की गई है। पूजा पंडालों एवं विसर्जन जुलूसों में किसी भी प्रकार के घातक हथियार, आग्नेयास्त्र अथवा अस्त्र-शस्त्र ले जाने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। इसके अतिरिक्त विसर्जन जुलूसों में हाथी, ऊंट अथवा घोड़ों के शामिल होने पर भी रोक लगाई गई है। जिला पदाधिकारी द्वारा नागरिक सुविधाओं के दृष्टिगत नगर निगम को विसर्जन मार्गों की साफ-सफाई, स्ट्रीट लाइट की समुचित व्यवस्था तथा खुले मेनहोल की मरम्मत सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। वहीं स्वास्थ्य विभाग को महत्वपूर्ण स्थलों एवं घाटों पर चिकित्सक दल एवं एम्बुलेंस की तैनाती सुनिश्चित करने को कहा गया है। जिला प्रशासन सभी नागरिकों, पूजा समितियों एवं आयोजकों से आपसी भाईचारे, शांति एवं सौहार्द के साथ पर्व मनाएं तथा किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की गई है। किसी भी संदिग्ध गतिविधि अथवा आपात स्थिति की सूचना तत्काल जिला नियंत्रण कक्ष या नजदीकी थाना को देने की बात कही गई है।

# राजस्व ग्राम में फार्मर आईडी निर्माण कार्य जोरों पर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नावकोठी।** प्रखंड के विभिन्न राजस्व ग्रामों में फार्मर आई कार्ड निर्माण तथा किसानों के ईकेवायसी कार्य प्रगति पर है। इसके लिए पंचायत में शिविर का आयोजन किया जा रहा है। सीओ सूरज कुमार ने बताया कि राजस्व विभाग तथा कृषि विभाग के संयुक्त समन्वय स्थापित कर यह कार्य किया जा रहा है। निबंधित किसानों की संख्या 5091 है। इसमें 3770 किसानों का फार्मर आई कार्ड बनाया गया है। यह किसानों के लिए बहुमूल्य दस्तावेज होगाघ। इसमें किसानों के जमीन का सभी ब्यौरा अंकित रहेगा। इस कार्ड के माध्यम से किसानों को राज्य तथा केन्द्र सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ मिलेगा। इसके लिए किसानों के खुद के नाम पर

### 5091 हैं निबंधित किसान

जमीन होना अनिवार्य है। किसानों को आधार कार्ड, जमीन की रसीद, किसान रजिस्ट्रेशन, मोबाइल फोन लेकर शिविर में लाना अनिवार्य है। यह कार्य 21 जनवरी तक संचालित कर शतप्रतिशत किसानों का एफ आर बनाने का लक्ष्य है। मौके पर कृषि अधिकारी रौशन कुमार, बीटीएम विवेकानंद सिंह, कृषि समन्वयक मनोज कुमार, सुरेन्द्र कुमार, किसान सलाहकार श्रवण कुमार, प्रेम चंद गुप्ता, मुकेश कुमार, जयशंकर कुमार, संजय कुमार, सुनील कुमार, राजस्व कर्मचारी सिया राम सहनी, पप्पू कुमार, अवधेश पासवान, आवास सहायक, पंचायत रोजगार सेवक, विकास मित्र आदि मौजूद थे।

## एक नजर

### निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन

**भगवानपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** एक भारत श्रेष्ठ भारत के तहत प्रखंडस्तरीय क्विज व निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन मंगलवार को मध्य विद्यालय प्रखंड कॉलोनी में किया गया। निबंध लेखन प्रतियोगिता में प्रोजेक्ट गर्ल्स हाई स्कूल शेरपुर की अलका कुमारी ने प्रथम, चक्का सहिलोरी के ललित कुमार ने द्वितीय व काजीरसलपुर के अमन कुमार ने तृतीय स्थान हासिल किया। जबकि क्विज में मोख्तियारपुर की दीपा कुमारी ने प्रथम, बनवारीपुर के अविनाश ने द्वितीय व शेरपुर सहिलोरी की सोनाक्षी ने तृतीय स्थान हासिल की। विजेताओं को बीडीओ सह बीईओ ने पुरस्त किया। मौके पर निर्णायक नितेश, अनुपम, काजल सहित अन्य शिक्षक व बच्चे मौजूद थे।

### मेधा छात्रवृत्ति अभ्यास परीक्षा विद्यालयों का चयन

**भगवानपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** राष्ट्रीयआय सह मेधा छात्रवृत्ति अभ्यास परीक्षा में विद्यार्थियों की सहभागिता एवं बेहतर प्रदर्शन के आधार पर प्रखंड स्तर पर मध्य विद्यालय पालीडीह एवं लखनपुर चयन किया गया। पोस्ट अफ द मंथ के लिए रघुनाथ हाई स्कूल दहिया के आशीष कुमार को चयनित किया गया। प्रखंड कार्यालय, भगवानपुर में प्रखंड विकास पदाधिकारी व ओपन लिंक्स फाउंडेशन के प्रोजेक्ट अफिसर परमजीत कुमार द्वारा दोनों विद्यालयों और शिक्षक को पुरस्कृत किया गया।

### आग लगने से लाखों का नुकसान

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** थाना क्षेत्र के हसनपुर बागर पंचायत निवासी मोहम्मद फिरोज के पावर हाउस के समीप गद्दा दुकान में आग लगने से लाखों रुपए का नुकसान हो गया है। उसने बताया कि रात में परिवार के सभी सदस्य खाना खाकर सो गए थे। देर रात जब आग की तपिश से नींद खुली तो देखा कि घर के पीछे गोदाम में आग लगी हुई है। तत्क्षण 112 डायल टीम को फोन करने पर दमकल की गाड़ी पहुंचकर आग पर 2 घंटे के बाद काबू पाया गया। इसमें 70 क्विंटल रूई, धुनाई करने वाली मशीन, डीजल इंजन आदि सब जलकर राख हो गया। इससे लगभग 200000 की क्षति का अनुमान लगाया गया है। मौके पर एस आई विपिन कुमार ओझा सहित सशस्त्र बल आ गए थे। किसी तरह आग पर काबु पाया गया। आग लगी के कारण का अभी तक खुलासा नहीं हो सका है।

### लाखों की लागत से बन रहा आकर्षक पंडाल

**मेदिनीनगर (पलामू) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** विश्रामपुर नगर परिषद के रेहला शहर स्थित संत पॉल कॉन्वेंट स्कूल में प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी क्षेत्र का सबसे बड़ा व भव्य सरस्वती पूजा समारोह आयोजित किया जा रहा है। पूजा आयोजन अपनी भव्यता, कलात्मकता व अनुशासन के लिए पूरे क्षेत्र में विशेष पहचान रखता है। विद्यालय के निदेशक एसएम. एसले ने बताया कि सरस्वती पूजा के अवसर पर स्थानीय व बाहरी कारीगरों की मदद से लाखों रुपये की लागत से एक विलक्षण व आकर्षक पूजा पंडाल का निर्माण इस बार भी कराया जा रहा है।

# जॉब कैम्प में 17 अभ्यर्थी चयनित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेगूसराय।** युवा, रोजगार एवं कौशल विकास विभाग के अंतर्गत राजकीय पलिटेक्निक परिसर में मंगलवार को एक दिवसीय नियोजन कैम्प का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता जिला नियोजन पदाधिकारी ने की। इस नियोजन कैंप में निजी कंपनी वीआईएसपीएल के द्वारा एमआरएफ एवं जया हिन्द कंपनियों के लिए अभ्यर्थियों का चयन किया गया। कंपनी के प्रतिनिधि श्री कल्याण द्वारा कैंप में उपस्थित अभ्यर्थियों को कंपनी में कार्य से संबंधित वेतन एवं भत्ते, कार्य स्थल तथा अन्य आवश्यक विषयों की विस्तृत जानकारी दी गई। कंपनी द्वारा प्रदत्त 200 रिक्तियों के विरुद्ध कुल 67 अभ्यर्थी नियोजन कैंप में सम्मिलित हुए। जिनमें से साक्षात्कारोपरांत 17 अभ्यर्थियों का चयन किया गया। इस अवसर पर जिला नियोजन पदाधिकारी द्वारा उपस्थित बेरोजगार युवकों को कैरियर एवं रोजगार संबंधी मार्गदर्शन प्रदान किया गया। उन्होंने बताया कि जिला नियोजन कार्यालय द्वारा रोजगार के इच्छुक अभ्यर्थियों को अवसर उपलब्ध कराने की दिशा में प्रत्येक माह जब कैंप का आयोजन किया जाता है। जिसमें बिहार एवं अन्य राज्यों के निजी क्षेत्र के नियोजकों को आमंत्रित किया जाता है। इन जॉब कैंप की सूचना समाचार पत्रों एवं सोशल मीडिया के माध्यम से व्यापक रूप से प्रसारित की जाती है। साथ ही राणा अमितेष द्वारा जानकारी दी गई कि जिले के वे अभ्यर्थी जो प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे हैं। वे नियोजनालय में संचालित पुस्तकालय की सुविधा का निःशुल्क लाभ उठा सकते हैं। नेशनल करियर सर्विस द्वारा निःशुल्क प्रदान की जाने वाली सभी सेवाओं एवं उनके उपयोग के संबंध में कनीय सांख्यिकी सहायक राहुल कुमार द्वारा विस्तृत जानकारी दी गई। इस अवसर पर प्लेसमेंट को-अर्डिनेटर मंजीत कुमार, जिला कौशल प्रबंधक सतीश पटेल, सामंत कुमार एवं रंजय सिंह देव सहित अन्य पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

# न्यू बरौनी रेलवे पार्किंग से मोटरसाइकिल की चोरी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बरौनी।** न्यू बरौनी जंक्शन स्थित वाहन पार्किंग से एक मोटरसाइकिल चोरी होने का मामला प्रकाश में आया है। पीड़ित युवक ने इस संबंध में रेल थाना बरौनी को लिखित आवेदन देकर कानूनी कार्रवाई की मांग की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, बीहट निवासी मो आजम ने बीती 18 जनवरी को अपनी मोटरसाइकिल बीआर 09 एएल 2485) न्यू बरौनी जंक्शन स्थित अधिकृत पार्किंग में खड़ी की थी। वह टाटा-कटिहार एक्सप्रेस से अपने रिश्तेदार के पास कटिहार गए थे। जब अगले दिन यानी 19 जनवरी को वे आम्रपाली एक्सप्रेस से वापस लौटे और पार्किंग रसीद दिखाकर अपनी गाड़ी लेने पहुंचे, तो उनकी मोटरसाइकिल वहां से गायब थी। पीड़ित का कहना है कि जब उन्होंने वहां मौजूद पार्किंग स्टाफ से अपनी गाड़ी के बारे में पूछा, तो उसने सीधे तौर पर कहा कि गाड़ी चोरी हो गई है। पीड़ित ने पार्किंग ठेकेदार और कर्मचारियों की भूमिका पर संदेह जताते हुए पुलिस से जांच की गुहार लगाई है। वही पीड़ित मो आजम ने रेल थानाध्यक्ष को दिए आवेदन के साथ पार्किंग की रसीद, यात्रा टिकट और वाहन के कागजात संलग्न किए हैं।

# रेहला में पानी की समस्या होंगी दूर : कंचन

**रेहला (पलामू) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** विश्रामपुर नगर परिषद क्षेत्र में चुनावी सरगर्मी तेज होती जा रही है। भावी अध्यक्ष प्रत्याशी कंचन पासवान ने झगरूआ, डीहरिया, उरसुला सहित दर्जनों वार्डों का दौरा कर जनसम्पर्क किया। क्षेत्र में घर- घर पहुंचकर लोगों की समस्याएं सुनीं। साथ ही अपनी प्राथमिकताओं से अवगत कराया। कंचन पासवान ने लोगों से कहा कि यदि उन्हें आशीर्वाद व समर्थन मिला तो वे सबसे पहले क्षेत्र में व्याप्त पेयजल समस्या का स्थायी समाधान कराएंगी। कई वार्डों में आज भी लोगों को पानी के लिए कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।

# बिहार सीनियर महिला कबड्डी प्रशिक्षण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बीहट।** हैदराबाद में आगामी 27 से 30 जनवरी 2026 तक आयोजित होने वाली 72 वीं राष्ट्रीय सीनियर महिला कबड्डी प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए बिहार टीम के संभावित खिलाड़ियों का प्रशिक्षण शिविर बेगूसराय के बीहट स्थित संस्कार भवन में सोमवार को बेगूसराय जिला कबड्डी संघ उपाध्यक्ष सुनील कुमार, राजकुमार सिंह राजू, चौयरमेन श्याम नंदन सिंह पन्नालाल, डा सोनू शंकर, सचिव सरोज कुमार, उप मुख्य पार्षद ऋषिकेश कुमार, आकाश गंगा रंग चौपाल एसोसिएशन सचिव गणेश गौरव, नंदन कुमार, चन्द्रप्रकाश सिंह उर्फ लाल बाबू ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर खेल मैदान का पूजा के बाद नारियल फोड़कर प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ किया गया। बेगूसराय जिला कबड्डी संघ सचिव सरोज कुमार ने बताया कि शेखपुरा में आयोजित 51 वीं बिहार राज्य सीनियर महिला कबड्डी प्रतियोगिता में बेगूसराय की महिला टीम विजेता बनकर बेगूसराय का नाम राज्य में रौशन किया। इस प्रतियोगिता के बाद राष्ट्रीय सीनियर महिला कबड्डी प्रतियोगिता हैदराबाद में आयोजित की जा रही है। बीहट में 24 जनवरी तक प्रशिक्षण शिविर लगाया गया है। प्रशिक्षण शिविर में हरियाणा के एनएसआई कोच ज्योति कुमारी के द्वारा प्रशिक्षण शिविर में चयनित खिलाड़ियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। 24 जनवरी को प्रशिक्षण समाप्त होने के बाद बिहार सीनियर महिला कबड्डी टीम की घोषणा की जाएगी। प्रशिक्षण शिविर में रिया कुमारी, अनुप्रिया कुमारी, मुस्कान, कोमल, अंजलि, आरती कुमारी (सभी बेगूसराय), नैंसी प्रिया, लक्ष्मी कुमारी, कोमल कुमारी, काजल कुमारी, शमा परवीन (सभी पटना), सुंदर कुमारी, पुष्कर्णी कुमारी (सीतामढ़ी), इंदु कुमारी, स्वीटी राज (नवादा), नंदनी कुमारी, नीतू कुमारी (कटिहार), गुनगुन चौहान (पूर्णिया), अमीषा कुमारी, निशु कुमारी (सीवान), चंदा कुमारी (भोजपुर) के खिलाड़ी शामिल हैं।

# कांग्रेस महासचिव का कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बलिया।** मंगलवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओ ने राष्ट्रीय उच्च पथ 31 पर बिहार कांग्रेस प्रभारी प्रदेश अध्यक्ष का भव्य स्वागत किया गया। मनरेगा योजना से राष्टपिता महात्मा गाँधी का नाम हटाने मनरेगा योजना को खत्म करने की मोदी सरकार के साजिस के खिलाफ कांग्रेस जनांदोलन की तैयारी में जुट गई। बिहार मे कांग्रेस के द्वारा चलाये जा रहे राज्यस्तरीय जनआंदोलन से जनता को जागरूक करने के अभियान पर कंग्रेस के नेता निकल चुके हैं। इसी के तहत भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के महासचिव सह बिहार प्रभारी ष्णा अल्लाहबारू बिहार प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष राजेश राम सहित दर्जनों प्रदेश स्तरीय नेताओ का बलिया मे राष्ट्रीय उच्च पथ 31 पर विधानसभा के पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी राकेश सिंह ने किया। श्री सिंह के नेतृत्व मे सैकड़ो कांग्रेस कार्यकर्ताओ ने खगरिया से बेगूसराय के मटिहानी मे मनरेगा योजना से महात्मा गांधी का नाम हटाने के विरोध मे होने वाले चौपाल मे जाने के क्रम मे भव्य स्वागत किया। इस दौरान बिहार कांग्रेस प्रभारी कृष्णा अल्लाहबारू और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने कहा की मोदी सरकार के अत्याचार के खिलाफ आप कांग्रेस कार्यकर्ता इसी तरह संघर्ष करते रहे और जनता को जागरूक करते रहे। आनेवाला भविष्य कांग्रेस का है। और कांग्रेस के नेतृत्व मे ही देश सुरक्षित रहेगा। आजके इस स्वागत समारोह मे जिला कांग्रेस महासचिव पूर्व मुखिया इरशाद आलम नगर अध्यक्ष मो तारिक पप्पू मंडल अध्यक्ष प्रेम कुमार मिश्रा मो नवाव कांग्रेस नेता नवीन सिन्हा मो सोहेल अहमद गंगा महतो चुनचुन यादव बिनोद शर्मा मो जाकिर, धर्मदेव चौधरी, मेहराज आमिर, दीपक कुमार, पंकज कुमार, नंदन कुमार, मंजू देवी, रेखा देवी, नवीन कुमार, ओम प्रकाश, पोद्दार राज शर्मा, नीरज कुमार, अमित कुमार, ललन चौधरी सहित अनेक लोग शामिल थे।

# जीआई टैग्ड उत्पाद को बढ़ावा देने को लेकर बैठक

## उत्पादों को बढ़ावा देने को लेकर किसानों, बुनकरों एवं कलाकारों से किया गया विचार-विमर्श

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**भागलपुर।** जिले के जी आई टैग्ड उत्पाद यथा कतरनी चावल, जर्दालू आम, भागलपुर के तसर सिल्क और मंजूषा पेंटिंग को बढ़ावा देने को लेकर आज जिलाधिकारी डॉ नवल किशोर चौधरी ने संबंधित पदाधिकारी, किसन, बुनकर, व्यापारी और मंजूषा कलाकारों के साथ बैठक की। जिला समाहरणालय के समीक्षा भवन में आयोजित बैठक में इन उत्पादों को बढ़ावा देने को लेकर संबंधित किसानों बुनकरों एवं मंजूषा कलाकारों से विचार विमर्श किया गया तथा कई निर्णय लिए गए। बैठक के उपरांत संवाददाताओं को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी डॉ नवल किशोर चौधरी ने कहा कि भागलपुर जिले को बहुत बड़ी सौगात मिली है। भागलपुर के चार उत्पादों को जीआई टैग मिला है। जिसमें कतरनी चावल, जर्दालू आम, मंजूषा पेंटिंग एवं सिल्क शामिल है। उनके प्रोडक्शन को हम कैसे बढ़ाए साथ ही पैकेजिंग और प्रोसेसिंग कैसे करें ताकि उत्पादक को बेहतर लाभ मिल सके इस पर चर्चा हुई है। उन्होंने कहा कि विमर्श के दौरान उन्होंने कई बिंदुओं को नोट किया है और निर्णय लिया है कि जिन विषयों का समाधान जिला स्तर से होने वाले हैं उनका समाधान जिला स्तर से करेंगे। जिन विषयों का समाधान राज्य स्तर से हो सकता है, उसका प्रस्ताव राज्य स्तर को भेजेंगे और फॉलोअप करेंगे। डॉ. चौधरी ने कहा कि खास कर दो प्रोडक्ट्स को उन्होंने टारगेट किया है। पहला कतरनी चावल और दूसरा सिल्क। इन दोनों के प्रमोशन और एक्सपोर्ट पर वे काम कर रहे हैं और उन्हें उम्मीद है कि बहुत ही जल्द उन्हें सफलता मिलेगी।

जिलाधिकारी ने कहा कि सबसे पहले वे प्रोडक्ट्स के क्वालिटी को काफी इम्प्रूब्ड करेंगे। उसके बाद पैकेजिंग प्रोसेसिंग पर ध्यान देंगे। उसके बाद मार्केट लिंक किया जाएगा। वहीं मेड इन भागलपुर के नाम से इन उत्पादों की ब्रांडिंग की जाएगी। इससे भागलपुर को एक अलग पहचान मिलेगी।

# जदयू महासचिव ने सदस्यता अभियान के दौरान 5000 कंबल किए वितरित



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**आरा।** भोजपुर जिला के बड़हरा प्रखंड अंतर्गत पावर हाउस बड़हरा के समीप नव निर्मित मकान में जदयू के महासचिव सह नागरिक परिषद सदस्य सह बड़हरा प्रभारी अरविंद कुमार सिंह उर्फ छोटू सिंह ने मंगलवार को गरीबों के बीच 5000 कंबल का वितरण किया। इस दौरान हजारों की संख्या में जुटे महिला पुरुष से कंपाउंड खचाखच भरा हुआ था। कंबल वितरण जदयू सदस्यता अभियान के दौरान किया गया। नीतीश के हनुमान कहे जाने वाले छोटू सिंह ने कहा कि बिहार सरकार के मुखिया नीतीश कुमार गरीबों के मसीहा है। वे गरीबों के उत्थान के लिए कई योजनाओ को धरातल पर चालू किया है। उनका हर योजना गरीबों तक पहुच रहा है। इसलिए आप लोग जदयू के साथ परिवार के सभी सदस्य जुड़े। उसी दौरान क्षेत्र के बड़े बुजुर्ग महिला पुरुष उत्साहपूर्वक मंच पर आये। छोटू सिंह ने उन्हे सम्मानित कर सदस्यता ग्रहण कराया। उसके बाद मिष्टान अपने हाथों से खिलाया। यह कारवा जुड़ने का प्रारंभ हो चुका था। कंबल वितरण व सदस्यता ग्रहण कराने के बाद छोटू सिंह ने अपने को बड़हरा का भगिना बताते हुए कहा कि बड़हरा भवन में बराबर आने का वादा करता हूं। यहां आप सबों की सेवा करते रहेंगे। इस मौके पर राजनीतिक सलाहकार शिव शंकर निषाद, अमर सिंह, राहुल बाबा, रोहित चंद्रवंशी, विनय सिंह, पप्पू सिंह, उत्तम बाबा, नागाजी, राजू सिंह, मनोज सिंह, पंडित सिंह, बहादुर सिंह, नारायण सिंह, विक्की सिंह, विशाल सिंह, अरविंद सिंह, मुकुल साह, एकौना मुखिया संजय सिंह, पकड़ी से अनिल सिंह समेत 16 मुखिया मौजूद थे। सभी लोगों ने संयुक्त बयान जारी कर कहा कि यहां के गरीबों के लिए इस तरह का कार्यक्रम होते रहेंगे।

# निबंध प्रतियोगिता में शामिल हुए कई प्रतिभागी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**शिवाजीनगर।** शिवाजीनगर प्रखंड अंतर्गत हाई स्कूल शिवाजीनगर में डॉक्टर कलाम फाउंडेशन फॉर रूरल डेवलपमेंट के तत्वावधान में एक भव्य निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का विषय सामाजिक कार्यों में युवाओं की भूमिका रखा गया, जिसमें प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया इस निबंध प्रतियोगिता का आयोजन डॉक्टर कलाम फाउंडेशन फॉर रूरल डेवलपमेंट संस्था के संस्थापक तथा बिहार प्रशासनिक सेवा के अधिकारी ललित कुमार सिंह के मार्गदर्शन में किया गया। प्रतियोगिता में शिवाजीनगर प्रखंड के कुल 13 विद्यालयों से 68 छात्र-छात्राओं ने अपनी लेखनी के माध्यम से समाज में युवाओं की भूमिका, जिम्मेदारी और योगदान पर अपने विचार प्रस्तुत किए कार्यक्रम के दौरान प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी, रामजन्म सिंह पूर्व बीआरपी सह डॉक्टर कलाम फ़ेडरेशन के अध्यक्ष बालमुकुंद सिंह, संस्था के सचिव राज नारायण सर, सक्रिय सदस्य सुरेश कुमार सिंह, राजन कुमार, अभिषेक राज सहित अन्य सहयोगी सदस्य उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं छात्रों के बौद्धिक विकास के साथ-साथ सामाजिक चेतना को भी मजबूत करती है। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले विद्यालयों में उत्क्रमित मध्य विद्यालय रहियार दक्षिण, उत्क्रमित मध्य विद्यालय शंकरपुर, उत्क्रमित मध्य विद्यालय मधुरापुर, उत्क्रमित हाई स्कूल श्रीपुरा मजरहिया, उत्क्रमित हाई स्कूल परसा, उत्क्रमित हाई स्कूल करियर, उत्क्रमित मध्य विद्यालय भटौरा, उत्क्रमित मध्य विद्यालय दसोत, उत्क्रमित मध्य विद्यालय रामभद्रपुर, उत्क्रमित मध्य विद्यालय रहतौली, गांधी स्मारक विद्यालय बल्लीपुर, उत्क्रमित मध्य विद्यालय जंदाहा एवं उत्क्रमित मध्य विद्यालय दहियार शामिल थे कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षक कुमार वैभव, अनूप कुमार, नीरज कुमार, राजन कुमार, प्रदीप कुमार, अशोक कुमार, आदित्य कुमार, शिवम कुमार, शशि यादव, उत्कर्ष आनंद, अमरेश कुमार, रविंद्र कुमार, शंकर कुमार झा, विजेंद्र कुमार झा, राम शंकर सिंह, आलोक रंजन सहित अन्य शिक्षकों की सराहनीय भूमिका रही अंत में आयोजकों ने बताया कि प्रतियोगिता में चयनित श्रेष्ठ निबंधों को सम्मानित किया जाएगा तथा भविष्य में भी इस तरह के शैक्षणिक एवं प्रेरणादायी कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, ताकि ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों को आगे बढ़ने का अवसर मिल सके।

# पलामू प्रमंडल में संगठन को किया जा रहा मजबूत : हसन अंसारी

**मेदिनीनगर (पलामू) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** झारखंड में आजसू मजबूती से उभर कर सामने आएगी। इसके लिए पार्टी सुप्रीमो सुदेश महतो प्रमंडलीय स्तर पर प्रभारियों की नियुक्ति की है। उक्त बातें आजसू पार्टी के केंद्रीय प्रधान महासचिव रामचंद्र सहिस ने कही। वे मंगलवार को स्थानीय रेड़मा के कुम्हार टोली स्थित पार्टी के केंद्रीय सचिव चंद्रशेखर सिंह छोटू के आवास पर चाय पार्टी पर पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। इसके पहले उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं व नेताओं को संगठन को मजबूत करने के लिए कई दिशा निर्देश दिए। इसके पहले आजसू के केंद्रीय सचिव चंद्रशेखर सिंह छोटू व पलामू जिला अध्यक्ष दिलीप चौधरी के नेतृत्व में चियांकी में पार्टी के केंद्रीय उपाध्यक्ष सह पलामू प्रमंडलीय प्रभारी हसन अंसारी का फूल माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया। चंद्रशेखर सिंह छोटू ने दोनों नेताओं को अपने आवास पर बुके देकर सम्मानित किया। रामचंद्र सहिस ने कहा कि केंद्रीय कमेटी के निर्णयानुसार झारखंड के ज्वलंत मुद्दों को उठाना, संगठन को मजबूत करना के तहत बूथ एजेंट बनाना है। भूत एजेंट की लिस्ट चुनाव आयोग को उपलब्ध कराना है। मौके पर पार्टी के केंद्रीय उपाध्यक्ष सह पलामू प्रमंडलीय प्रभारी हसन अंसारी ने कहा कि नेतृत्व पूरे झारखंड में संगठन को मजबूत करने का काम कर रही है। इसके लिए प्रमंडलीय स्तर पर प्रभारी की नियुक्ति की गई है। किसी के तहत वे पलामू प्रमंडल में भी पार्टी को मजबूत करने के लिए दौरा कर रहे हैं। आने वाले चुनाव के लेकर अभी से ही पूरी सक्रियता के साथ पार्टी के नेता व कार्यकर्ता काम कर रहे हैं।

# वीकेएसयू में स्कॉलर ज्योति को मिला सम्मान, लेखनी को मिली पहचान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**आरा।** वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय, आरा के कुलपति डॉ शैलेन्द्र कुमार चतुर्वेदी द्वारा स्कॉलर ज्योति को उनकी लेखनी के लिए सम्मानित किया गया। यह सम्मान उनके द्वारा लिखे गए आलेख बदहाल से यूं मिसाल की ओर वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय के लिए प्रदान किया गया। जिसमें विश्वविद्यालय के सकारात्मक परिवर्तन, शैक्षणिक सुधार और नई पहचान को सशक्त शब्दों में प्रस्तुत किया गया है। मौके पर स्कॉलर ज्योति ने कहा कि यह पल उनके लिए अत्यंत मार्मिक और गौरवपूर्ण है। उन्होंने भावुक शब्दों में कहा कि छोटी-छोटी खुशियां और सम्मान किसी विटामिन से भी अधिक ऊर्जा देने का काम करती हैं। यह सम्मान मुझे आगे और बेहतर लिखने तथा शोध के प्रति समर्पित रहने की प्रेरणा देता है। बताया कि कुलपति डॉ शैलेन्द्र कुमार चतुर्वेदी सर ने उनकी अपेक्षाओं से कहीं अधिक स्नेह और सम्मान प्रदान किये, जो उनके लिए सदैव स्मरणीय रहेगा। साथ ही उन्हें 28 जनवरी को आयोजित होने वाले विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में विशेष आमंत्रित भी किए। इस सम्मान के लिए स्कॉलर ज्योति ने कुलपति के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सम्मान केवल व्यक्तिगत नहीं, बल्कि विश्वविद्यालय से जुड़े हर सकारात्मक प्रयास और रचनात्मक सोच का उत्साहवर्धन है। विश्वविद्यालय परिवार और शैक्षणिक जगत में इस सम्मान को लेखन, शोध और सकारात्मक आलोचना की सशक्त परंपरा के रूप में देखा जा रहा है, जो वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय को बदहाली से मिसाल की ओर ले जाने वाले प्रयासों को और मजबूती प्रदान करता है।

# विशेष टिकट जांच अभियान में पकड़े गए 1009 यात्री

## डुमरी जंक्शन पर 2.90 लाख की वसूली

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** पटना गया रेलखंड के डुमरी जंक्शन पर मंगलवार की सुबह भी सघन टिकट जांच अभियान चलाया गया, जहाँ वरीय मंडल वाणिज्य प्रबंधक, दानापुर, अभिनव सिद्धार्थ के निर्देशानुसार मंडल वाणिज्य प्रबंधक, अभिषेक कुमार तिवारी एवं सहायक वाणिज्य प्रबंधक/टिकट जांच प्रदीप कुमार के नेतृत्व में विभिन्न ट्रेनों का अतिरिक्त ठहराव को लेकर सघन टिकट जाँच अभियान चलाया गया। दानापुर मंडल के पटना-गया रेलखंड के जट डुमरी स्टेशन पर वाणिज्य विभाग एवं आरपीएफ की एक विशेष टिकट चेकिंग टीम



बनाकर एक विशेष टिकट चेकिंग स्पेशल ट्रेन (लाल गाड़ी) के साथ एक सघन टिकट जाँच अभियान चलाया गया। इस विशेष लाल गाड़ी टिकट चेकिंग अभियान में 1009 बिना टिकट/अनियमित टिकट वाले यात्रियों से जुर्माने के रूप में 2,90,800/- रुपए रेल राजस्व अर्जित किया गया। इस विशेष टिकट चेकिंग अभियान के परिणामस्वरूप पटना-गया रेलखंड के सभी स्टेशनों जैसे परसा बाजार, पुनपुन घाट, जटडुमरी, तारेगना, जहानाबाद आदि टिकट काउंटरों पर यात्रियों की बढ़ी हुई भीड़ देखी गई एवं प्रत्येक स्टेशन पर टिकट बिक्री लगभग 35-40 प्रतिशत अधिक दर्ज की गई। बिना टिकट एवं अनियमित यात्रा के विरुद्ध चलाया जा रहे यह अभियान आगे भी सतत रूप से जारी रहेगा। वहींअभिनव सिद्धार्थ वरीय मंडल वाणिज्य प्रबंधक यात्रियों से अपील की वे सदैव वैध टिकट लेकर उचित श्रेणी में हीं यात्रा करे।

# खेग्रामस व मनरेगा मजदूर सभा का जिलास्तरीय कार्यकर्ता कन्वेशन

## 12 फरवरी को राष्ट्रीय हड़ताल की घोषणा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** अखिल भारतीय खेत व ग्रामीण मजदूर सभा और मनरेगा मजदूर सभा की ओर से मंगलवार को मसौढी माले कार्यालय शहीद ए आजम भगत सिंह पार्क में जिला स्तरीय कार्यकर्ता कन्वेंशन हुआ जिसकी अध्यक्षता 5 सदस्यीय अध्यक्ष मंडल जिसमें 6 खेग्राम्स जिलाध्यक्ष नागेश्वर पासवान, जिला सचिव सत्यनारायण प्रसाद, मनरेगा मजदूर सभा के राज्य स्तरीय नेता जितेंद्र राम, शंकर पासवान आशा देवी ने की, कन्वेंशन में मनरेगा को बहाल करो 125 दिन काम देने का झुनझुना बंद करो 4 श्रम कोड रद्द करो, 12




फरवरी को राष्ट्रीय हड़ताल को सफल करो बुलडोजर नहीं पर्चा दो, रोजी रोटी की व्यवस्था दो, सभी गरीब भूमिहीनों को 5 डिसमिल जमीन दो आदी सवालों पर चर्चा हुई। उक्त कन्वेंशन को अखिल भारतीय खेत व ग्रामीण मजदूर सभा के राष्ट्रीय महासचिव व भाकपा माले के पोलित ब्यूरो सदस्य कामरेड धीरेंद्र झा भाकपा माले के पोलित ब्युरो सदस्य सह पटना जिला सचिव कामरेड अमर सहित खेग्रामस के राष्ट्रीय नेता व फुलवारी के पूर्व विधायक गोपाल रविदास, भाकपा माले के केन्द्रीय कमेटी के सदस्य व पालीगंज के वर्तमान विधायक संदीप सौरभ, सहित भाकपा माले के कई वरिष्ठ कार्यकर्ताओ ने संबोधित किया। इस कन्वेंशन से 6 सूत्री अंतरराष्ट्रीय राष्ट्रीय व राज्य व जिला के संदर्भ में राजनीतिक प्रस्ताव पारित किया गया और 12 फरवरी के राष्ट्रव्यापी हड़ताल को सफल बनाने का ऐलान किया गया इस कन्वेंशन को संबोधित करते हुए अखिल भारतीय खेत व ग्रामीण मजदूर सभा के राष्ट्रीय महासचिव कामरेड धीरेंद्र झा ने कहा कि पूरे बिहार में गरीब बसाओ अभियान चलाया जाएगा और बुलडोजर राज के खिलाफ बिहार विधानसभा सत्र के दौरान घेराव किया जायेगा।

## बाइक सवारों ने पैदल जा रहे युवक का मोबाइल झपटा, लोगों ने पकड़ा

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** धनरूआ थाना क्षेत्र के मोरियावां पथ में मंगलवार को बाइक पर सवार तीन उचक्कों ने एक पैदल जा रहे युवक का मोबाइल को झपट लिया जहां भगाने के क्रम में हो हल्ला होने पर स्थानीय लोगों ने बाइक पर सवार तीनों युवकों को दबोच लिया और पुलिस के हवाले कर दिया, जहां इस मामले में मोरियावां के रहने वाले राजेश कुमार पिता नागेंद्र पासवान ने थाने में प्राथमिकी दर्ज की है। गिरफ्तार आरोपियों में पवन कुमार पिता तपेश्वर बिंद, रंजन कुमार पिता संजय बिंद, और रोहित कुमार पिता सुनील राम तीनों डोरी पर थाना मसौढी के रहने वाला हैं। प्रभारी थानाध्यक्ष ने बताया कि पीड़ित राजेश कुमार ने बताया कि हम अपने घर पैदल जा रहे थे उसी दरमियान विपरीत दिशा में बाइक पर सवार तीन युवक आया और मेरा मोबाइल झपटकर भागने लगे जब हो हल्ला किया तो आसपास लोग पकड़ लिए पुलिस पूरे मामले की छानबीन में जुटी है।

# टी-हब हैदराबाद से गूंजा नूतन पाण्डेय का नाम, मिला 'गार्गी उत्कृष्ट सम्मान'




नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हैदराबाद (तेलंगाना)।** हैदराबाद के अत्याधुनिक नवाचार केंद्र टी-हब में आयोजित लेट्स इंस्पायर बिहार के अंतर्गत बिहार डेवलपमेंट समिट 2026 शिक्षा, सेवा और समर्पण की मिसाल बनकर उभरा। यह सम्मेलन न केवल बिहार के विकास पर मंथन का मंच रहा, बल्कि समाज के अंतिम पंक्ति तक शिक्षा पहुँचाने वाली शिक्षिका नूतन पाण्डेय के संघर्ष, संकल्प और सामाजिक योगदान को राष्ट्रीय पहचान देने का सशक्त अवसर भी सिद्ध हुआ। सम्मेलन का उद्घाटन तेलंगाना के मलकाजगिरी से सांसद एतेला राजेंद्र ने किया। बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने वीडियो संदेश से सबको शुभकामनाएं प्रेषित किया। इस अवसर पर गार्गी पाठशाला की संचालिका एवं लेट्स इंस्पायर बिहार के अंतर्गत 'गार्गी अध्याय' की जिला मुख्य समन्वयक नूतन पाण्डेय को 'गार्गी उत्कृष्ट सम्मान' से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें 200 से अधिक वंचित बच्चों को निःशुल्क, नियमित और संस्कारयुक्त शिक्षा देने तथा महिला सशक्तिकरण की मिसाल कायम करने के लिए प्रदान किया गया। सम्मेलन में उपस्थित बैकुंठपुर विधायक मिथिलेश तिवारी ने नूतन पाण्डेय की प्रशंसा करते हुए कहा कि नूतन कुमारी आज सिर्फ एक शिक्षिका नहीं, बल्कि एक आंदोलन हैं। सीमित संसाधनों में भी उन्होंने शिक्षा को मिशन बनाकर समाज को नई दिशा दी है। डेहरी-ऑन-सोन के विधायक राजीव रंजन उर्फ सोनू सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि नूतन पाण्डेय जी के इस सहयोग से समाजिक परिवर्तन संभव है। साथ ही साथ लेट्स इंस्पायर बिहार अभियान के मुख्य संरक्षक आई.पी.एस अधिकारी विकास वैभव ने कहा कि नूतन पाण्डेय का निःशुल्क पाठशाला चलाना समाज के लिए प्रेरणा है और उनका कार्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक बदलाव पहुँचाने वाला है। सम्मेलन में पटना साहेब के विधायक माननीय रत्नेश कुशवाहा और पूर्व विधायक ललन कुंवर ने भी नूतन कुमारी के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे सामाजिक कार्यकर्ता ही बिहार की सकारात्मक पहचान को राष्ट्रीय मंचों तक पहुँचाते हैं।

# स्वामी विवेकानंद एवं अल हीरा पब्लिक स्कूल फाइनल में

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** अन ऐडेड प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन (अपसा) के तत्वावधान में आयोजित इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट के सेमीफाइनल मुकाबले उत्साहपूर्ण माहौल में संपन्न हुए। दोनों सेमीफाइनल में शानदार प्रदर्शन करते हुए अल हीरा पब्लिक स्कूल, न्यू आजिमाबाद और स्वामी विवेकानंद वर्ल्ड स्कूल, चांदमारी रोड ने फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली। पहले सेमीफाइनल में आइकॉन पब्लिक स्कूल, सरिस्तावाद ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 124 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए अल हीरा पब्लिक स्कूल की टीम ने



सधे हुए खेल का प्रदर्शन किया और 5 विकेट से जीत दर्ज कर फाइनल में प्रवेश किया। दूसरे सेमीफाइनल में स्वामी विवेकानंद वर्ल्ड स्कूल ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 134 रन बनाए। जवाब में द राइजिंग एकेडमी, जहानाबाद की टीम 113 रन पर ऑल आउट हो गई। इस तरह स्वामी विवेकानंद वर्ल्ड स्कूल ने 21 रनों से जीत हासिल कर फाइनल का टिकट कटाया। टूर्नामेंट में एस वी एन की टीम के खिलाड़ी सचिन अब तक चार अर्धशतक लगाए हैं और आज तीसरे बार मैन ऑफ द मैच चुने गए। टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला 01 फरवरी 2026 को गर्दनीबाग एथलेटिक्स क्लब ग्राउंड में खेला जाएगा, जिसमें अल हीरा पब्लिक स्कूल और स्वामी विवेकानंद वर्ल्ड स्कूल की टीमें आमने-सामने होंगी। टूर्नामेंट में खिलाड़ियों के जोश, खेल भावना और प्रतिस्पर्धात्मक क्रिकेट ने दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। आयोजकों ने फाइनल मुकाबले के लिए तैयारियों को अंतिम रूप देने की बात कही है।

# मसौढ़ी अनुमंडल में 68 महादलित टोलों में बुजुर्ग करेंगे झंडोत्तोलन

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** आगामी गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियां जोरों पर चल रही है। ऐसे में हर साल की भांति इस बार भी मसौढ़ी अनुमंडल के सभी प्रखंडों के महादलित टोला में झंडखतोलन कार्यक्रम किया जाना है। जहां गांव के सबसे बुजुर्ग महादलित झंडा तोलन करेंगे। दरअसल बिहार सरकार के निर्देशानुसार, महादलित टोलों में वहां के सबसे बुजुर्ग व्यक्ति को झंडा फहराने के लिए सम्मानित किया जाता है, जो स्वतंत्रता और सम्मान के प्रतीक के रूप में होता है। मसौढ़ी बीडीओ प्रभाकर कुमार ने बताया कि पूरे मसौढी प्रखंड में 34 महादलित टोला में झंडातोलन कार्यक्रम किया जाना है। जिसमें विकास मित्र, इन टोलों में तिरंगा झंडा फहराने की व्यवस्था सुनिश्चित करते हैं। इस कार्यक्रम का उद्देश्य समाज के वंचित तबके (महादलित) को सम्मान देना, उनकी भागीदारी बढ़ाना और सरकारी योजनाओं के प्रति जागरूकता फैलाना है।पिछले कई वर्षों से, यह एक प्रथा बन गई है, जिसमें अक्सर वरिष्ठ सरकारी अधिकारी या नेता उन टोलों का दौरा करते हैं और बुजुर्गों का मनोबल बढ़ाते हैं। गौरतलब है की मसौढ़ी प्रखंड में 34 महादलित टोला, धनरूआ प्रखंड में 20 और पुनपुन प्रखंड में 14 महादलित टोलों में झंडा तोलन कार्यक्रम किया जाएगा।

# पूर्व प्रधानाध्यापक के निधन पर शोक

**बिक्रम (नबिटा संवाददाता)।** एम0एम0 कॉलेज विक्रम के पूर्व प्रधानाचार्य प्रो. (डॉ) इन्द्रजीत प्रसाद राय के आकस्मिक निधन पर शोक सभा आयोजित की गई।संप्रति प्रो. (डॉ.) राय, कॉलेज ऑफ़ कामर्स, आर्ट्स एवं साइंस, पटना के प्रधानाचार्य थे। कॉलेज प्राचार्या डॉ सुनीता राय ने कहा कि वे एक विद्वान शिक्षक, कुशल प्रशासक एवं सहृदय व्यक्तित्व के थे ।उनके निधन से सम्पूर्ण महाविद्यालय परिवार मर्माहत है। शोक सभा में डॉ0 अमरजीत राय, डॉ0 पुनीत मिश्र, डॉ0 अमरधर लाल आदि उपस्थित थे।

## पीएचसी के स्थानांतरण के बाद नगरवासियों में दिखा आक्रोश

**बिक्रम (नबिटा संवाददाता)।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बिक्रम के भवन के एक कोने में अपने इतिहास को संजोए एक सीमेंटेड बोर्ड है जिसपर लिखा है बिक्रम डिपेंसरी स्थापना काल-1912। यही है बिक्रम प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का इतिहास जिसे बाजार से हटा कर विभाग द्वारा छह किलोमीटर दतियाना गांव में शिफ्ट किया गया है।इसे लेकर कई महीने से संघर्ष समिति के संयोजक दीपक कुमार के नेतृत्व में आंदोलन जारी है। मो इब्राहिम, नगर पंचायत मुख्य वार्ड पार्षद मनीता देवी सहित, प्रखंड एवं नगर के जनप्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री से लेकर स्वास्थ्य मंत्री तक पत्राचार के माध्यम से स्थानांतरण पर रोक लगाने की मिन्नते की।इसके बावजूद शहर से दूर गांव में अवस्थित नए बिल्डिंग सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में स्थानांतरण हो चुका है। दीपक कुमार ने बताया कि 1912 में बना यह प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र आसपास के सैकड़ो गांवो के गरीब और मध्यम वर्ग के लोगों के लिए लाइफ लाइन है।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिरजू बिगहा में इमरजेंसी सेवा चालू कराने को लेकर अनिश्चितकालीन धरना

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** पुनपुन के बिरजू बीघा में बने पुनपुन समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इमरजेंसी सेवा चालू कराने की मांग को लेकर मंगलवार से एक बार फिर से अनिश्चितकालीन धरना पर स्थानीय लोग बैठ गए हैं और उन सबों की मांग है कि करोड़ों की लागत से बने हुए इस समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर अभी तक जो सुविधा मिलनी चाहिए थी नहीं मिल पा रही हैं। धरना पर बैठे पैक्स अध्यक्ष शैलेश पटेल ने बताया की सरकार की करोड़ों रुपए की राशि से बना अस्पताल अभी भी कई सुविधाओं से वंचित है और जब तक इमरजेंसी सेवा चालू नहीं होगी यह




अनिश्चितकालीन धरना जारी रहेगा। महिलाओं के लिए प्रसव सेवा भी चालू नहीं हो सका है हमारी मांग है कि इमरजेंसी सेवा चालू हो डॉक्टर नियमित रूप से यहां सेवा दें और महिलाओं के लिए प्रसव सेवा बहाल करें। बीते 27 अगस्त 2025 को भी अनिश्चितकालीन धरना दिया गया था जहां आश्वासन दिया गया था बावजूद अभी तक इमरजेंसी सेवा चालू नहीं हुई है। आपको बता दे कि बीते 6.9.2024 को केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा के वर्चुअल माध्यम से बिहार के कई अस्पतालों का शुभारंभ किया गया था, जिसमें एक पुनपुन के बिरजू बीघा स्थित बने हुए पुनपुन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भी बना था। पूरे तामझाम के साथ हुए उद्घाटन के बाद महज ओपीडी के सहारे यह अस्पताल चल रहा है, लेकिन इस ओपीडी में भी डॉक्टरों की मनमानी और लापरवाही की कारण सैकड़ो मरीजों का इलाज बेहतर ढंग से नहीं हो पा रहा है। धरना में पैक्स अध्यक्ष शैलेश पटेल, राजेश्वर प्रसाद सिंह, बिनोद कुमार कुमार सिंह अभिषेक पटेल शैलेंद्र सिंह राजेश्वर सिंह गौतम पटेल उप मुखिया विवेक कुमार, आदि शामिल रहे।

# मसौढ़ी के प्राइमरी स्कूलों में मिले आंगनबाड़ी किट

## शिक्षा को रोचक और सहज बनाने के उद्देश्य से खेल-खेल में सीखेंगे बच्चे

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** सरकारी विद्यालय को अब एक नई सौगात दी जा रही है। जहाँ बच्चों की शिक्षा को रोचक और सहज बनाने के उद्देश्य से शिक्षा विभाग द्वारा आंगनबाड़ी किट उपलब्ध कराई जा रही है।इस पहल के माध्यम से बच्चों को खेल-खेल में सीखने के अवसर मिलेंगे, जिससे उनका मानसिक, शारीरिक व सामाजिक विकास बेहतर ढंग से हो सकेगा। इस किट में चाइल्ड फ्रेंडली कुर्सी-टेबल, झूला सेट, कारपेट, दरी, चटाई, सॉफ्ट बॉल, वजन मशीन सहित अन्य शिक्षाप्रद व मनोरंजक सामग्री शामिल है। ऐसे में मसौढी के प्राथमिक विद्यालय भूसेनचक में कक्षा एक में



नव नामांकित बच्चों के लिए उपलब्ध कराई गई आंगनबाड़ी किट का उद्घाटन किया गया। इस किट के माध्यम से छोटे बच्चों को पढ़ाई के प्रति आकर्षित करेगा। बताया जाता है कि इस विद्यालय में कुल 67 बच्चे नामांकित हैं, जिनमें से प्रतिदिन लगभग 50 बच्चों की उपस्थिति रहती है। हलांकी इतने बच्चों की जिम्मेदारी केवल दो शिक्षकों के कंधों पर है। विद्यालय में वर्तमान में एक प्रभारी प्रधानाध्यापक एवं एक सहायक शिक्षक ही पदस्थापित हैं। विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक वीरेंद्र कुमार एवं विशिष्ट शिक्षक शैलेश कुमार ने कहा यह पहल नन्हें बच्चों के सर्वांगीण विकास की दिशा में मील का पत्थर साबित होगी एवं सीमित संसाधनों और शिक्षकों की कमी के बावजूद निरंतर समर्पण से बच्चों के सर्वांगीण विकास एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए प्रयासरत हैं।

# विधायक स्नेहलता ने तिलौथू प्रखंड के कई गावों का किया भ्रमण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**सासाराम/तिलौथू।** सासाराम की स्थानीय विधायक स्नेहलता कुशवाहा ने अपने विधानसभा क्षेत्र भ्रमण के दौरान मंगलवार को तिलौथू प्रखंड क्षेत्र के सुदूर इलाके के कैमूर पहाड़ी पर स्थित गोरया, भौखड़वा इत्यादि गावों का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने पहाड़ पर बसे गांव के आदिवासी समुदाय के महिलाओ से उनकी समस्याओ को सुना और जरुरतमंद एवं असहाय महिलाओ के बीच कम्बल का वितरण किया। भ्रमण के दौरान उन्होंने उक्त गावों मे सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के विकास कार्यों का भी जायजा लिया। इस सम्बन्ध मे आरएलएम जिलाध्यक्ष कपिल कुमार ने बताया कि सासाराम से पहली बार बनी महिला विधायक ने लगातार अपने विधानसभा क्षेत्र का भ्रमण कर महिलाओ के उत्थान के लिए प्रयास कर रही है ऐसे तो पुरे क्षेत्र के तेज गति से विकास के लिए अपने विधानसभा क्षेत्र का भ्रमण कर रही है और




आम लोगो के समस्याओ से रु-बरु होकर जानकारी प्राप्त कर है ताकि उन समस्याओ का समाधान कर क्षेत्र का विकास किया जा सके। उन्होंने बताया कि इस दौरान पहाड़ पर स्थित विद्यालयों का भी निरीक्षण किया गया। जहाँ पाया गया शिक्षा के क्षेत्र मे सरकार द्वारा संचालित विकास योजनाए वहा के विद्यालयों मे नहीं पहुंच पाया है जिसको लेकर विधायक स्नेहलता ने कहा कि बहुत जल्द ही ये सब समस्याओ को दूर कर यहां शिक्षा व्यवस्था मे सुधार किया जायेगा।


**पूर्व मध्य रेल**

**ऑन लाईन ई–निविदा (खुली) निविदा आमंत्रित सूचना संख्या: ईएल/50/दानापुर/खुली/44/2025–26**

मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व मध्य रेल दानापुर भारत के राष्ट्रपति की ओर से दानापुर मंडल में उन संवेदकों से जिनके पास वैध विद्युत लाईसेंस जो राज्य/केन्द्र सरकार के लाईसेंसिंग बोर्ड द्वारा जारी किया गया हो और वे निविदा पत्र में वर्णित अन्य शर्तो को पूरा करते हों उनसे निम्नलिखित कार्य हेतु **ऑन लाईन ई–निविदा** (खुली) निविदा आमंत्रित करते हैं। **निविदा संख्या : ईएल/50/दानापुर /खुली/44/2025–26 (1) कार्य का नाम :** दानापुर–बिहटा एलिवेटेड कॉरिडोर के निर्माण के लिए रेलवे संरचनाओं के स्थानांतरण हेतु आवश्यक विद्युत वायरिंग, प्रकाश व्यवस्था और अन्य विद्युत परिसंपत्तियों का प्रावधान। **(2) अनुमानित लागत :** रू० 2,68,10,600.00 **(3) अग्रधन राशि :** रू० 2,84,100/– **(4) निविदा जमा करने की तिथि एवं समय : 13.02.2026** को **12.00 ब**जे तक निर्धारित है। **(5) उपरोक्त सभी निविदा की वेबसाइट, नोटिस बोर्ड और कार्यालय :** क्रिस वेबसाइट **http://www.ireps.gov.in** वरीय मंडल बिजली इंजीनियर/सा० का कार्यालय, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय भवन, पूर्व मध्य रेल, दानापुर। **नोट :** (1) विवाद की स्थिति में अंग्रेजी नोटिस मान्य होगा। (2) यदि जरूरी हो तो शुद्धि–पत्र उपरोक्त वेबसाईट पर 15 दिन पहले तक अपलोड होगा।

**मंडल रेल प्रबंधक (विद्युत/सा०)/दानापुर**

पीआर/1653/डीएनआर/ईएलईसीटी/टी/25–26/44


# सरस्वती पूजा शांतिपूर्ण मनाने को लेकर शांति समिति की बैठक

**भभुआ (नबिटा संवाददाता)।** सरस्वती पूजा को शांतिपूर्ण, सुरक्षित और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने हेतु समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक की संयुक्त अध्यक्षता में जिला शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले के गणमान्य व्यक्ति, पूजा समितियों के प्रतिनिधि, अनुमंडल पदाधिकारी भभुआ/मोहनियां, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी भभुआ-मोहनियां एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी शामिल हुए।अनुमंडल पदाधिकारी भभुआ-मोहनियां द्वारा बताया गया कि सभी अंचलों एवं अनुमंडल में शांति समिति की बैठक हो चुकी है। संवेदनशील स्थलों को चिन्हित किया जा चुका है। दोनों अनुमंडल मिलाकर अब तक लगभग 350 पूजा समितियों को लाइसेंस निर्गत किया जा चुका है। दंडाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति हेतु स्थल का चयन किया जा चुका है। बैठक को संबोधित करते हुए जिला पदाधिकारीने स्पष्ट किया कि पूजा एवं विसर्जन के दौरान डीजे पर पूर्णतः प्रतिबंध रहेगा।

# नितिन नवीन के भाजपा का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने पर कार्यकर्ताओं मे हर्ष

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** विश्व की सबसे बड़ी पार्टी भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में एक बार फिर से बिहार को अहम जगह मिली है, जहां नितिन नवीन को राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में चुना गया है। जिसको लेकर पूरे बिहार में भाजपा कार्यकर्ताओं में खुशी का माहौल है।ऐसे में भाजपा मसौढ़ी नगर मंडल की ओर से गुलाल उड़ाकर, मिठाइयाँ बाँटकर एवं पटाखे छोड़कर सभी कार्यकर्ताओं ने हर्षोल्लास के साथ जश्न मनाया। नगर अध्यक्ष आशीष देव ने कहा यह चयन पार्टी के संगठनात्मक सामर्थ्य, कार्यकर्ताओं के विश्वास और मजबूत



नेतृत्व का प्रतीक है। राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के नेतृत्व में भाजपा और अधिक सशक्त होकर राष्ट्रसेवा के पथ पर अग्रसर होगी। इस ऐतिहासिक क्षण के लिए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ। कार्यक्रम में आशा किरण सिंह, भाजपा अध्यक्ष अजीत पांडेय, अजय कुमार, राकेश कुमार, लखन सिंह, हिमांशु राज एवं अन्य लोग उपस्थित रहे।

## नितिन नवीन के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने पर जश्न का माहौल

**बिक्रम।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में नितिन नवीन को निर्विरोध निर्वाचित होने पर बिक्रम के कार्यकर्ताओं ने बधाई दी एवं एक दूसरे को मिठाइयां बांट कर खुशी का इजहार किया। बिक्रम शहीद चौक पर मंडल अध्यक्ष अभिषेक मोंटी एवं सतीश कुमार के नेतृत्व में आम नागरिकों के बीच मिठाइयां बाटी गई।चौक पर आतिशबाजी भी की गई।

# नितिन नवीन के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने पर ननिहाल में मना जश्न

## औरंगाबाद के रमेश चौक के पास किया गया लाइव प्रसारण, जमकर उड़े अबीर-गुलाल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** नितिन नवीन को भारतीय जनता पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष निर्वाचित होने पर उनके औरंगाबाद स्थित ननिहाल में जोरदार जश्न मनाया गया। विधायक त्रिविक्रम नारायण सिंह के सौजन्य से मंगलवार को औरंगाबाद के बद्रीनाथ मार्केट के सामने लाइव प्रसारण किया गया जिसे भाजपा के सभी कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने देखा। इस अवसर पर एक-दूसरे को गुलाल लगाकर और मिठाई खिलाकर बधाई दी गई। इस अवसर पर नितिन नवीन के मामा एवं वरीय अधिवक्ता अजय कुमार संतोष भी विशेष तौर पर उपस्थित थे। भाजपा के वरीय नेता अनिल कुमार सिंह ने कहा कि आज भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं के लिए खुशी और गर्व का ऐतिहासिक दिन है। भाजपा के युवा नेता नितिन नवीन के राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में निर्वाचित होने और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा फूलों का हार पहनाकर की गयी घोषणा के साथ ही जिले भर में उत्साह और उल्लास का माहौल बन गया। उन्होंने कहा कि बिहार के लाल और औरंगाबाद के भगीना नितिन नवीन ने आज पूरे राज्य और जिले का नाम रोशन किया है। बिहार से निकलकर राष्ट्रीय स्तर तक पहुँचना हम सभी के लिए गर्व की बात है। जिस तरह हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश को आगे बढ़ाया है, उसी तरह नितिन नवीन के नेतृत्व में संगठन और देश दोनों आगे बढ़ेंगे। भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष कृष्णबल्लभ सिंह उर्फ बबुआ जी ने कहा कि आज जिस पार्टी की स्थापना को 44 वर्ष पूरे हुए हैं, उसी पार्टी ने 45 वर्ष के एक युवा को राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाया है। इससे बड़ा उदाहरण और क्या हो सकता है। औरंगाबाद के भगीना नितिन नवीन का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनना जिले के लिए सौभाग्य की बात है। उनके नेतृत्व में देश और संगठन का और अधिक विकास होगा। मौके पर जिलाध्यक्ष विजेंद्र चंद्रवंशी, पूर्व जिलाध्यक्ष अनिता सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष पुरुषोत्तम कुमार सिंह, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सुनील शर्मा, धर्मेन्द्र शर्मा, अशोक सिंह, सुमन अग्रवाल, जुलेखा खातून, अभिषेक वासु, चंदन सिंह, सुजीत सिंह, विकास बारूद, अनिल ओड़िया, विनोद चंद्रवंशी, आर्यन, दीपक कुमार सिंह आदि मौजूद रहे।





# किशोर की गला रेतकर हत्या

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिले के सलैया थाना क्षेत्र के राजा गरड़ी गांव में एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। जमीनी विवाद के चलते रिश्ते के चाचा ने अपने 11 साल के भतीजे की गला रेतकर हत्या कर दी। हत्या के बाद शव को बोरी में भरकर मदार नदी के पास झाड़ी में फेंक दिया गया। मृतक की पहचान राजा गरड़ी गांव निवासी मंटू दास के पुत्र सूरज कुमार के रूप में हुई है। पुलिस ने शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए औरंगाबाद सदर अस्पताल भेज दिया है। मामले में मृतक के पड़ोसी और रिश्ते में चाचा सोनू कुमार को गिरफ्तार किया गया है। बताया गया कि सोमवार को स्कूल से लौटने के बाद सूरज अपने घर के बाहर खेल रहा था। घर में निर्माण कार्य चलने के कारण परिजन व्यस्त थे। इसी दौरान सूरज अचानक लापता हो गया। देर शाम तक घर नहीं लौटने पर परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। खोजबीन के दौरान गांव के मुखिया ने परिजनों को बताया कि सूरज को पड़ोसी सोनू कुमार के साथ गांव के बगीचे की ओर जाते देखा गया था। जब परिजनों ने सोनू से पूछताछ की तो उसने इस बात से इनकार करते हुए कोई स्पष्ट जानकारी नहीं दी। सोनू के जवाबों से संतुष्ट न होने पर परिजनों ने सलैया थाना पुलिस को सूचना दी। पुलिस सोनू को हिरासत में लेकर थाना ले आई और उससे पूछताछ शुरू की। शुरुआती पूछताछ में वह लगातार पुलिस को गुमराह करता रहा। लगातार करीब 12 घंटे तक चली पूछताछ के बाद मंगलवार को सोनू कुमार ने अपना अपराध कबूल कर लिया। उसने स्वीकार किया कि उसने सूरज की हत्या कर शव को बोरी में भरकर झाड़ी में फेंक दिया था। आरोपी ने पुलिस को बताया कि उसके और सूरज के परिवार के बीच जमीन को लेकर पुराना विवाद चल रहा था। तीन-चार महीने पहले इसी विवाद को लेकर मारपीट भी हुई थी। उसी रंजिश के चलते उसने बदला लेने की योजना बनाई और मौके का फायदा उठाकर वारदात को अंजाम दिया। सोनू की स्वीकारोक्ति के बाद पुलिस ने उसकी निशानदेही पर गांव से करीब 500 मीटर दूर झाड़ी से बोरी में भरा सूरज का शव बरामद किया।

# पहाड़ी इलाके से दो प्रेशर आईइडी बरामद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** नक्सल गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए औरंगाबाद पुलिस, एसटीएफ एवं केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल द्वारा लगातार एंटी नक्सल अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में औरंगाबाद पुलिस की टीम, एसटीएफ लंगुराही एवं केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल टीम-47 की संयुक्त रूप से लंगुराही पहाड़ी क्षेत्रों के आस-पास छापेमारी की गई। कर्रवाई के फलस्वरूप मदनपुर थानांतर्गत लंगुराही पहाड़ी से ढाई-ढाई किलोग्राम के दो आईडी एवं 25 मीटर तार बरामद करने के बाद उसे मौके पर ही विनष्ट कर दिया गया। मदनपुर एसडीपीओ चंदन कुमार ने बताया गया कि जंगल में नक्सलियों ने दो जगहों पर प्रेशर आईईडी लगा रखा था ताकि सर्च ऑपरेशन पर निकलने वाले जवान इसकी चपेट में आ सके। नक्सलियों द्वारा लगाये गये आईईडी और बमों को विनष्ट किया गया है। नक्सली गतिविधियों पर नकेल कसने के लिए सीआरपीएफ, एसटीएफ और मदनपुर थाना व देव थाना पुलिस टीम अभियान चला रही है। एसडीपीओ ने बताया कि पुलिस बल द्वारा किये गए संयुक्त कार्रवाई से नक्सलियों का मनोबल काफी गिरा हुआ है। नक्सली गतिविधि पर अंकुश लगाये जाने हेतु लगातार छापामारी अभियान जारी है।

# इलाज के दौरान मरीज की मौत, गलत दवा देने का आरोप

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** कुटुंबा थाना क्षेत्र के कुटुंबा पूरब बाजार स्थित एक निजी क्लिनिक में मंगलवार को इलाज के दौरान एक मरीज की मौत हो गई। मृतक की पहचान गोवास गांव निवासी सरजू पासवान के 48 वर्षीय पुत्र अशोक पासवान के रूप में की गई है। मृतक के परिजनों झोलाछाप चिकित्सक द्वारा गलत दवा दिए जाने का आरोप लगाया। मरीज की मौत के बाद संचालक निजी क्लिनिक बंद कर फरार हो गया। मृतक के बड़े भाई कृष्णा पासवान ने बताया कि सोमवार को अशोक की अचानक तबीयत बिगड़ गई थी। उसे तेज बुखार था। मंगलवार की सुबह इलाज के लिए अशोक को कुटुंबा रेफरल अस्पताल के पास पहुंचाया गया, जहां से रेफर किए जाने पर पास में स्थित एक निजी क्लिनिक में भर्ती कराया गया। कृष्णा के मुताबिक, क्लिनिक में दवा दिए जाने के बाद अशोक घर लौट आया। घर पहुंचने के कुछ ही देर बाद अशोक की हालत और बिगड़ने लगी। उसकी सांस फूलने लगी और वो बेहोशी की हालत में चला गया। घबराए परिजन आनन-फानन में उसे कुटुंबा रेफरल अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने नब्ज टटोलते ही उसे मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर मिलते ही अस्पताल परिसर में परिजनों और ग्रामीणों की भारी भीड़ जुट गई। लोगों ने निजी क्लिनिक संचालक पर लापरवाही और गलत इलाज का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की। इधर, रेफरल अस्पताल में ओपीडी में तैनात डॉ. सुजीत कुमार पांडेय ने बताया कि जब अशोक को अस्पताल लाया गया था, तब उसकी सांस लेने में गंभीर दिक्कत हो रही थी। प्रारंभिक तौर पर हार्ट अटैक से मौत की आशंका जताई जा रही है। हालांकि, मौत का स्पष्ट कारण पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही सामने आएगा। घटना की सूचना मिलते ही कुटुंबा थानाध्यक्ष इमरान आलम पुलिस बल के साथ अस्पताल पहुंचे और स्थिति को संभाला। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। परिजनों ने बताया कि अशोक पासवान छत्तीसगढ़ के जिंदल प्लांट में काम करता था।

# आमजन को बेहतर नागरिक सुविधाएं उपलब्ध कराना नगर निकायों का दायित्व

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिले के सभी नगर निकायों तथा बुडको द्वारा क्रियानवित योजनाओं की प्रगति की समीक्षा हेतु समीक्षात्मक बैठक समाहरणालय के सभा कक्ष में जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में नगर क्षेत्रों के समग्र एवं सतत विकास से संबंधित विभिन्न योजनाओं की प्रगति की बिंदुवार समीक्षा की गई। इसमें विशेष रूप से समग्र विकास योजना, नल-जल योजना, हर घर पक्की नाली-गली योजना, जन संवाद/मोहल्ला संवाद की स्थिति, स्ट्रीट लाइट व्यवस्था, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, स्वच्छता, जलनिकासी व्यवस्था तथा नगरों के सौंदर्यीकरण से संबंधित कार्यों की समीक्षा की गई। जिलाधिकारी द्वारा गांधी मैदान परिसर सहित अन्य सार्वजनिक स्थलों पर संचित कूड़ा-कचरा को अविलंब हटाने तथा नियमित सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने निर्देश दिए गए। उन्होंने निर्देशित किया कि नगर क्षेत्रों में नालियों की नियमित सफाई, जलजमाव की रोकथाम एवं स्वच्छ पर्यावरण बनाए रखने हेतु विशेष अभियान चलाया जाए। स्ट्रीट लाइट व्यवस्था की समीक्षा के क्रम में जिलाधिकारी द्वारा सभी नगर निकायों को निर्देश दिया गया कि अपने-अपने क्षेत्र में स्ट्रीट लाइट का भौतिक सत्यापन कराते हुए खराब लाइटों की शीघ्र मरम्मती कराई जाए तथा आवश्यकता के अनुसार नवीन स्ट्रीट लाइट का अधिष्ठापन सुनिश्चित किया जाए, ताकि आम नागरिकों की सुरक्षा एवं सुविधा सुनिश्चित हो सके। नगर क्षेत्रों के सौंदर्यीकरण एवं अधोसंरचना सुदृढ़ीकरण के उद्देश्य से जिलाधिकारी द्वारा सभी नगर निकायों को दीर्घकालिक एवं व्यावहारिक कार्य योजना तैयार कर उसे चरणबद्ध तरीके से क्रियान्वित करने का निर्देश दिया गया। इसके अंतर्गत पार्क, चौक-चौराहे, सार्वजनिक स्थल एवं प्रमुख मार्गों के विकास पर विशेष ध्यान देने को कहा गया। बैठक के दौरान नगर परिषद औरंगाबाद एवं दाउदनगर में आयोजित जन संवाद एवं मोहल्ला संवाद के दौरान प्राप्त आवेदनों की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की गई। जिलाधिकारी द्वारा लंबित आवेदनों के शीघ्र, गुणवत्तापूर्ण एवं पारदर्शी निष्पादन हेतु संबंधित पदाधिकारियों को कड़े निर्देश दिए गए तथा यह स्पष्ट किया गया कि जन शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की शिथिलता स्वीकार्य नहीं होगी। जिलाधिकारी द्वारा सभी कार्यपालक पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया कि नगर निकायों के अंतर्गत संचालित योजनाओं का क्रियान्वयन निर्धारित समय-सीमा के भीतर गुणवत्ता मानकों के अनुरूप सुनिश्चित किया जाए। साथ ही नागरिक सुविधाओं से संबंधित कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग एवं फील्ड स्तर पर सतत निरीक्षण करने के निर्देश भी दिए गए। अंत में जिलाधिकारी ने कहा कि नगर निकायों का दायित्व केवल योजनाओं का क्रियान्वयन ही नहीं, बल्कि आमजन को बेहतर नागरिक सुविधाएं उपलब्ध कराना भी है।



# जिला उपभोक्ता अदालत ने बकाये का कराया भुगतान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिला उपभोक्ता अदालत के आदेश से एक व्यवसायी को लंबे समय से लंबित खाने का बकाया भुगतान प्राप्त हुआ है। यह मामला शहर में चर्चा का विषय बना हुआ है। मामले की जानकारी अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने दी। बताया गया कि अनिल कुमार, जो नाबार्ड रूरल मार्ट में परियोजना प्रभारी हैं, अपने जीविकोपार्जन के लिए जिला परिषद के सामने एक दुकान का संचालन करते हैं। उनकी दुकान से उत्पाद मद्य निषेध विभाग के निरीक्षक चंदन कुमार और लेखा से जुड़े नीरज कुमार द्वारा मौखिक आदेश पर विभिन्न तिथियों में कुल 19 बार अपने अधिकारियों के लिए भोजन मंगवाया गया। इस भोजन का कुल मूल्य 26 हजार 840 रुपये था। अनिल कुमार का आरोप है कि भोजन आपूर्ति के बाद लगभग एक वर्ष तक संबंधित अधिकारियों द्वारा भुगतान में लगातार टालमटोल की जाती रही, जिससे उन्हें आर्थिक और मानसिक उत्पीड़न का सामना करना पड़ा। इसके बाद अनिल कुमार ने 2 प्रतिशत मासिक ब्याज की दर से कुल 33 हजार 281 रुपये की मांग करते हुए 29 मार्च 2025 को वकालतन नोटिस भेजा, लेकिन इसके बावजूद भुगतान नहीं किया गया। न्याय और बकाया राशि की वसूली के लिए अंततः अनिल कुमार ने जिला उपभोक्ता अदालत की शरण ली। उपभोक्ता अदालत से नोटिस मिलने के बाद उत्पाद विभाग ने 26 हजार 840 रुपये का चेक जिला उपभोक्ता अदालत में जमा किया। सोमवार को जिला उपभोक्ता अदालत के सदस्य बद्री नारायण सिंह ने यह चेक पीड़ित अनिल कुमार को प्रदान किया। इस निर्णय के बाद व्यवसायियों के बीच यह मामला व्यापक चर्चा का विषय बना हुआ है और इसे उपभोक्ता अधिकारों की दिशा में एक महत्वपूर्ण उदाहरण के रूप में देखा जा रहा है।



# औरंगाबाद के श्रेयस ने थाइलैंड में मचाया धमाल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** थाईलैंड की राजधानी बैंकॉक में प्रतिष्ठित इन्वेंशन, इनोवेशन एंड टेक्नोलॉजी एक्सपोजिशन-2026 आयोजित हुई। इसमें औरंगाबाद के युवा ने कमाल किया है। वैज्ञानिक श्रेयस बी.चंद्रा ने भारत के लिए स्वर्ण पदक जीतकर न केवल जिले और राज्य का नाम रोशन किया है बल्कि देश की वैज्ञानिक प्रतिभा को वैश्विक मंच पर एक नई पहचान दिलाई है। भव्य अंतरराष्ट्रीय आयोजन में दुनिया के 20 से अधिक देशों के वैज्ञानिकों और नवाचारकर्ताओं ने भाग लिया था। श्रेयस ने अपने दो सहयोगियों के साथ मिलकर इस प्रतियोगिता में हिस्सा लिया और कड़े मुकाबले के बीच शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक के साथ-साथएनआरसीटी आउटस्टैंडिंग इंटरनेशनल इंवेंशन एंड इनोवेशन प्राइज भी अपने नाम किया। यह सम्मान विश्व स्तर पर केवल चुनिंदा देशों को ही मिलता है और कई साल के लंबे अंतराल के बाद यह उपलब्धि भारत को मिली है। श्रेयस मूल रूप से औरंगाबाद शहर के सत्येंद्र नगर निवासी हैं। उनके पिता सूर्यकांत सिन्हा शिक्षक जबकि माता निभा सिन्हा शिक्षिका हैं। शिक्षित और प्रेरणादायक पारिवारिक वातावरण में पले-बढ़े श्रेयस में बचपन से ही अनुसंधान और नवाचार के प्रति गहरी रुचि रही है। थाईलैंड में आयोजित इस एक्सपो में श्रेयस और उनकी टीम ने क्यू टेक्नोलॉजी पर आधारित एक उन्नत डाटाबेस मैनेजमेंट सिस्टम प्रस्तुत किया। इस रिसर्च और विकास परियोजना को अंतरराष्ट्रीय वैज्ञानिकों और जजों से जबरदस्त सराहना मिली। श्रेयस के माता-पिता अपनी संतान की इस उपलब्धि से बेहद आह्लादित और गर्व महसूस कर रहे हैं। उन्होंने सरकार और संबंधित संस्थाओं से अपील की है कि इस तरह की युवा प्रतिभाओं को अंतरराष्ट्रीय मंचों तक पहुंचने के लिए अधिक सहयोग और संसाधन उपलब्ध कराए जाएं ताकि भारत वैज्ञानिक नवाचार के क्षेत्र में और आगे बढ़ सके।



# पाक्सो सहित अन्य मामलों में 39 लोग गिरफ्तार

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** जिले में कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करते हुए पुलिस ने अपराध के विरुद्ध व्यापक और आक्रामक अभियान चलाया है। इस क्रम में 24 घंटे के दौरान 39 अपराधियों को गिरफ्तार किया गया। ये सभी आरोपी हत्या प्रयास, शराब जैसे अन्य अपराधों से जुड़े हैं। इस विशेष अभियान का उद्देश्य अपराधियों के पूरे नेटवर्क को तोड़ना, नशा तस्करी पर रोक लगाना और आमजन को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराना है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अम्बरीश राहुल के नेतृत्व में जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में की गई जिसमें आवश्यक कार्रवाई के उपरांत 23 अभियुक्तों को जेल भेज दिया गया। पॉक्सो एक्ट में 1, हत्या प्रयास के शीर्ष में 8, शराब कांड में 8 एवं अन्य शीर्ष कांड में 22 लोगों को गिरफ्तार किया गया है।







स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा नवबिहार टाइम्स प्रिंटिंग प्रेस, ग्रोथ सेंटर, बियाडा, जसोइया, औरंगाबाद (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**
नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com
**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865
**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269


# रोजगार मेला में 282 अभ्यर्थियों को मिला नियुक्ति पत्र

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** बिहार सरकार के युवा रोजगार एवं कौशल विकास विभाग की ओर से आज औरंगाबाद के गेट स्कूल मैदान में एकदिवसीय नियोजन सह व्यवसायिक मेला का आयोजन किया गया जिसमें कुल 26 कंपनियों ने भाग लिया। सभी कंपनियों ने अपने-अपने काउंटर स्थापित कर युवक-युवतियों का निबंधन किया और कंपनी द्वारा दी जाने वाली सुविधाओं व वेतन की जानकारी दी। मेले में कुल 1108 अभ्यर्थियों ने विभिन्न कंपनियों में आवेदन किया। इसमें अभ्यर्थियों का योग्यता संबंधी प्रमाण पत्र के जांचोपरांत 282 अभ्यर्थियों को औपबंधिक नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया। जिला नियोजन पदाधिकारी सोनू जायसवाल ने बताया कि रोजगार मेला के दौरान नियुक्ति के लिए 282 अभ्यर्थियों का चयन किया गया। इस दौरान स्वरोजगार के लिए युवाओं के बीच टूल किट और सरकारी नौकरी के लिए प्रयास कर रहे युवाओं के बीच 53 स्टडी किट का वितरण किया गया। एक ही कैंपस में कई कंपनियों की ओर से ऑफर मिलने से युवाओं का रोजगार के प्रति रुझान बढ़ेगा और उन्हें सही विकल्प चुनने का अवसर मिलेगा। उन्होंने युवाओं को केवल नौकरी तक सीमित न रहकर स्वरोजगार और उद्यमिता की ओर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

